■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 36, अंक : 3
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, शुक्रवार
30 मई 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**पत्रकारिता वह चीज है जो लोकतंत्र को जिंदा रखती है। यह प्रगतिशील सामाजिक परिवर्तन की ताकत है -एंड्रयू वाक्स**


## हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के डुमरिया घाट थाना क्षेत्र में गुरुवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। एनएच-27 पर मेवात लाइन होटल के पास शादी समारोह से लौट रही एक टेम्पू सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। इस भयानक टक्कर में एक ही परिवार के चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हैं, जिनका इलाज मोतिहारी सदर अस्पताल में चल रहा है। मृतकों की पहचान महम्मदपुर निवासी दीपक साह (30), यश राज (17), और बाड़ा गांव निवासी रितेश (15) और नितेश (10) के रूप में हुई है। सभी रिश्तेदार हैं और मोतिहारी के अवधेश चौक स्थित होटल में हुए शादी समारोह से लौट रहे थे। शादी आसनारायण शाह की बेटी की थी, जिसकी विदाई के बाद परिजन टेम्पू से अपने गांव जा रहे थे। हादसा इतना जबरदस्त था कि टेम्पू का चालक वाहन के अंदर ही फंस गया। ग्रामीणों की मदद से घायलों को फौरन अस्पताल पहुंचाया गया।

# पटना में पीएम मोदी के रोड शो में ऑपरेशन सिंदूर की गूंज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑपरेशन सिंदूर के बाद बिहार के दो दिवसीय दौरे पर हैं। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। यहां आने के बाद पीएम मोदी ने पटना में रोड शो किया और फिर पार्टी ऑफिस में भाजपा नेताओं से मिले। इसके पूर्व एयरपोर्ट से भाजपा कार्यालय तक लगभग साढ़े पांच किलोमीटर के रोड शो में 'ऑपरेशन सिंदूर' की चर्चा हर तरफ है। सड़कों पर महिलाओं और युवाओं की भारी भीड़ दिखाई दे गयी। लोगों ने डमरू और ढोल बजाकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। पीएम मोदी की गाड़ी धीरे-धीरे आगे बढ़ रही थी। बिहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में लोगों का गजब का उत्साह देखने को मिला। पीएम मोदी जिस-जिस रास्ते से होकर गुजरे, वहां दोनों तरफ लोगों की लंबी कतार लगी रही। वे 'पीएम मोदी जिंदाबाद' और 'मोदी-मोदी' के नारे




लगाते नजर आए। पीएम मोदी के रोड शो के दौरान कोई शंख बजाता नजर आया तो कोई डमरू, किसी ने दीया जलाकर पीएम मोदी का स्वागत किया। लोग अपने-अपने घरों की छत और बालकनी में खड़े नजर आए। इस दौरान पीएम मोदी भी लोगों को नमस्कार और हाथ हिलाकर अभिवादन करते नजर आए। इस बार प्रधानमंत्री पूरे रास्ते ओपन रूफ वाली गाड़ी से नहीं निकले। रेंज रोवर गाड़ी में प्रधानमंत्री निकले। पूरे रास्ते में फूलों की वर्षा हो रही थी।

## पीएम ने किया पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का उदघाटन व बिहटा के नये एयरपोर्ट का शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के दो दिवसीय दौरे पर गुरूवार को शाम करीब 4 बजे पटना एयरपोर्ट पहुंचे। पटना एयरपोर्ट पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, दोनों उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा एवं सम्राट चौधरी समेत बिहार के कई मंत्रियों ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इसके बाद शाम 5 बजे पीएम मोदी ने पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। इसके साथ ही बिहटा में बन रहे एयरपोर्ट में यात्री टर्मिनल भवन का भी शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री का यह ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहला बिहार दौरा है। बिहटा एयरपोर्ट का



निर्माण कुल 116 एकड़ में होना है जिसकी लागत लगभग 1400 करोड़ के आसपास बताई जा रही है। इसमें टर्मिनल, रनवे और कई अन्य भवनों का निर्माण शामिल है। इसका निर्माण कार्य रूस की कंपनी के द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के बाद पीएम मोदी एयरपोर्ट से भाजपा कार्यालय तक रोड शो के लिए निकले। पीएम मोदी के आगमन को लेकर (शेष पृष्ठ 8 पर)

## आज हड़ताल समाप्त करने वाले राजस्व कर्मियों की सेवा होगी नियमित : सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के हड़ताली राजस्व कर्मियों के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने अंतिम अवसर की घोषणा की है। विभाग के सचिव जय सिंह ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि जो भी राजस्व कर्मचारी आज 30 मई को शाम 5 बजे तक हड़ताल समाप्त कर अपने कार्यस्थल पर योगदान देंगे, उन्हें हड़ताल की अवधि के लिए उपार्जित अवकाश की स्वीकृति दी जाएगी और उनकी सेवा को नियमित माना जाएगा। सचिव ने स्पष्ट किया है कि 30 मई की समयसीमा के बाद योगदान करने वाले कर्मचारियों को नो वर्क, नो पे के सिद्धांत पर वेतन का भुगतान किया जाएगा और उनकी सेवा नियमित करने पर विभाग बाद में निर्णय लेगा। इससे पहले विभाग ने 21 मई 2025 को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर समाचार पत्रों और सोशल मीडिया के माध्यम से सभी हड़ताली राजस्व कर्मचारियों को निर्देश दिया था कि वे तीन दिनों के भीतर कार्य पर लौटें। इस निर्देश के बाद कई कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त कर अपने पदस्थापन स्थल पर योगदान दे दिया है। विभाग ने अब भी हड़ताल पर बने कर्मचारियों के लिए चेतावनी जारी की है। उनके लिए यह अंतिम अवसर है कि वे 30 मई की निर्धारित समयसीमा तक वापस लौटें, अन्यथा उन्हें न केवल वेतन से वंचित होना पड़ेगा बल्कि उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई भी आरंभ कर दी जाएगी। इसके अलावा यदि उन्होंने विभागीय लैपटॉप अब तक कार्यालय में वापस नहीं किया है तो उनके खिलाफ लोक मांग वसूली अधिनियम के तहत भी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रधानमंत्री आज नबीनगर एसटीपीएस स्टेज-2 का करेंगे शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/औरंगाबाद।** बिहार और पूर्वी भारत में बिजली आपूर्ति को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज 30 मई को बिहार के औरंगाबाद जिले में 29,948 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनने वाले एनटीपीसी नबीनगर एसटीपीपी, स्टेज-2 (3x800 मेगावॉट) का शिलान्यास करेंगे। एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक सुदीप नाग ने बताया कि यह परियोजना अत्याधुनिक अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल टेक्नोलॉजी पर आधारित है, जो विद्युत उत्पादन में सर्वाधिक एफिशिएंसी प्रदान करती है। एनटीपीसी द्वारा जल संरक्षण के क्षेत्र में प्रतिबद्धता के तहत नबीनगर स्टेज-2 संयंत्रों में ड्राई बॉटम ऐश हैंडलिंग सिस्टम और एयर कूल्ड कंडेनसर स्थापित किया



जाएगा। इससे विद्युत उत्पादन के लिए उपयोग में आने वाले शुद्ध जल की खपत में काफी कमी आएगी। इसके अलावा इस परियोजना द्वारा बिहार के साथ-साथ राजस्थान, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और पंजाब जैसे राज्यों को भी किफायती और विश्वसनीय बिजली की आपूर्ति होगी। इस परियोजना के आने से स्थानीय समुदायों, व्यवसायों और उद्योगों में बढ़ती ऊर्जा की जरूरतें पूरी हो सकेंगी जिससे क्षेत्र के आर्थिक विकास में मदद मिलेगी। साथ ही, इस परियोजना से देश को ऊर्जा सुरक्षा और किफायती ऊर्जा के दोहरे उद्देश्य को पूरा करने में भी मदद मिलेगी। उप महाप्रबंधक (नैगम संचार) विश्वनाथ चंदन ने बताया कि एनटीपीसी लिमिटेड भारत की (शेष पृष्ठ 8 पर)

## देश की दूसरा सबसे बड़ा बिजली संयंत्र होगा नवीनगर एनएसटीपीएस : सुशील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार का औरंगाबाद देश का एकमात्र ऐसा जिला है जहां दो-दो बिजली प्लांट स्थापित हैं। यहीं पर बन रहे देश के दूसरे सबसे बड़े बिजली संयंत्र की आधारशिला कल प्रधानमंत्री रखेंगे। बिहार और देश की बिजली जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से औरंगाबाद के बारून और नबीनगर प्रखंड की सीमा पर स्थापित एनटीपीसी लिमिटेड की नबीनगर सुपर थर्मल पावर परियोजना का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के विस्तार के बाद इसकी वर्तमान उत्पादन क्षमता 1980 मेगावाट से बढ़कर



4380 मेगावाट हो जाएगी और यह देश की सबसे बड़ी बिजली परियोजनाओं में एक होगी। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं औरंगाबाद (शेष पृष्ठ 8 पर)

## सीएम नीतीश ने किया विकास परियोजनाओं का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने जेपी गंगा पथ पर चल रहे सौंदर्यीकरण और हरियाली के काम को देखा। यहां पेड़-पौधे लगाए जा रहे हैं और इलाके को सुंदर बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेपी गंगा पथ एक अनोखी परियोजना है और इसका सौंदर्यीकरण बेहतर तरीके से होना चाहिए। उन्होंने सड़क सुरक्षा और सुगम यातायात पर भी जोर दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री गायघाट पहुंचे, जहां जेपी गंगा पथ से नदी की ओर एक नया डाउन रैंप बनाया जा रहा है। इस रैंप से वाहन सीधे नीचे उतर सकेंगे, जिससे यू-टर्न लेने की जरूरत खत्म हो जाएगी और आवागमन और भी आसान और सुरक्षित होगा। मुख्यमंत्री ने रैंप का काम तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि जेपी गंगा पथ को महात्मा गांधी



सेतु और पास में बन रहे नए फोरलेन पुल से जोड़ा जाए ताकि लोगों को और बेहतर सुविधा मिल सके। अंत में मुख्यमंत्री ने कच्ची दरगाह-बिदुपुर के बीच बन रहे 6 लेन पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस पुल का काम जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने बताया कि जेपी गंगा पथ दीदारगंज तक बनकर तैयार है, और अब इस पुल से इसे सीधा जोड़ा जाएगा। इससे उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच सफर आसान होगा और पटना शहर में लगने वाले जाम से भी राहत मिलेगी। खासकर पटना के पूर्वी इलाकों में रहने वालों को इसका बड़ा फायदा होगा। निरीक्षण के समय मुख्यमंत्री के साथ उनके प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, सचिव अनुपम कुमार, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप पुदुकल कट्टी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और अभियंता मौजूद थे।

## अपहरण के 108 घंटे बाद हम नेता का शव बरामद

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के संदलपुर वार्ड चार निवासी इंद्रदेव साह के पुत्र 32 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार उर्फ विकास की सशस्त्र अपराधियों ने अगवा कर हत्या कर दी। वे हम पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष और नवगठित 20 सूत्री सदस्य भी थे। अपहरण के 108 घंटे बाद गुरुवार की सुबह उनका क्षत-विक्षत शव मुंगेर जिला की सीमा में गंगा नदी के मध्य सीता चरण मंदिर के समीप बालू में दबे अवस्था में बरामद किया गया। स्वजनों द्वारा पहचान किए जाने के बाद मुंगेर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मुंगेर सदर अस्पताल भेज दिया। अपहरण व हत्या मामले में अब तक अपहर्ताओं की गिरफ्तारी नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश है। बताते चलें कि शनिवार की देर शाम एक दर्जन सशस्त्र अपराधियों ने मारपीट करते हुए उन्हें ज्ञानटोल गांव होते हुए दियारा ले गए थे। इस मामले में 11 लोगों को नामजद किया गया है।

## चुनावी प्रक्रिया को सुदृढ़ करने के लिए शुरू की कई पहलें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारतीय निर्वाचन आयोग ने पिछले 100 दिनों में मतदाता अनुभव को बेहतर बनाने और चुनाव प्रबंधन को अधिक सुगम व प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से 21 अहम पहलें शुरू की हैं। ये पहलें प्रक्रियात्मक सुधार, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और विभिन्न हितधारकों के साथ सक्रिय जुड़ाव को समाहित करती हैं। ये प्रगति उस दिशा में एक मजबूत कदम है जिसकी रूपरेखा 26वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कार्यभार संभालने के साथ तैयार की गई थी। मार्च 2025 में आयोजित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के सम्मेलन में ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में आयोग की नई दृष्टि प्रस्तुत की। मतदान केंद्रों पर अधिकतम मतदाताओं की संख्या को 1500 से घटाकर 1200 किया गया है। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों जैसे हाईराइज़



बिल्डिंग्स और कॉलोनियों में अतिरिक्त मतदान केंद्र बनाए जाएंगे ताकि कोई भी मतदाता 2 किमी से अधिक दूरी तय न करे। मतदाता सूचना पर्चियों को अब और स्पष्ट बनाया गया है। मतदान केंद्रों पर मोबाइल जमा सुविधा की व्यवस्था की जा रही है। उम्मीदवारों द्वारा लगाए जाने वाले बूथ अब मतदान केंद्र परिसर से 100 मीटर की दूरी पर स्थापित किए जा सकेंगे, जो पहले 200 मीटर थी। आयोग ने इसीनेट नामक एक एकीकृत डैशबोर्ड विकसित किया है जो 40 से अधिक मौजूदा ऐप्स और वेबसाइट्स को एक स्थान पर समाहित करता है। इसका उपयोग आगामी उपचुनावों में आरंभ होगा और बिहार विधानसभा चुनाव तक पूर्ण रूप से लागू हो जाएगा। मृत मतदाताओं के नाम हटाने के लिए रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया से प्राप्त मृत्यु पंजीकरण डेटा को सीधे एकीकृत किया जाएगा, जिसे क्षेत्रीय सत्यापन के पश्चात अपडेट किया जाएगा। आयोग ने देशभर में 4,719 बैठकों के माध्यम से 28,000 से अधिक राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से संवाद किया है। नई दिल्ली में भी मान्यता प्राप्त दलों के साथ उच्च स्तरीय बैठकें आयोजित की गई हैं और यह प्रक्रिया उपचुनावों के बाद भी जारी रहेगी। भारत लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन संस्थान में अब तक 3,500 से अधिक पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया (शेष पृष्ठ 8 पर)

## 61 शिक्षकों को मिला 'टीचर ऑफ द मंथ' का पुरस्कार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और स्कूल स्तर पर कार्यरत शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग द्वारा 'टीचर ऑफ द मंथ' योजना चलाई जा रही है। इस क्रम में अप्रैल माह के लिए राज्यभर से 61 उत्कृष्ट शिक्षकों का चयन कर उन्हें सम्मानित किया गया है। अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ की अनुशंसा पर चयनित इन शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन शिक्षकों को दिया गया है, जिन्होंने अपने विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने, नवाचार अपनाने और विद्यार्थियों के हित में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। शिक्षा विभाग द्वारा जारी सूची के अनुसार वैशाली जिले के जनदाहा प्रखंड स्थित नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, चक्काजायब के शिक्षक मोहम्मद अजहर को 'टीचर ऑफ द मंथ' चुना गया है। इसी तरह सुपौल जिले के जगतपुर मध्य विद्यालय की शिक्षिका दीप शिखा, छातापुर प्रखंड के केवला प्राथमिक विद्यालय के नरेश कुमार निराला, सीतामढ़ी जिले के पुपरी प्रखंड के परसौनी मध्य विद्यालय की शिक्षिका अनुराधा कुमारी और समस्तीपुर के पूसा प्रखंड स्थित दिघरा उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक मुकेश कुमार 'मृदुल' को भी अप्रैल माह के लिए यह सम्मान प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त समस्तीपुर के हसनपुर प्रखंड स्थित कन्या प्राथमिक विद्यालय, मालदह के शिक्षक बैद्यनाथ रजक, पूर्णिया जिले के मंझेलीहाट मध्य विद्यालय के शिक्षक बिरजू कुमार, कसवा प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय, ठाकुरबाड़ी मुसहरी टोला की शिक्षिका उषा कुमारी आदि को भी इस सम्मान से नवाजा गया है।

## इफको ने नैनो उर्वरकों की बिक्री में दर्ज की 47% की वृद्धि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विश्व की नंबर 1 सहकारी संस्था, इफको ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कर पूर्व लाभ के रूप में 3,811 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया, साथ ही नैनो उर्वरकों की बिक्री में 47 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इस वित्त वर्ष (2024-2025) में नैनो उर्वरकों की 365.09 लाख बोतलें बेची गईं, जबकि पिछले वित्त वर्ष (2023-2024) में 248.95 लाख बोतलें बेची गई थीं। वित्त वर्ष 24-25 के दौरान इफको ने 41,244 करोड़ रुपये का कारोबार दर्ज किया। इफको के अध्यक्ष दिलीप संघानी ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि यह देश के पूरे सहकारी क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि इफको के शानदार विकास के आंकड़े 'सहकार से समृद्धि' के सपने को साकार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि समिति ने लगातार तीन



वित्तीय वर्षों में 3000 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि पिछले 23 लगातार वर्षों से इफको ने अपने सदस्यों को चुकता शेयर पूंजी पर 20 प्रतिशत लाभांश देकर पुरस्कृत किया है जो न्यायसंगत और सतत विकास के प्रति इसके समर्पण और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्रालय के समर्थन से नैनो-उर्वरक समिति के लिए प्रमुख फोकस क्षेत्र रहा है, व्यापक जागरूकता अभियान और अनुसंधान ने किसानों के बीच उत्पादों की स्वीकृति बढ़ाने में समिति की मदद की है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान बेची गई 365 लाख बोतलों में से 268 लाख बोतलें इफको नैनो यूरिया प्लस (लिक्विड) और 97 लाख बोतलें इफको नैनो डीएपी (लिक्विड) की बेची गईं। वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में इफको नैनो यूरिया प्लस (लिक्विड) की बिक्री 31 प्रतिशत और इफको नैनो डीएपी (लिक्विड) की बिक्री 118 प्रतिशत अधिक है। यह बिक्री मात्रा 12 लाख मीट्रिक टन पारंपरिक यूरिया और 4.85 मीट्रिक टन पारंपरिक डीएपी के बराबर है। इफको के डब्ल्यूएसएफ/ स्पेशलिटी फर्टिलाइजर्स/ सागरिका ग्रेन्युल फर्टिलाइजर ने 1.92 लाख मीट्रिक टन की बिक्री हासिल (शेष पृष्ठ 8 पर)

## बिहार अल्पसंख्यक आयोग का गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से दो दिवसीय बिहार दौरे पर हैं। पटना और रोहतास में उनका कार्यक्रम है। पीएम के पटना आगमन से ठीक पहले पहले नीतीश सरकार ने राज्य अल्पसंख्यक आयोग का गठन कर दियाा है। जदयू के गुलाम रसूल बलियावी को अध्यक्ष बनाया गया है जबकि लखविंदर सिंह और मौलाना उमर नूरानी को उपाध्यक्ष के साथ आठ सदस्यों की भी नियुक्ति की गई है। बिहार अल्पसंख्यक आयोग के सदस्यों में मुकेश कुमार जैन, अफरोजा खातून, अशरफ अली अंसारी, मोहम्मद शमशाद आलम, तूफ़ैल अहमद खान कादरी, शिशिर कुमार दास, राजेश कुमार जैन और अजफर शमशी को जगह दी गई है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की ओर से जारी अधिसूचना में बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों के रूप में मनोनीत सदस्यों का कार्यकाल प्रभार ग्रहण की तिथि से अगले 3 वर्षों के लिए होगा। जो जानकारी मिल रही है, उसके मुताबिक सवर्ण आयोग का भी गठन सरकार की ओर से किया गया है। अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष पद पर गुलाम रसूल बलियावी का नाम चौंकाने वाला है, क्योंकि वक्फ संशोधन विधायक के बाद बलियावी नाराज चल रहे थे और उन्हें खुश करने की कोशिश नीतीश कुमार की तरफ से की गई है। इसके साथ ही चुनावी साल में अल्पसंख्यकों को लुभाने की भी कोशिश की गई है।

C M Y K

# प्रधानमंत्री आज बिहार को देंगे कई रेलवे परियोजनाओं की सौगात

## उद्घाटित होनेवाली परियोजनाओं में औरंगाबाद भी शामिल, दो रेल परियोजनाएं राष्ट्र को करेंगे समर्पित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 30 मई को बिहार दौरे के क्रम में राजधानी पटना समेत बिहार को रेलवे क्षेत्र में तीन बड़ी सौगातें मिलने वाली हैं। प्रधानमंत्री वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पटना स्थित हार्डिंग पार्क टर्मिनल प्लेटफॉर्म का शिलान्यास करेंगे साथ ही सोन नगर से मोहम्मदगंज तक तीसरी रेल लाइन तथा सासाराम से अनुग्रह नारायण रोड के बीच ऑटोमेटिक सिगनलिंग प्रणाली को राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

**पटना को मिलेगा नया टर्मिनल स्टेशन**

हार्डिंग पार्क में प्रस्तावित टर्मिनल स्टेशन के अंतर्गत पांच प्लेटफॉर्म विकसित किए जाएंगे। लगभग 95 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह नया टर्मिनल स्टेशन पटना जंक्शन पर ट्रेनों की भीड़ को कम करेगा और संचालन क्षमता को बढ़ाएगा। इससे ट्रेन शेड्यूलिंग और टर्नअराउंड समय में सुधार आएगा, परिचालन में दक्षता बढ़ेगी। नवीन टर्मिनल पर यात्रियों को हवाई अड्डे जैसी आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। स्टेशन से बाहर निकलते ही सीधा सड़क मार्ग से जुड़ाव होगा जिससे शहर की यातायात व्यवस्था पर दबाव कम होगा। यहां से भविष्य में मेल व एक्सप्रेस गाड़ियों का परिचालन भी किया जा सकेगा। सभी प्लेटफार्म अंडरग्राउंड रास्तों से आपस में जुड़े होंगे। यह टर्मिनल निर्माणाधीन मेट्रो, सड़क मार्ग और मल्टी मॉडल हब से सीधे जुड़कर पटना में यातायात की नई परिभाषा तय करेगा। साथ ही इससे रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

**सोन नगर से मोहम्मदगंज तक तीसरी रेल लाइन का उद्घाटन**

सोन नगर और मोहम्मदगंज के बीच तीसरी रेल लाइन के राष्ट्र को समर्पण से इस मार्ग की संचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। यह खंड विशेष रूप से अंकोरा और नबीनगर के बिजली संयंत्रों के लिए कोयले की तेज और सुगम आपूर्ति में मददगार सिद्ध होगा। इससे यात्रा समय में भी कमी आएगी। यह मार्ग समर्पित मालवहन गलियारे (डीएफसी) के फीडर रूट के रूप में कार्य करता है और बगहा बिशुनपुर यार्ड से जुड़ाव देता है जिससे लौह अयस्क, कोयला, उर्वरक, सीमेंट और चीनी जैसे माल के परिवहन को बढ़ावा मिला है। तीसरी रेल लाइन भारी मालगाड़ियों के संचालन को भी सक्षम बनाएगी और अतिरिक्त यात्री व मालगाड़ियों के सुचारू परिचालन की राह खोलेगी। इससे आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी।

**सासाराम से अनुग्रह नारायण रोड के बीच ऑटोमेटिक सिगनलिंग**

नई दिल्ली-हावड़ा मुख्य मार्ग पर सिगनल प्रणाली को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सासाराम से अनुग्रह नारायण रोड तक 25 किलोमीटर की दूरी में ऑटोमेटिक सिगनलिंग की सुविधा शुरू की गई है। 43 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस प्रणाली के जरिए इस व्यस्त मार्ग पर गाड़ियों की गति में वृद्धि होगी और यात्रा समय घटेगा। इस नई प्रणाली से मौजूदा रेललाइन पर अधिक संख्या में ट्रेनों का संचालन संभव होगा जिससे यात्रियों को और अधिक रेल विकल्प मिलेंगे और परिचालन प्रणाली और अधिक दक्ष बनेगी। रेलवे की इन परियोजनाओं से न केवल यात्री सुविधा बढ़ेगी बल्कि बिहार की अधोसंरचना और आर्थिक विकास को भी नया आधार मिलेगा।

# उप मुख्यमंत्री ने किया 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' की शुरूआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** उपमुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा कृषि भवन, पटना में 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' का राज्य स्तर पर शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि सचिव संजय कुमार अग्रवाल द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन हमारे कृषि इतिहास में एक नई शुरुआत का प्रतीक है। 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' केवल एक योजना नहीं, बल्कि किसानों की आत्मनिर्भरता और गौरव का प्रतीक है। अब किसान केवल ग्रामीण नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माता हैं। गांवों की समृद्धि ही देश के विकास का आधार बनेगी। यह पहल किसानों को सशक्त बनाकर 'विकसित भारत' के निर्माण की यात्रा को गति देगी। यह स्वावलंबी किसान और समृद्ध भारत का संकल्प है। गांव के अंतिम पंक्ति तक के किसानों से सीधा संवाद स्थापित किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य गांव के अंतिम पंक्ति तक के किसानों से सीधा संवाद स्थापित करना है। शारदीय (खरीफ) फसलों की पैदावार बढ़ाने के उद्देश्य से कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और राज्य में कृषि विभाग द्वारा 29 मई से 12 जून 2025 तक 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' चलाएंगे। इस अभियान के तहत किसानों को नई कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं एवं अनुदानों की जानकारी दी जाएगी साथ ही उनके सुझाव और नवाचारों का दस्तावेजीकरण किया जाएगा। श्री सिन्हा ने कहा कि इन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए सरकार ने छह सूत्री रणनीति तैयार की है। उत्पादन बढ़ाना, उत्पादन लागत कम करना, उपज के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित करना, प्राकृतिक आपदाओं के कारण होने वाले नुकसान की भरपाई करना, मूल्य संवर्धन और खाद्य प्रसंस्करण के साथ फसल विविधिकरण को बढ़ावा देना और प्राकृतिक और जैविक खेती को प्रोत्साहित करना। यह अभियान किसानों को नई तकनीकों और जानकारी से जोड़कर उनकी पैदावार बढ़ाने और मेहनत का बेहतर फल दिलाने का प्रयास करेगा।

# कांग्रेस ने इतिहास को कलंकित किया : रणबीर नंदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राहुल गांधी पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधान पार्षद ने करारा प्रहार किया है। प्रो. नंदन ने कहा कि पिछले दिनों राहुल गांधी ने अपने प्रवक्ताओं को यह कहकर बरगलाने की कोशिश की है कि भाजपा के नेताओं के पास तथ्य की कमी है जबकि वास्तविक स्थिति यह है कि राहुल गांधी स्तरहीन और अल्पज्ञानी हैं जो व्यक्ति खुद बार-बार देश के इतिहास, संविधान और राष्ट्रीय अस्मिता की गलत व्याख्या करता रहा हो, उसे दूसरों की ज्ञान पर टिप्पणी करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास झूठ, भ्रष्टाचार और परिवारवाद से भरा है जबकि भाजपा राष्ट्र निर्माण में जुटी है। रणबीर नंदन ने ऐतिहासिक तथ्य उठाते हुए कहा कि राहुल गांधी को शायद यह भी याद नहीं कि खुद उनके परदादा जवाहरलाल नेहरू और तत्कालीन कांग्रेस नेताओं ने स्वतंत्रता संग्राम के बाद कांग्रेस के नाम को हटाने का विचार इसलिए किया था क्योंकि उन्हें डर था कि अगर यह राजनीतिक पार्टी बनी रही तो इसके ऐतिहासिक योगदान पर दाग लगेंगे। आज वही दाग कांग्रेस के भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और सत्ता-लोलुपता ने स्थायी कर दिए हैं और इस गिरावट के प्रतीक खुद राहुल गांधी हैं। प्रो. नंदन ने कहा कि कांग्रेस आज एक ऐसी संस्था बन चुकी है जिसे इतिहास से नफरत है और भविष्य से डर।

# बिहार सरकार ने किया राज्य अल्पसंख्यक आयोग का गठन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार ने राज्य अल्पसंख्यक आयोग का गठन कर दिया है। इसमें एक अध्यक्ष और 10 सदस्य बनाए गए हैं। जदयू में नाराज चल रहे नेता गुलाम रसूल बलियावी को आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है जबकि लखविंदर सिंह और मौलाना उमर नूरानी को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। इस संबंध में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की तरफ से अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके अनुसार मुकेश कुमार जैन, अफरोज खातून, अशरफ अली अंसारी, शमशाद आलम, तुफैल अहमद खान, शिशिर कुमार दास, राजेश कुमार जैन, अजफर शम्सी को बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग का सदस्य बनाया गया है। मालूम हो कि गुलाम रसूल बलियावी इन दिनों जदयू से नाराज चल रहे थे। ऐसे में कहा जा रहा है कि उनकी नाराजगी को खत्म करने के लिए नीतीश सरकार ने इन्हें पद से नवाज दिया है।

# केंद्रीय भूमि जल बोर्ड में प्लास्टिक और पक्षी विषय पर कार्यशाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** केंद्रीय भूमि जल बोर्ड मध्य पूर्वी क्षेत्र पटना में क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन शुक्ला की अध्यक्षता में मिशन लाइफ के तहत विभागीय एक्शन प्लान के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम के अवसर पर एक प्लास्टिक और पक्षियों विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस वर्ष का थीम वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करना। इस विषय पर कार्यशाला में चर्चा की गई और अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जागरूक किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर वीकेएसयू आरा के भूगोल विभाग के शोधार्थी तथा एनवायरनमेंट वॉरियर्स के निदेशक निशांत रंजन ने बताया कि प्लास्टिक से मानव के साथ-साथ पशु-पक्षियों पर भी व्यापक दुष्प्रभाव पर रहा है। इसके समाधान के लिए हम सब को साझा प्रयास करने की जरूरत है। इसके अलावे उन्होंने गौरैया संरक्षण तथा वृक्षारोपण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी अत्यंत जानकारीपूर्ण एवं प्रेरणादायक प्रस्तुत दी। क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन शुक्ला ने प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग से होने वाली पर्यावरणीय दुष्प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए इसके विकल्पों को अपनाने की आवश्यकता पर बोल दिया। साथ ही गौरैया जैसे पक्षियों के संरक्षण हेतु सामुदायिक भागीदारी की महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने टीम एनवायरमेंट वॉरियर्स से अनुरोध किया कि वह एक ऐसी मुहिम की शुरुआत करें जिसमें प्लास्टिक थैली के बदले कपड़े या जुट के थैले को वितरण किया जाए। इस कार्य में वह अपने स्तर पर भी मदद करने का प्रयास करेंगे।

# पीएम मोदी के बिहार दौरे को लेकर महागठबंधन के नेताओं ने उठाए सवाल

## बिहार की तरक्की के बिना देश की समग्र तरक्की की कल्पना करना बेमानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुरूवार को पटना पहुंचने से पहले ही सूबे की सियासत गरमा गई। महागठबंधन के नेताओं ने राजद के प्रदेश कार्यालय में संयुक्त प्रेस वार्ता आयोजित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे को लेकर कई तीखे सवाल उठाए। राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद मनोज झा ने प्रधानमंत्री की बिहार यात्रा को चुनावी रणनीति का हिस्सा बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का आना-जाना अब आम बात होगी, लेकिन उन्हें बिहार की जमीनी हकीकत पर भी जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार की तरक्की के बिना देश की समग्र तरक्की की कल्पना करना बेमानी है। मनोज झा ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि बिहार को 'हम' की भावना से देखा जाए, न कि 'मैं' के दृष्टिकोण से। उन्होंने कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा कोई खैरात नहीं, बल्कि विकास की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि जब तेजस्वी यादव उपमुख्यमंत्री थे, तब 65 फीसदी आरक्षण लागू किया गया था, लेकिन उसे अब तक नौवीं अनुसूची में शामिल नहीं किया गया। जातिगत जनगणना पर केंद्र सरकार की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए मनोज झा ने कहा कि जातीय जनगणना के लिए भी घोषणा हुई, लेकिन अमल नहीं हुआ। उन्होंने प्रधानमंत्री को याद दिलाया कि बिहार को किसी राज्य से ईर्ष्या नहीं, बल्कि आर्थिक पीड़ा और विकास की जरूरत है। प्रधानमंत्री के पटना में रोड शो को लेकर मनोज झा ने कहा कि प्रधानमंत्री जब रोड शो करेंगे तो उस सड़क से गुजरें जहां दिनदहाड़े गोलियां चली थीं। सोचिएगा, बिहार को कौन चला रहा है? वहीं कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राजेश राठौड़ ने भी केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि नीति आयोग की हालिया बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अनुपस्थिति दुर्भाग्यपूर्ण रही। उन्होंने कहा कि बिहार में 21 ऐसे विभाग हैं जो केंद्र सरकार के अधीन हैं, लेकिन उनका काम अधूरा पड़ा है। मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री से मिलकर बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलवाने या कम से कम विशेष पैकेज की मांग करनी चाहिए। राठौड़ ने यह भी कहा कि जब प्रधानमंत्री पिछली बार बिहार आए थे तो उन्होंने कई घोषणाएं की थीं लेकिन उनमें से कितनी पूरी हुईं, यह जनता जानना चाहती है। उन्होंने राज्य में बढ़ते अपराध और दलितों पर हो रहे अत्याचार का मुद्दा भी उठाया। प्रेस वार्ता के अंत में शहीदों से जुड़े सावल पर मनोज झा ने कहा कि 'शहादत पर सियासत नहीं होनी चाहिए। बिहार के हर जिले से शहीदों के पार्थिव शरीर आ रहे हैं, उनके परिवारों के खालीपन को कौन भरेगा?'

# गोली लगने से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के गयाजी जिले के रहने वाले एक युवक की झारखंड के चतरा में गोली लगने से मौत हो गई। वह गांव से अपने दोस्त की बारात में चतरा गया था। बताया जा रहा है कि वहां पर फायरिंग होने से उसे गोली लग गई। मामला बुधवार रात का बताया जा रहा है। मृतक की पहचान इमामगंज थाना क्षेत्र के बरडीह गांव निवासी 19 वर्षीय अभिषेक कुमार के रूप में हुई है। उसकी गर्दन और बाएं हाथ में गोली लगी। बताया जा रहा है कि इमामगंज के बरडीह गांव सेचतरा के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के कोचवां गांव में बुधवार को बारात गई थी। रात में जब बारात दरवाजे पर लग रही थी, तभी गोली चल गई। गोली लगने से अभिषेक कुमार की मौत हो गई। इसके बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और दो लोगों को गिरफ्तार किया, उनके कब्जे से एक पिस्टल भी जब्त की गई है।

# पीएम के तौर पर मोदी की बिहार यात्रा का अर्धशतक विकास को रहा है समर्पित : संतोष सुमन

## मोदी की सौगात से विकसित भारत की सहयात्री बनेगा बिहार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा है कि प्रधानमंत्री के तौर पर नरेन्द्र मोदी की बिहार यात्रा का आज पूरा हुआ अर्धशतक विकास को समर्पित रहा है। बिहार का विकास प्रधानमंत्री की प्राथमिकता में रही है। बिहार की अपनी हर यात्रा में उन्होंने यहां के विकास की चिंता की है। इस बार प्रधानमंत्री द्वारा पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का लोकार्पण और बिहटा एयरपोर्ट के शिलान्यास से निसंदेह बिहार के विकास को एक नई उड़ान मिलेगी। श्री सुमन ने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार कोई प्रधानमंत्री बिहार के 50 दौरे पूरा किया है। यह केवल उनके बिहार आगमन का अर्धशतक नहीं, बिहार के विकास के लिए उनके समर्पण और संकल्प का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बिहार की 50 हजार करोड़ से अधिक की विकास योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास से न केवल बिहार के विकास को गति मिलेगी, बल्कि विकसित भारत @ 2047 के संकल्प को पूरा करने का बल भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल के उद्घाटन के बाद यह तय हो गया है कि वह दिन दूर नहीं जब पटना से सीधे पेरिस की उड़ान भरी जा सकेंगी। पीएम ठीक ही कहते है कि उनके मन में बिहार बसता है।

# सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने आधुनिक अस्पताल के डिजाइन एवं निर्माण के लिए टडेम हेल्थकेयर के साथ की साझेदारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भारत के पहले सौ प्रतिशत एफडीआई टर्शरी केयर अस्पताल, सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने नॉर्थ बेंगलुरु में अत्याधुनिक अस्पताल के डिजाइन और निर्माण के लिए प्रीमियम हेल्थकेयर ईपीसी कंपनी टडेम हेल्थकेयर के साथ साझेदारी की है। 6.8 लाख वर्ग फीट में फैले 500 बेड्स के इस अस्पताल का निर्माण अपने तरह का अनूठा ग्रीन बायोफिलिक अस्पताल होगा जिसमें गार्डन लाउंज, ग्रीन बालकनी, अराइवल कैनोपी और आकर्षक लेक व्यू होंगे, जो मरीजों को प्राकृतिक माहौल में उपचार का अनूठा अनुभव प्रदान करेंगे। उम्मीद है कि निर्माण पूरा होने के बाद अस्पताल का संचालन 30 महीनों में शुरू हो जाएगा। युइची नागानो, मैनेजिंग डायरेक्टर, सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने कहा कि इस विस्तृत अस्पताल के निर्माण के लिए टडेम हेल्थकेयर के साथ साझेदारी करते हुए हमें बेहद गर्व महसूस हो रहा है। यह साझेदारी जापानी सटीकता एवं टडेम हेल्थकेयर की विशेषज्ञता के साथ चिकित्सकीय उत्कृष्टता एवं मरीज की देखभाल में नए मानक स्थापित करेगी। आलोक शर्मा, सह-संस्थापक एवं निदेशक, टडेम हेल्थकेयर ने कहा कि टीम का मानना है कि स्वास्थ्य सुविधाएं ऐसी होनी चाहिए जो केवल फंक्शनलिटी तक सीमित न होकर भरोसे और बेहतर उपचार को सुनिश्चित करें।

# एमबीए विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण, कोका-कोला संयंत्र से प्राप्त किया व्यावहारिक ज्ञान

## पटना के एसएलएमजी बेवरेजेस संयंत्र में जाना उत्पादन और विपणन का कार्यप्रणाली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बी. डी. महाविद्यालय, पटना के प्रबंधन (एमबीए) विभाग द्वारा औद्योगिक अध्ययन के उद्देश्य से गुरुवार को एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह भ्रमण कोका-कोला कंपनी की इकाई एसएलएमजी बेवरेजेस प्राइवेट लिमिटेड, पाटलिपुत्र औद्योगिक क्षेत्र, पटना में सम्पन्न हुआ। सत्र 2023-25 के विद्यार्थियों ने इस अवसर पर उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस शैक्षणिक भ्रमण का नेतृत्व विभाग के समन्वयक डॉ. अशोक कुमार साव ने किया। उन्होंने महाविद्यालय की ओर से संयंत्र प्रबंधन को स्मृति-चिह्न भेंट कर आभार प्रकट किया। उनके साथ विभाग के प्राध्यापक प्रो. सोहेल अहमद, प्रो. अजीत कुमार, प्रो. नीरज कुमार और मुना कुमार भी उपस्थित रहे। संयंत्र प्रबंधन ने सभी आगंतुकों का स्वागत अपने लोकप्रिय शीतपेय 'लिम्का' से किया। इसके उपरांत संयंत्र के उत्पाद प्रबंधक ने विद्यार्थियों को उत्पादन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों ने संयंत्र की सुरक्षा प्रणाली, उत्पादन पद्धति और विपणन योजनाओं को प्रत्यक्ष रूप से समझा। सुरक्षा प्रबंधक और विपणन प्रबंधक ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनके प्रश्नों का उत्तर भी दिया। संयंत्र का प्रत्यक्ष निरीक्षण कराते हुए उन्हें वहां चल रही प्रक्रियाओं को समीप से देखने का अवसर मिला। भ्रमण के अंत में कंपनी के कार्यकारी निदेशक ने विद्यार्थियों से संवाद कर उद्योग क्षेत्र से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां और सुझाव साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों को व्यावसायिक जीवन में सफलता के लिए व्यवहारिक सोच, नवाचार और कौशल विकास को प्राथमिकता देने की सलाह दी। यह औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक और व्यावसायिक दृष्टिकोण से अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ। इससे उन्हें पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ औद्योगिक क्रियान्वयन की वास्तविक समझ प्राप्त हुई। विद्यार्थियों ने इस अवसर को प्रेरणादायक बताया और कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण उनके भविष्य को दिशा देने में सहायक सिद्ध होते हैं।

# मौजूदा वर्ष में लगेंगे 5 करोड़ पौधे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने और पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से सरकार ने मौजूदा वर्ष में 5 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। लिहाजा विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर 5 जून से शुरू होने वाले वृक्षारोपण अभियान 2025 की तैयारी को लेकर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अपर मुख्य सचिव हरजोत कौर बम्हरा ने सभी जिलों के डीएम को निर्देश दिया है। इस अभियान के लिए बड़ी संख्या में विभिन्न प्रजातियों के पौधों को विभागीय पौधशाला, जीविका दीदी पौधशाला और किसान पौधशाला में तैयार किया गया है। ऐसी अधिकृत पौधशालाओं की संख्या 268 है। इस विशेष अभियान में काला शीशम, कनक चंपा, कटहल, खैर, क्रंज, कुसुम, महोगनी, महुआ, मालेश्वरी, मौलाश्री, नीम, पाकड़, पीपल, पुत्रजीव, सागवान, साल, सहजन, सेमल, शहतूत, शरीफा, शीशम समेत 66 किस्म के पौधे लगाए जाएंगे। इस वृक्षारोपण अभियान में विभाग के साथ-साथ जीविका दीदी, किसान, गैर सरकारी संगठन, अर्धसैनिक बल और स्कूल के छात्र-छात्राओं की भी सहभागिता होगी। विभाग की तरफ से भागलपुर क्षेत्र में 1 करोड़, 30 लाख, 63 हजार, 600 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें बांका जिले में 20 लाख 57 हजार 900, अररिया में 13 लाख 87 हजार 400, जमुई में 16 लाख 37 हजार 800, पूर्णिया में 12 लाख 81 हजार 300, सुपौल में 12 लाख 79 हजार 600 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, गोपालगंज में 12 लाख 27 हजार, सीवान में 14 लाख 1970 पौधे लगाए जाएंगे। इसके साथ ही दरभंगा में 15 लाख 77 हजार, मधुबनी में 19 लाख 38 हजार, पूर्वी चंपारण में 20 लाख 17 हजार, तिरहुत में 19 लाख 84 हजार, समस्तीपुर में 16 लाख 86 हजार, सारण में 16 लाख 20 हजार, वैशाली में 15 लाख 15 हजार, औरंगाबाद में 15 लाख 50 हजार, गया में 22 लाख 11 हजार, नालंदा में 11 लाख 31 हजार, नवादा में 12 लाख 93 हजार, पटना में 13 लाख 89 हजार, वीटीआर क्षेत्र में ढाई लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही बेतिया में 16 लाख 16 हजार, रोहतास में 17 लाख 6 हजार, मुंगेर में 15 लाख 69 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# लालू परिवार की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** तेजप्रताप-अनुष्का प्रकरण को लेकर विवादों में घिरे लालू परिवार की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही है। अभी तेजप्रताप यादव और अनुष्का यादव के प्रेम प्रसंग का मामला गरमाया ही हुआ है कि इसी बीच अब रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामले में लालू परिवार की मुश्किलें बढ़ सकती है। इस मामले में गुरूवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई, जिसके बाद लालू परिवार पर आरोप तय करने का फैसला सुरक्षित रख लिया गया है। बता दें कि इस मामले में लालू प्रसाद यादव, नेता प्रतिपक्ष तेजस?वी यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, प्रेम चंद्र गुप्ता और सरला गुप्ता आरोपी हैं। अब इस मामले में 23 जुलाई को सुनवाई होगी। बताया जाता है कि स्पेशल सीबीआई जज विशाल गोगने की अदालत ने आरोप तय करने को लेकर दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। ऐसे में 23 जुलाई का दिन लालू यादव के साथ-साथ उनके परिवार के लिए भी बेहद खास माना जा रहा है। उस दिन सीबीआई द्वारा दर्ज रेलवे टेंडर घोटाला से जुड़े मामले में कोर्ट कोई बड़ा फैसला ले सकता है। बता दें कि लालू यादव जब रेल मंत्री थे, तब ही से यह मामला जुड़ा हुआ है। लालू यादव जब रेल मंत्री थे तब आईआरसीटीसी ने होटलों के संचालन, रखरखाव और विकास के लिए टेंडर जारी किया था।

# पीएम मोदी के बिहार आते कांग्रेस ने दागे सवाल

## बिहार के केंद्रीय योजनाओं में अंशदान सहित पिछले पैकेज पर कांग्रेस ने पूछे सवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो दिवसीय बिहार दौरे को लेकर कांग्रेस पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में आयोजित महागठबंधन के संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में इस यात्रा पर सीधा सवाल मीडिया के माध्यम से पूछें।

**सवाल : बिहार की मांगों पर कब देंगे ध्यान**

नीति आयोग की दसवीं शासी परिषद की बैठक से पूर्व बिहार सरकार ने आयोग को अनुरोध पत्र भेजकर मांग की।

विकसित बिहार 2047 के लिए आवश्यक संसाधन मुहैया कराने की मांग की गई जिसमें अगले दस वर्षों में दीर्घकालीन योजनाओं के लिए बिहार को 15.68 लाख करोड़ की आवश्यकता है लेकिन प्रधानमंत्री महोदय आकर सवा लाख करोड़ का झूठा वादा किए जिसमें भी बिहार को एक पैसा नहीं मिला।

केंद्रीय योजनाओं में बिहार के साथ हकमारी क्यों कर रही है केंद्र सरकार, जब राज्य में भी उसकी ही सरकार है

**केंद्रीय योजनाओं में 90 फीसदी अंशदान दे केंद्र सरकार**


(बिहार में संचालित केंद्रीय योजनाओं में पूर्व की सरकार यानि यूपीए सरकार का अंशदान 75 से 90 प्रतिशत रहता था, ये बात बिहार सरकार ने स्वीकार की है अपने अनुरोध पत्र में) लेकिन वर्तमान सरकार ने 21 योजनाओं में जहां वित्तीय पैटर्न को 60-40 का कर दिया है वहीं कुछ में तो ये आंकड़ा 50-50 का कर दिया गया है।

**2024-25 के बजट में फिर वही पुराने वादे क्यों दोहराए गए?**

वादे सिर्फ कागजों पर, जमीन पर कुछ क्यों नहीं?

चाहे बुनियादी ढांचा हो, स्वास्थ्य हो या रोजगार—इनमें से एक भी वादा आज तक जमीन पर नहीं उतरा।

सत्यमेव जयते
भारत सरकार





## बिहार को प्रगति, समृद्धि और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों पर ले जाने हेतु

## ₹48,500 करोड़ से अधिक की

# विद्युत, सड़क, रेल और शिक्षा से जुड़ी परियोजनाओं का उपहार

# श्री नरेन्द्र मोदी

**प्रधानमंत्री**

के द्वारा

शुक्रवार, 30 मई, 2025 | 09:00 बजे | दुर्गाडीह, बिक्रमगंज, बिहार

## शिलान्यास

- एनटीपीसी नबीनगर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट, स्टेज-II (3x800 मेगावॉट)
- राष्ट्रीय राजमार्गों को छह लेन और चार लेन का बनाने के लिए चार परियोजनाएं
- एनएच-922 पर बक्सर और भरौली के बीच गंगा नदी पर पुल का निर्माण
- हार्डिंग पार्क, पटना में 5 टर्मिनल प्लेटफार्म

## उद्घाटन

- राष्ट्रीय राजमार्गों को चार लेन करने की दो परियोजनाएं
- नवोदय विद्यालय, जहानाबाद में 192 बिस्तरों वाले छात्रावास और स्टाफ क्वार्टर

## राष्ट्र को समर्पण

- सासाराम-अनुग्रह नारायण रोड के बीच स्वचालित सिग्नलिंग और सोन नगर-मुहम्मद गंज के बीच तीसरी रेल लाइन

## परियोजना के लाभ

बिहारवासियों, कृषि और उद्योगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति
गयाजी क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ाने के लिए एक्सप्रेस कनेक्टिविटी
विश्वस्तरीय यात्री सुविधाएं, कोयले की तीव्र आपूर्ति और परिचालन दक्षता में वृद्धि
स्थानीय लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार का सृजन
स्थानीय व्यवसायों का सड़क और रेलवे के माध्यम से व्यापार केंद्रों और सेवा क्षेत्रों का बेहतर संपर्क
प्रतिभाशाली छात्रों के लिए बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं

## गरिमामयी उपस्थिति

**श्री आरिफ मोहम्मद खां** – राज्यपाल, बिहार
**श्री नीतीश कुमार** – मुख्यमंत्री, बिहार
**श्री नितिन जयराम गडकरी** – केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
**श्री मनोहर लाल** – केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य एवं विद्युत मंत्री
**श्री धर्मेंद्र प्रधान** – केंद्रीय शिक्षा मंत्री
**श्री अश्विनी वैष्णव** – केन्द्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
**श्री जीतन राम मांझी** – केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री
**श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह** – केंद्रीय पंचायती राज एवं मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री
**श्री गिरिराज सिंह** – केंद्रीय कपड़ा मंत्री
**श्री चिराग पासवान** – केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री
**श्री राम नाथ ठाकुर** – केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री
**श्री नित्यानंद राय** – केंद्रीय गृह राज्य मंत्री
**श्री सतीश चंद्र दुबे** – केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री
**श्री राज भूषण चौधरी** – केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री
**श्री सम्राट चौधरी** – उपमुख्यमंत्री, बिहार
**श्री विजय कुमार सिन्हा** – उपमुख्यमंत्री, बिहार

इस कार्यक्रम को लाइव देखें DD NEWS

# फुटपाथ से हटाई गईं अवैध दुकानें

## डीएम के आदेश पर हुई कार्रवाई, लगा जुर्माना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पालीगंज।** पालीगंज नगर बाजार में सड़क किनारे अतिक्रमण के कारण हो रही भारी जाम की समस्या को देखते हुए गुरुवार को जिला पदाधिकारी के आदेश पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। बुलडोजर चलाकर फुटपाथ पर बनी अवैध दुकानों को हटाया गया। इस दौरान 22 हजार रुपये जुर्माना भी वसूला गया। बाजार में लंबे समय से फल, सब्जी, मांस-मछली, दुकानों के आगे करकट जैसी झोपडीनुमा फुटपाथी दुकानों के कारण आए दिन जाम लगता था, जिससे आम लोगों और वाहनों को खासी परेशानी होती थी और घंटों जाम में फंसे रहते थे। स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद डीएम के निर्देश पर प्रशासन ने बिहटा मोड़ से चंढ़ोस मोड़, नला रोड, खनपुरा रोड, अस्पताल रोड होते हुए पेट्रोल पंप तक रोड के दोनों ओर की अवैध दुकानों को जेसीबी लगाकर उखाड़ डाला गया। इस अभियान की निगरानी मजिस्ट्रेट के रूप में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी राजदेव साह कर रहे थे। उनके साथ कल्याण पदाधिकारी, थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सुनील कुमार, लोक स्वच्छता पदाधिकारी कुमारी अलंकारिका और भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद था। अभियान के दौरान मांस, मछली, फल एवं झोपड़ीनुमा दुकानों और करकट से बने ढांचों को हटाया गया। साथ ही दुकानदारों ने कुल 22,000 रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। इस कार्रवाई के बाद फुटपाथी दुकानदारों में डर का माहौल है। कार्यपालक पदाधिकारी सुनील कुमार ने चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी दुकानदार सड़क किनारे अतिक्रमण कर दुकान या गुमटी लगाएंगे, उन्हें भविष्य में भी हटाया जाएगा। उन्होंने सभी से स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने की अपील की है। जिला प्रशासन के अनुसार, हर महीने के अंतिम बुधवार और गुरुवार को बाजार और शहर की मुख्य सड़कों से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जाएगा। हालांकि, प्रशासन ने यह भी माना कि कार्रवाई के कुछ ही घंटों बाद बाजार फिर से पहले जैसी स्थिति में लौट आता है। ऐसे में बार-बार अभियान चलाना जरूरी हो गया है।

# कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बाढ़।** कृषि विज्ञान केन्द्र, अगवानपुर द्वारा गुरुवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत सफलतापूर्वक की गई। इस अभियान के प्रथम दिन केन्द्र के दो टीमों के द्वारा ग्राम पुराईबाग, अगवानपुर, राणा बिगहा, शहरी, ढ़कवाहाचक एवं परसावां के किसानों को जागरूक किया गया। अभियान के दौरान उन्नत तकनीकों, बीज के नये प्रभेदों, सरकार द्वारा संचालित कृषि उपयोगी योजनाओं की जानकारी दी गयी। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा, मृदा स्वास्थ कार्ड में सुझाई गई फसलों के लिए संतुलित खाद के प्रयोग पर जागरूकता, कुपोषण उन्मुलन, मोटे अनाज की खेती से लाभ, किसानों के बीच आई.टी.सी. का प्रचार प्रसार, धान की सीधी बुआई, फसल विविधीकरण, रेज्ड बेड और फरौ प्रणाली जैसी तकनीकों के प्रति किसानों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में टीम 1 से राजीव कुमार, डा. पुष्पम पटेल (कृषि विज्ञान केन्द्र, पटना), बिहार सरकार के डाथ दिवाकर मिश्र (बिहार पशु विश्वविद्यालय, पटना), डा. रमेश नाथ गुप्ता, डा. आनंद कुमार जैन (दलहन अनुसंधान संस्थान, मोकामा) सचीन कुमार (कृषि समन्वयक), सुधीर कुमार (किसान सलाहकार, बेढ़ना) तथा टीम 2 से संगीता कुमारी, डाथ प्रकाश चंद्र गुप्ता (कृषि विज्ञान केन्द्र, पटना), शंभु सिंह, मुखिया, बिहार सरकार के प्रतिनिधि डाथ अंकेश कुमार (बिहार पशु विश्विद्यालय, पटना), प्रागेन्द्र गर्ग, प्रशिक्षु अनुमंडल कृषि प्राधिकारी, मनीश कुमार, अंकित कुमार, कंचन, राहुल कुमार धाकड़, ओम प्रकाश, सूर्यनारायण प्रसाद, रौशन कुमार आदि ने भाग लिया।

# फाइलों में सिमटी शहर को जाम से मुक्ति देने की तैयारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** बिते 6 फरवरी को मसौढ़ी शहर में यातायात प्रबंधन की सुदृढ़ व्यवस्था, शहर को जाम से निजात दिलाने और सड़कों पर लगने वाले बेतरीब ढंग से ई रिक्शा और अतिक्रमण को हटाने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में विशेष बैठक आहूत करते हुए अधीनस्थ सभी पदाधिकारी को कई दिशा निर्देश देते हुए यातायात प्रबंधन प्लानिंग का खाका तैयार की थी। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नभ वैभव, अंचलाधिकारी प्रभात रंजन, थानाध्यक्ष कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार के साथ अन्य कर्मचारी शामिल रहे थे, जब यह पूरी प्लानिंग तैयार की गई थी तो आम अवाम के बीच यह उम्मीद जगी थी कि शहर में अब जाम से निजात मिलेगा। सड़कों पर बेतरतीब ढंग से ई रिक्शा नहीं दिखेंगे लेकिन बैठक कर तैयारी के तकरीबन 3 महीने बीत गए बावजूद आज तक इस पूरी प्लानिंग पर अमलीजामा नहीं पहनाया गया है। मानो यह बैठक सिर्फ फाइलों तक ही सिमट कर रह गई है। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि क्या मसौढ़ी शहर में लगने वाला जाम मसौढ़ी के लिए नियति बन गई है या फिर प्रशासन सिर्फ प्लानिंग बैठक ही करते रहेंगे। ऐसे में अब नव पदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार के पदभार संभालने पर एक बार फिर से मसौढ़ीवासियों के बीच उम्मीद जगी है कि मसौढ़ी शहर में सड़कों पर लगने वाले बेतरतीब ई-रिक्शा और जाम से निजात मिलेगा। अनुमंडल प्रशासन के लिए यह एक चुनौती होगी।

# रसोइयों को चावल ले जाते बीइओ ने पकड़ा

## बच्चों के निवाले पर हो रही हकमारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर सरकार प्रतिदिन योजनाएं तो जमीन पर ला रही है लेकिन इन योजनाओं को कुछ शिक्षक अपने कार्यशैली से ग्रहण लग रहे हैं। ताजा मामला मसौढ़ी प्रखंड के देवरिया हसनपुर मध्य विद्यालय की है जहां पर स्कूल के रसोईया के द्वारा मध्याह्न भोजन का चावल झोला में भरकर घर ले जाने का मामला प्रकाश में आया था। जांच में पहुंचे प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र ठाकुर ने रंगे हाथ उस विद्यालय के 6 रसोईयों को झोला में पांच किलो चावल ले जाते हुए देखा, जहाँ दो रसोइया ने किसी तरह से छुपा लिया, जांच पड़ताल करने के दौरान रसोईयों ने बताया कि शिक्षिका ने हमें चावल दिया है प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कार्रवाई करने की चेतावनी दी है कि सरकार ने मध्याह्न भोजन का चावल बच्चों के लिए दिया है, न कि इसे रसोईया अपने घर ले जाए, इस विद्यालय में 6 रसोईया हैं सभी रसोइया को स्कूल की शिक्षिका के द्वारा घर ले जाने के लिए चावल दिया जाता है। इस पूरे मामले पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को सूचना दी गई है रिपोर्ट बनाकर सबों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिया गया है। बीईओ ने बताया कि विद्यालय के प्रभावती देवी पर पहले भी चावल चोरी करने का आरोप लगा हुआ है इसके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए जिला में पत्र भेजा गया है।

# मजदूर की मौत पर माले ने की मुआवजे की मांग

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना गया रोड में डुमरी हाल्ट के समीप सूर्य मंदिर के पास 27 मई की रात्रि में एक सड़क हादसे में फुलवारी शरीफ प्रखंड के पलंगा निवासी कामेशर मांझी (30 वर्ष), पिता धुरखेली मांझी की मौत हो गई। हादसे के बाद घायल को इलाज के लिए पीएमसीएच भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई कारु मांझी ने बताया कि कमेशर मांझी लेबर का काम करते थे और रोज़ की तरह काम से लौट रहे थे. तभी डुमरी में सड़क पार करते वक्त एक वाहन की चपेट में आ गए. रात्रि में ही पुलिस ने घायल हालत में पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था जहां इलाज के दौरान मौत हो गई. सुबह परिजनों को जानकारी मिली, जिसके बाद वेलोग अस्पताल पहुँचे।

# श्रवण बने प्रखंड राजद अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** गुरुवार को पटना के फुलवारीशरीफ विधानसभा में श्रवण कुमार दूसरी बार फुलवारी शरीफ प्रखंड राजद अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए। फुलवारी शरीफ प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव जिला निर्वाचन पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने शांति पूर्वक संपन्न कराया। सरवन कुमार के अध्यक्ष बनने पर फुलवारी प्रखंड के राजद के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी.इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला परिषद प्रभात कुमार उर्फ राजा चौधरी एवं संचालन हरि नारायण यादव ने किया। प्रभारियों ने संगठन विस्तार को लेकर फुलवारी शरीफ विधानसभा क्षेत्र में एक दिवसीय बैठक भी की। इस बैठक में पाटलिपुत्र लोकसभा अंतर्गत फुलवारीशरीफ विधानसभा के प्रभारी अरुण कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव बिहार के युवाओं के लोकप्रिय युवा नेता सह उप मुख्यमंत्री बिहार तेजस्वी प्रसाद यादव ने फिरकापरस्त सामंतवादी ताकतों के खिलाफ जो मुहिम चलाई है उसको अमलीजामा पहनाने के लिए संगठन को धारदार एवं सशक्त बनाने की आवश्यकता है। इस महत्वपूर्ण बैठक में राजद के प्रदेश सचिव जेम्स यादव, फुदेना रविदास, डॉ सुनील यादव, जिला परिषद दीपक मांझी, दिनेश रजक, कैश अनवर, सुरेन्द्र यादव, प्रमोद यादव, मोहम्मद इमाम, सूरज चंद्रवंशी, संजय कुमार सुधीर कुमार, सिद्धनाथ यादव थे।

# पिकअप से अंग्रेजी शराब बरामद

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पटना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने वाहन जांच अभियान के दौरान एक पिकअप से दो शराब तस्करों को गिरफ्तार करते हुए कुल 891 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की है. इसके साथ ही शराब ढोने में प्रयुक्त एक पिकअप वैन को भी जब्त किया गया है। पुलिस स्टेशन एस एच ओ ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों की पहचान अभिषेक कुमार और राजकुमार के रूप में हुई है। अभिषेक बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र के चकारम मोहल्ला जबकि राजकुमार शाहपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। बरामद शराब की अनुमानित कीमत लाखों रुपये में है।

# लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न हुआ राजद का संगठनात्मक चुनाव, पुराने चेहरों को मिली जिम्मेवारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** धनरूआ स्थित दमडीचक के सौभाग्य उत्सव हॉल मे गुरुवार को राष्ट्रीय जनता दल का संगठनात्मक चुनाव शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक माहौल में संपन्न हुआ। प्रखंड चुनाव प्रभारी पप्पू कुमार की उपस्थिति में निवर्तमान अध्यक्ष राकेश कुमार आर्य, तिसरी बार और धनरूआ के संजय यादव चौथी बार और नगर अध्यक्ष के रूप मे विरेन्द्र ऊर्फ किरी यादव को एक बार फिर से सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। मौके पर राजद विधायक रेखा देवी उपस्थित रहे। प्रखंड अध्यक्ष के नाम का प्रस्ताव प्रखंड के सभी पंचायत अध्यक्षों द्वारा रखा गया जिसे मौजूद डेलिगेट्स और कार्यकर्ताओं ने ध्वनिमत से पारित किया। इसके बाद प्रखंड चुनाव प्रभारी ने उन्हें औपचारिक रूप से प्रखंड अध्यक्ष घोषित किया। इस मौके पर उपेन्द्र यादव, बृजनंदन सहाय, प्रखंड उप प्रमुख प्रेम कुमार समेत सभी पंचायत अध्यक्ष और कार्यकर्ता मौजूद थे। चुनाव के दौरान पार्टी में एकता और संगठन की मजबूती पर विशेष जोर दिया गया।

# स्कूल में बिना पटरा लगे आया बेंच डेस्क, ग्रामीणों ने जताया विरोध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** शिक्षा में सुधार को लेकर सरकार भले ही लाख दावे करती हो मगर इन दावों की सच्चाई को आईना दिखा रहा है धनरूआ प्रखंड के वीर पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय हसापुर, जहां तकरीबन 6 महीना पहले बच्चों को बैठने के लिए बेंच और डेस्क वेंडर ने सप्लाई की थी, लेकिन उस बेंच डेस्क में पटरा ही नहीं लगा हुआ है, नतीजन वह बेंच डेस्क कोई काम का नही है। ऐसे में स्कूल के प्रधानाध्यापक ने उसे एक कमरे में बंद कर जंग खाने के लिए छोड़ दिया है। इस विद्यालय में चार कमरे हैं जिसमें दो कमरे में पढ़ाई होती है और दो कमरे में ताला लटका हुआ रहता है, तकरीबन 100 नामांकित बच्चे हैं और तीन शिक्षक हैं। प्रधानाध्यापक अशोक कुमार ने बताया कि वेंडर ने 40 बेंच और डेस्क लाकर यहां दिया था जिसे पटरा नहीं लगा हुआ था, इसलिए नहीं लगाया गया है। हालांकि ग्रामीणों ने प्रधानाध्यापक पर ही भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है कि जानबूझकर वेंडर से यह रिसीव किया, एक कमरे में तीन कक्षाएं चलती है बच्चे काफी परेशानियों का सामना करके पढ़ाई करते हैं। सरकार से प्रधानाध्यापक पर कार्यवाई की मांग की है। इस मामले में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कहा की शिकायत मिलने पर हम भी निरीक्षण करने पहुंचे थे और वहां के प्रधानाध्यापक को हमने निर्देश दिया है कि जो भी बेंच डेस्क पटरा लगावें हुए और चारों कमरे में पढ़ाई करें इसके अलावा उन्होंने कार्रवाई की बात कही है। ग्रामीण ने शैलेंद्र कुमार, शंकर कुमार, संजय यादव, उपेंद्र कुमार, मधुकर रुदल यादव एवं विधायालय शिक्षा समिति सचिव गीता देवी ने विरोध जताया और कारवाई की मांग की है।

# पीएम के रोड शो में शामिल होने गाजे-बाजे के साथ निकला भाजपा कार्यकर्ताओं का जत्था

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** ऑपरेशन सिंदूर की सफल ऑपरेशन के बाद पहली बार पीएम नरेंद्र मोदी पाटलिपुत्र की धरती पर आगगमन हो रहा है. पीएम नरेंद्र मोदी के रोड में शामिल होने के लिए गाजे-बाजे के साथ नगर से भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं ने जत्था रोड शो में शामिल होने के लिए रवाना हुए है. पूर्व विधायक आशा सिन्हा के नेतृत्व में सगुना मोड से गाजे-बाजे के साथ निकली अभिनंदन यात्रा भाजपा के झंडों, ढोल-नगाड़ों, और मोदी-मोदी के नारों से माहौल पूरी तरह से चुनावी उत्साह में डूबा नजर आया। मौके पर पूर्व विधायक श्रीमती सिन्हा ने कहा कि पीएम ऑपरेशन सिंदूर की सफल के बाद पहली बार पाटलिपुत्र की धरती पा आ रहे है और रोड शो कर रहे है।

# विशेष शिविर के तहत बनाये जा रहे आयुष्मान कार्ड

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** गांव के अलावा शहरो में भी जोर शोर से आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे है। ऐसे में नगर परीषद के द्वारा 11 जगहों पर शिविर का आयोजन किया गया, जहां अब तक तकरीबन 673 आयुष्मान कार्ड बनाये गये है। यह आगामी 30 मई तक विशेष शिविर तक के तहत बनाए जाएंगे। आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए लोगों की भीड़ भी देखने को मिल रही है। विशेष शिविर में पहुंचकर लोग अपना आयुष्मान कार्ड बनवा रहे हैं। ऐसे में नगर परिषद के शहरी क्षेत्र में तेरगना मठ, भदौरा, देवी स्थान मलिकाना (वार्ड 29, 30, 31) दाउदपुर (वार्ड 10, 11, 12, 13, 14) मुरादचक बरनी, (वार्ड 33, 34) बरनी बाजार, तरेगना डीह/तारेगना मुसहरी, दीघवां, सरवां, जतिचक एवं महादेवपुर आदी स्थानो पर शिविर लगाया गया है। शिविरों का उद्देश्य जरूरतमंदों को निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा सुविधा उपलब्ध कराना है। इस विशेष शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। विशेष शिविर में नगर मिशन प्रबंधक निकिता सिंह, सीआरपी पिंकी देवी के साथ अन्य जगहों पर वार्ड पार्षद उज्जवल कुमार, अमीन रामाधार कुमार के साथ सभी जगह पर सहयोगी उपस्थित हैं और इस पूरे नगर परिषद क्षेत्र के नोडल पदाधिकारी के रूप में सिटी मैनेजर शेखर प्रसाद को बनाया गया है।

# नवनिर्मित अस्पताल एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज सहित कई योजनाओं का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बाढ़।** नव पदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी बाढ़, चंदन कुमार के द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ के 100 बेड नवनिर्मित अस्पताल एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज बाढ़ तथा नवनिर्मित प्रखंड सह अंचल कार्यालय अथमलगोला का कार्य पूर्णता का निरीक्षण किया गया। अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ में सभी वार्ड एवं शल्य कक्ष में उपस्कर आदि लगने तथा साफ सफाई कराने का निर्देश संवेदक को दिया गया तथा इस कार्य का पर्यवेक्षण उपाधीक्षक अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ को दिया गया। इसके अतिरिक्त पॉलिटेक्निक कॉलेज बाढ़ में परिसर का साफ सफाई कराने तथा उसमें ग्रीन फील्ड बनाने का निर्देश संवेदक को दिया गया। पॉलिटेक्निक कॉलेज के ब्याज हॉस्टल का निरीक्षण के क्रम में अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश सहायक अभियंता भवन निर्माण विभाग बाढ़ को दिया गया तथा यह भी निर्देश दिया गया कि दिए गए कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें। क्षेत्र भ्रमण के क्रम में पंचायत स्तर पर आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया गया तथा आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य का समीक्षा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी बाढ़ अनुमंडल के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया तथा बताया गया कि आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य का तिथि अगले दो दिनों तक बढ़ा दिया गया है। सभी पदाधिकारी को इस कार्य में अपेक्षित सहयोग कर ज्यादा से ज्यादा कार्ड बनवाने का निर्देश दिया गया।

## एक नजर

### नामांकन का पर्चा दाखिल नहीं

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दूसरे दिन गुरुवार को भी नौबतपुर नगर पंचायत चुनाव को लेकर एक भी प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल नहीं किया गया है। नामांकन के लिए अनुमंडल कार्यकालय में पांच काउंटर बनाया गया है। जिसमें मुख्य पार्षद, उपमुख्य पार्षद व 15 वार्ड पार्षद पद के प्रत्याशियों नामांकन का पर्चा दाखिल करेंगे। अवर निर्वाचन पदाधिकारी बीरेंद्र कुमार ने बताया कि नौबतपुर नगर पंचायत चुनाव को लेकर एक भी अनुमंडल कार्यकालय में नामांकन का पर्चा दाखिल किया जायेगा। जो 5 जून तक नामांकन पत्र दाखिल किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 28 जून को मतदान और 30 जून को मतगणना किया जायेगा। इसको लेकर सारी तैयारी की जा रही है।

### छापेमारी में बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन नदी में हो रहे लगातार अवैध रूप से बालू खनन की मिल रही सूचना एवं शिकायतों को देखते हुए जिला खनन पदाधिकारी के निर्देश पर लहसुना पुलिस एवं खनन निरीक्षक पदाधिकारी के संयुक्त रूप से कराय बाजार के पास पुनपुन नदी में छापेमारी की गई, जहां पर एक बालू लदा हुआ ट्रैक्टर को जप्त किया गया है, जबकि चालक भागने में सफल रहा है, खनन निरीक्षक राजीव रंजन सिंह ने बताया कि अवैध खनन की लगातार शिकायतें मिल रही थी जहां-जहां से सूचना मिल रही है उस इनपुट पर छापेमारी की जा रही है। जो बालू जप्त की गई है उस पर डेढ़ लाख का जुर्माना रसीद किया गया है इस मौके पर लहसूना थानाध्यक्ष खुशबू खातून एवं अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### 50 हजार नगदी समेत लाखों की चोरी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र का नदौल इन दोनों चोरों के निशाने पर है, लगातार चोरी की घटनाओं में इजाफा हो रहा है। एक बार फिर से नदौल में चौथी चोरी हुई है, दरअसल बताया जाता है नदौल स्थित है एक घर में घुसकर बीते देर रात को चोरों ने पैसे और आभूषण से रखे हुए बक्से को उठाकर ले भागा और रास्ते में खंधे में बक्से में से ?50 हजार नगदी एवं अन्य सभी आभूषण चुराकर ले भागे।और यह घटना उस वक्त घटी जब घर के सारे लोग घर में ही मौजूद थे और सोए हुए थे घर में रहते चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है पीड़ित पिंटू कुमार पिता राजेश्वर प्नसाद ने मसौढ़ी थाने में लिखित सूचना देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। इस घटना के बाद मसौढ़ी पुलिस डॉग स्क्वॉड को मौके पर बुलाकर पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है। लेकिन पूरे इलाके में नदौल में लगातार हो रहे चोरी की घटनाओं से लोग परेशान हैं। वहीं पुलिस भी इन चोरों के पीछे अपनी पूरी टीम को लगा रखी है। लेकिन अभी तक कुछ सफलता हाथ नहीं लगी है।

### अलग-अलग सड़क हादसों में दो जख्मी

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के एसबीआर कॉलेज चौक के पास गुरुवार की संध्या ख्र्र्ए एजेंट विनोद कुमार यादव गुलाब बाग निवासी मोटरसाइकिल से अपने घर के लिए आ रहा था तभी एसबीआर कॉलेज मोड़ के पास एक ई रिक्शा ने जबरदस्त टक्कर मार दी. हादसे में विनोद कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया. जिसे इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया. वहीं दूसरी घटना में साइकिल से जा रहे 55 बर्षी बालेश्वर कुमार गोला रोड निवासी को मोटरसाइकिल ने जबरदस्त से टक्कर मार दी जिससे बालेश्वर कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया. जिसे इलाज के लिए बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया. घटना के बाद बड़ी संख्या में परिजन और स्थानीय लोग पहुंच गए.

### कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के दाहौड़ गांव निवासी 50 वर्षीय धूरी शर्मा नामक व्यक्ति ने पारिवारिक कलह के चलते घर में रखे कीटनाशक दवा को पी लिया। जब व्यक्ति की हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे जल्दबाजी में बाढ़ अनुमंडल अस्पताल लेकर पहुंचा जहां चिकित्सकों ने मामला को गंभीर बताते हुए बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया.

### बाढ़ में खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर परिषद अंतर्गत संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल के क्रीड़ा मैदान में बिहार सरकार द्वारा प्रखंड स्तरीय विधा आयोजित किया गया। विधा के मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी बाढ़ सुश्री अंजू कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजक प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बाढ़ सुजीत कुमार सोनू ने मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित की। विधा में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। निर्णायक मंडल उपेंद्र कुमार सिंह, रंजन कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, रामबली प्रसाद, मनोज कुमार आदि को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आमोद कुमार, पिंटू कुमार, उमेश कुमार, कामराज कुमार, पंकज कुमार, गौतम कुमार, गोपाल महतो आदि उपस्थित थे। विधा में विजेताओं को प्रखंड विकास पदाधिकारी बाढ़ एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बाढ़ ने संयुक्त रूप से किया । शारीरिक शिक्षक अनुभव नारायण एवं प्रमोद कुमार को भी सम्मानित किया गया।

### दुकान विवाद में निकली पिस्तौल, कई जख्मी

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ के भवानी चौक के पास दुकान के विवाद में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में पिस्तौल निकल गया। वहीं एक पक्ष ने जेवर दुकान में लूटपाट का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान पर केस दर्ज कर लिया है। झगड़ा जितेंद्र प्रसाद और गौरी शंकर के बीच हुआ है। जितेंद्र प्रसाद की पत्नी इंदू देवी का कहना है कि वह दुकान से निकल रही थी। इसी दौरान गौरीशंकर वर्मा सहित एक दर्जन से अधिक लोग हथियार के साथ आ धमके और मारपीट करते हुए सोने के जेवर लूट लिये। दुकान खाली नहीं करने पर जान मारने की धमकी दी। वहीं दूसरी तरफ गौरी शंकर का आरोप है कि जितेंद्र सहित पांच लोगों ने घेर कर उसे बंधक बना लिया और बचाने के दौरान उसके पुत्र सुमित और रामकिशन को भी पीटा और पिस्तौल भी दिखाई । मारपीट में हाथ टूट गया है। पुलिस ने 20 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### पांच बेड का कोरोना वार्ड बना

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अनुमंडल अस्पताल में कोरोना को लेकर पांच बेड का नया वार्ड बनाया गया है। इस वार्ड में संक्रमित मरीज को रखकर चिकित्सा की जाएगी। प्रदेश में कोरोना की दस्तक के बाद निगरानी बढ़ा दी गई है। अस्पताल में साफ सफाई को भी दुरुस्त किया गया है।

### 4 जून को होगा अस्पताल के नए भवन का उद्घाटन

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल के नए भवन का उद्घाटन 4 जून को होने की संभावना है। इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है ।करीब 24 करोड रुपए की लागत से नए भवन में आधुनिक मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध होंगी जिससे मरीजों को काफी फायदा होगा।

# महिला संवाद कार्यक्रमों में 4 लाख महिलाओं ने लिया भाग

## बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने और बच्चियों को शिक्षा के अवसर देने पर विशेष जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** जिले में महिला संवाद कार्यक्रम के माध्यम से लाखों महिलाओं ने अपनी आवाज बुलंद की। कार्यक्रमों के दौरान बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने और बच्चियों को शिक्षा के अवसर देने पर विशेष जोर दिया गया। बाराचट्टी में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने इस विषय पर अन्य महिलाओं को प्रेरित किया और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इसी तरह जिले के अन्य ग्राम संगठनों की दीदियों ने भी बाल विवाह रोकने और शिक्षा को बढ़ावा देने की बात रखी। महिलाओं ने इन संवाद सत्रों में अपनी स्थानीय समस्याओं को उजागर किया और उन्हें संवाद एप पर दर्ज कराया। जिले के विभिन्न प्रखंडों- जैसे बाराचट्टी, बांकेबाजार, गुरुआ, गुरारू, शेरघाटी, आमस, चंदौती, मानपुर और बोधगया सहित कुल 21 प्रखंडों के 54 स्थानों पर महिला संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कभी घरों तक सीमित रहने वाली महिलाएं अब सामुदायिक बैठकों में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं और अपने क्षेत्र के विकास में योगदान दे रही हैं। वे बाल विवाह रोकने और लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए संकल्प ले रही हैं, साथ ही अपनी आकांक्षाओं को लिखवा रही हैं। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के लिए ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जिले के सभी पंचायतों में स्थित ग्राम संगठनों के माध्यम से महिला संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अब तक 2200 से अधिक ग्राम संगठनों के सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है। इन कार्यक्रमों में 3167 ग्राम संगठनों के माध्यम से महिलाओं तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाई जा रही है। ग्रामीणों में इन योजनाओं को लेकर उत्सुकता देखी गई और महिलाओं ने सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। हजारों महिलाओं ने एप के माध्यम से अपनी आकांक्षाओं का पंजीकरण कराया। यह संवाद दो पालियों में जीविका ग्राम संगठनों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। महिलाओं को योजनाओं की व्यापक जानकारी देने के लिए डिजिटल स्क्रीन युक्त वाहनों के माध्यम से वीडियो फिल्मों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त वर्चुअल संचार उपकरण, सेल्फी पॉइंट्स और स्टैंडी का भी उपयोग किया जा रहा है। योजनाओं से संबंधित लीफलेट्स और मुख्यमंत्री संदेश वितरित किए जा रहे हैं जिससे 31 से अधिक योजनाओं की जानकारी महिलाओं तक पहुंचाई जा सके। यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और सामुदायिक विकास को गति देने के उद्देश्य से की जा रही है। इसके माध्यम से महिलाएं अपनी समस्याओं के समाधान स्वयं तलाश सकेंगी और प्रशासन तक अपनी बात प्रभावी ढंग से पहुंचा सकेंगी। महिला संवाद कार्यक्रम न केवल जागरूकता फैलाने का एक सशक्त मंच है, बल्कि यह उन्हें उनके अधिकारों और उपलब्ध संसाधनों के प्रति सतर्क करने का प्रभावी प्रयास भी है।

# गोद ग्रहण बच्चों के लिए एक नये जीवन की शुरुआत

## गया जिलाधिकारी ने असिस्टेंट प्रोफेसर को विधिवत रूप से गोद दिया



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले में एक भावनात्मक और ऐतिहासिक क्षण देखने को मिला जब एक बच्चे को एकल दंपति एनआईटी कैंपस राउरकेला राज्य (उड़ीसा) में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर को विधिवत रूप से गोद दिया गया। इस दत्तक प्रक्रिया का नेतृत्व जिला पदाधिकारी, गया डॉ. त्यागराजन एसएम द्वारा किया गया। इस अवसर पर सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल संरक्षण पदाधिकारी तथा समन्वयक, विशेष दत्तक ग्रहण संस्थान, गया की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह गोद ग्रहण न केवल बच्चों के लिए एक नए जीवन की शुरुआत है, बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणा भी है कि हर बच्चे को प्यार, सुरक्षा और एक स्थायी परिवार मिलना चाहिए। जिला पदाधिकारी ने इस अवसर पर एकल दंपति को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# प्रधानमंत्री मोदी जब भी बिहार आते हैं बिहार के विकास को देते हैं गति : रंजीत कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जोड़ी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ राज्य के विकास को गति दे रही है। यह बात रंजीत कुशवाहा युवा जेडीयू जिला उपाध्यक्ष गया सह 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति सदस्य नगर प्रखंड गया सह रोगी कल्याण समिति मेंबर नगर प्रखंड गया, अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज भारत जिला अध्यक्ष गया सह रिटेलर उर्वरक विक्रेता संघ जिला अध्यक्ष गया ने कहा है कि डबल इंजन की सरकार बिहार को जमीन से लाकर आसमान पर खड़ा कर दिया है। राजद के शासनकाल में अपराधियों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त था। इससे प्रदेश की कानून व्यवस्था चरमरा गई थी। 2005 से सत्ता में आने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में कानून का राज स्थापित किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में सभी क्षेत्रों में निचले पायदान पर रहने वाले गरीब वर्गों के लिए बिहार सरकार की अनेकों लाभकारी योजनाएं शुरू कर बिहार के विकास को नई गति नई ऊर्जा प्रदान की है। आज बिहार में बड़े-बड़े टेक्नोलॉजी सेंटर बड़े-बड़े सरकारी हॉस्पिटल बड़े-बड़े आवासीय विद्यालय सड़क से लेकर पुल पुलिया से लेकर बड़े-बड़े हाईवे का निर्माण किया गया है और यह सभी कार्य मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ही कार्यकाल में हुआ है। विपक्ष पूरी तरह खोखला और ध्वस्त हो चुका है। बिहार के युवा वोटर महिला वोटर की जुबान पर सिर्फ और सिर्फ विकास पुरुष और विश्वास पुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ज का ही नाम है। इसलिए मैं बिहार के देवतुल्यय मतदाता मालिकों से विनम्र निवेदन करता हूं कि बिहार में एनडीए गठबंधन को 225 सीट देकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को एक बार फिर बिहार का मुख्यमंत्री बनाएं। बिहार में बहार हो और नीतीश कुमार हो।

# डीएम-एसएसपी ने की मद्य निषेध, विधि-व्यवस्था की समीक्षा, दिये निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिलाधिकारी गया डॉ. त्यागराजन एसएम एवं वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में मद्य निषेध, विधि व्यवस्था, खनन विभाग, भूमि विवाद, अपराध नियंत्रण संबंधी विषयों पर सभी अंचल अधिकारी, थानाध्यक्ष एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक के साथ समीक्षा बैठक कर कई आवश्यक निर्देश दिए। जिला पदाधिकारी ने बताया कि हाल के दिनों में राज्य सरकार स्तर से विस्तार से सभी जिलों के साथ बैठक कर भूमि विवाद एवं विधि व्यवस्था को बेहतर प्रबंधन करने संबंधी निर्देश दिए गए थे। हम सभी अधिकारियों का दायित्व है कि अपने क्षेत्र में विधि व्यवस्था पूरी तरह बहाल रखे। सही से एवं पूरी गंभीरता से भूमि विवाद के मामलों को सुने और यथा संभव निदान करवाये। समय पर निदान नहीं होने के कारण विधि व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न होता है। डीएम ने सभी अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष को निर्देश दिया है कि शनिवार को थाना स्तर पर भूमि विवाद की समीक्षा को सुने एवं उसका समाधान/ निष्पादन करवाये। डीएम ने कहा कि जिला स्तर पर आयोजित डीएम के जनता दरबार मे अधिकांश मामले भूमि विवाद संबंधित आते हैं, उन सभी मामलों को संबंधित अंचलाधिकारी को भेजे जाते हैं उसे प्रार्थमिकता से निबटारा करे। ज्यादा से ज्यादा मामलों को शनिवार आयोजित भूमि विवाद सुनवाई में सुनें और समाधान करवायें। डीएम ने सभी बीडीओ एवं सीओ को निर्देश दिया कि हर बुधवार को प्रखंड स्तर पर जनता दरबार आयोजित करें। सभी अनुमण्डल पदाधिकारी गुरुवार को अनुमण्डल में जनता दरबार लगाए और मामलों को सुनें। डीएम ने कहा कि अनुमण्डल लोक शिकायत कार्यालय से भूमि विवाद के जो भी आवेदन को पारित किया जा रहा है, उसको प्राथमिकता से अनुपालन करवाये।

# रेलवे की नौकरी छोड़ शिक्षक के तौर पर चंदन कुमार ने दिया योगदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेलागंज।** रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज गया जी में गणित के शिक्षक के तौर पर चंदन कुमार ने अपना योगदान प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम के समक्ष दिया। ज्ञात हो कि चंदन कुमार रेलवे की नौकरी छोड़कर बीपीएससी टीआइ 3 में शिक्षक के तौर पर योगदान किया है यह जहानाबाद जिले के रहने वाले हैं। प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम ने बताया कि रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज में बीपीएससी के अंतर्गत अब तक पांच विषय के शिक्षकों ने योगदान किया है। अब विद्यालय में शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने में काफी मदद मिलेगी विद्यालय में नियमित शैक्षणिक गतिविधियों के अतिरिक्त बच्चों के चतुर्मुखी विकास के लिए साहित्यिक सांस्कृतिक खेलकूद क्विज पेंटिंग जीके की गतिविधियां शिक्षकों के सहयोग से चलाई जाती है।

# नगर परिषद, टिकारी के वार्ड संख्या बीस के लिए हो रहे उप चुनाव में सरोज देवी ने किया नामांकन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** नगर परिषद, टिकारी के वार्ड संख्या बीस के लिए हो रहे उप चुनाव में सरोज देवी ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। सरोज देवी दिवंगत वार्ड पार्षद शशिकांत कुमार की मां हैं। दो दिनों में यह पहला नामांकन है। नामांकन पर्चा भरने वाली सरोज देवी बेल्हड़िया टोला दुल्ला बिगहा की रहने वाली है। इससे पहले वार्ड संख्या बीस के पार्षद के रूप में इनके पुत्र शशिकांत कुमार चुने गए थे। कुछ महीने पहले सड़क दुर्घटना में शशिकांत की मौत हो गई थी। खाली पड़े वार्ड पार्षद की सीट पर चुनाव आयोग की मंजूरी के बाद उप चुनाव कराया जा रहा है। नामांकन पर्चा दाखिल करने की अंतिम तिथि पांच जून है। नामांकन की समीक्षा की तिथि छह से नौ जून तक निर्धारित है। नामांकन पर्चा वापस लेने की तिथि 10 से 12 जून तक और अंतिम रूप से अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन तथा प्रतीक आवंटन 13 जून को किया जाएगा। मतदान 28 जून को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। मतगणना 30 जून को सुबह आठ बजे से होगा।

# भाजपा नेता ने की सहायक थाना खोलने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** वरीय भाजपा नेता सह प्रख्यात चिकित्सक डॉ लालजी यादव ने सरकार से मथुरापुर बाजार एवं इस्माइलपुर बाजार में सहायक थाना खोले जाने की मांग मुख्यमंत्री एवं डीजीपी से किया है। इस संबंध में भाजपा नेता डॉ यादव ने बताया कि मथुरापुर बाजार-गुरारू थाना, परैया थाना, गुरूआ थाना और कासमा थाना क्षेत्रों के बीचों बीच है। इस बाजार से सभी थानाओं की दूरी करीब 10-12 किलोमीटर है। वहीं इस्माइलपुर बाजार की भी स्थिति ज्यों की त्यों है। इस्माइलपुर बाजार भी गुरारू थाना, कोंच थाना, रफीगंज थाना, कासमा थाना के बीचों बीच है। चहुंओर थाना होने के बावजूद भी बाजार विशेष में थाना नहीं रहने से अपराध का प्रतिशत पूर्व से ही बढ़ा हुआ है और पूर्व में कई नक्सली वारदात इन क्षेत्रों में हो चुका है। अतः ऐसी परिस्थिति में उक्त दोनों स्थानों पर सहायक थाना खुलने से विधि व्यवस्था व अपराध नियंत्रण में सहूलियत होगी और आसपास के लोगों को त्वरित पुलिस सहायता भी मुहैया कराई जा सकेगी।

# लम्बित परीक्षा परिणाम प्रकाशित करने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने मांगा 15 दिनों का समय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया स्थित कुलपति आवास पर आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधिमंडल में मन्तोष सुमन, सूरज सिंह और धीरज केसरी उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल ने मगध विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं छात्र कल्याण अध्यक्ष से मुलाकात कर छात्रों की शिक्षा, परीक्षा तथा बुनियादी समस्याओं को लेकर एक 43 सूत्रीय विस्तृत मांग पत्र सौंपा। छात्र प्रतिनिधियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर इन मांगों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो वे चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेंगे। **पेंडिंग परिणामों का अंबार:** सत्र 2018-21 से लेकर 2024-28 तक के हजारों छात्र-छात्राओं के परिणाम अब तक लंबित हैं। इनमें स्नातक, स्नातकोत्तर, वोकेशनल और सीबीसीएस पैटर्न के सभी पाठ्यक्रम शामिल हैं। छात्रों का कहना है कि लंबित परिणामों के चलते न तो वे उच्च शिक्षा में नामांकन ले पा रहे हैं और न ही नौकरी के लिए आवेदन कर पा रहे हैं।


**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।**
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।**
**ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 04/2025-26**

विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 02.06.2025 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 02.06.2025 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 09.06.2025 (अपराह्न 5:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 11.06.2025 (पूर्वाह्न 11:00 बजे)
निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | पण्डवा | कजरी–पाटन | कजरी–पाटन मेन रोड से सखुआ गांव तक सड़क निर्माण। | 2465800.00 | 49316.00 | 5000.00 | 03 माह | NIT-04/ 2025-26/ Gr-01 |
| 2 | पण्डवा | गाड़ीखास | ग्राम गाड़ी (बड़का भीट्ठा) शंकर सिंह के घर से दुर्गावती नदी तक सड़क निर्माण। | 2489300.00 | 49786.00 | 5000.00 | 03 माह | NIT-04/ 2025-26/ Gr-02 |
| 3 | नौडीहा बाजार | करकट्टा | ग्राम हरनी में हरनी स्कूल से पाल्हे पतरा करमा गाँव तक सड़क निर्माण। | 9535800.00 | 190716.00 | 10000.00 | 06 माह | NIT-04/ 2025-26/ Gr-03 |

नोट– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।


निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्तें www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू।

PR.NO.353837 District(25-26):D


# एसडीएम प्रवीण कुंदन ने दिया योगदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरारू।** बुधवार को टेकारी अनुमण्डल पदाधिकारी के रूप में प्रवीण कुंदन ने योगदान दिया। इस मौके पर पूर्व अनुमण्डल पदाधिकारी सुजीत कुमार ने बुके देकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि हाल ही में अनुमण्डल लोक जनशिकायत निवारण पदाधिकारी, भोजपुर के पद पर पदस्थापित प्रवीण कुंदन को सरकार ने टेकारी अनुमंडलाधिकारी के पद पर पदस्थापित किया है। नवपदस्थापित एसडीओ श्री कुंदन ने बताया कि विधि-व्यवस्था, सरकारी योजनाओं एवं नीतियों का संधारण तथा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग का निर्देश एवं नीति को अनुपालित करवाना प्राथमिकता में होगा। पदभार के समय अनुमण्डल एवं प्रखण्ड स्तरीय कई पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के अलावे कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कोंच पैक्स अध्यक्ष रिया कुमारी बनीं बिहार महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव, कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** ग्राम पंचायत कोंच के पैक्स अध्यक्ष रिया कुमारी को बिहार महिला कांग्रेस में प्रदेश सचिव बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें गुरुवार को बधाई दी है। इस नियुक्ति से महिला कांग्रेस में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होने की उम्मीद है। रिया कुमारी के नेतृत्व क्षमता और संगठनात्मक कौशल को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि रिया कुमारी की नियुक्ति से महिला कांग्रेस को मजबूती मिलेगी और संगठन की गतिविधियों में सुधार होगा। वे महिलाओं के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए काम करेंगी। महिला कांग्रेस महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए काम करती है। रिया कुमारी की नियुक्ति से संगठन को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद है। रिया कुमारी की नियुक्ति के बाद, महिला कांग्रेस विभिन्न कार्यक्रमों और अभियानों के माध्यम से महिलाओं के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करेगी। वे महिलाओं को जागरूक करने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए काम करेंगी।

# पेड़ की टहनियां बन रही बिजली आपूर्ति के लिए मुसीबत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** आंधी का मौसम आते ही कोच प्रखंड के बिजली उपभोक्ताओं की परेशानियां बढ़ जाती है। सड़क किनारे लगे पेड़ों की टहनियां 11 हजार वोल्ट की हाइटेंशन तारों से टकराने के कारण बार-बार फॉल्ट की समस्या उत्पन्न होती है जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। कई बार आंधी में पेड़ की टहनियां टूटकर तार पर गिर जाती है। कोंच और आंती फीडर के लाइन में यह समस्या ज्यादा है। यह समस्या गर्मी और बरसात के मौसम में गंभीर होती है। उपभोक्ताओं का कहना है कि आंधी के दौरान बिजली गुल होना आम बात है। कई बार रात भर बिजली नहीं रहती जिससे गर्मी और उमस में लोग परेशान रहते हैं। बिजली विभाग के कर्मचारी फॉल्ट होने पर टहनियां काटते हैं, लेकिन यह समस्या अस्थायी होता है। अगली आंधी में फिर वही समस्या खड़ी हो जाती है। बिजली विभाग पेड़ों की नियमित छंटाई नहीं कराता जिसके चलते यह समस्या बार-बार सामने आती है। उनका यह भी कहना है कि विभाग आंधी को बहाना बनाकर अपने जिम्मेदारी से बच जाता है। उपभोक्ताओं ने मांग की है कि विभाग इस समस्या का स्थायी समाधान निकाले। वहीं, बिजली विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि आंधी एक प्राकृतिक आपदा है जिसे रोका नहीं जा सकता। फाल्ट होने पर उनकी टीम तुरंत काम करती है, लेकिन पेड़ों की नियमित छंटाई में कमी रहती है। कनीय अभियंता राजेश कुमार ने कहा कि आवश्यकता अनुसार तार के समीप के पेड़ों की टहनियों की छंटाई होती है, फिर भी आंधी में ऐसी समस्याएं आती है। कई बार तो आंधी में बिजली के पोल भी टूटकर गिर जाते हैं। तेज आंधी आने की स्थिति में विभाग काफी सक्रिय होता है। आंधी खत्म होने के बाद क्षति की जांच की जाती है और फिर आपूर्ति बहाल की जाती है।

# युवती की अश्लील तस्वीर वायरल करने का आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** अलीपुर थाना की पुलिस ने युवती का अश्लील तस्वीर वायरल करने के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। अलीपुर एसएचओ सत्यनारायण शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत वर्ष 21 दिसम्बर को थाना क्षेत्र के एक गांव के ग्रामीण द्वारा चार लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। ग्रामीण द्वारा शिकायत की गई थी कि उनकी पुत्री व गांव के एक अन्य युवती का अश्लील पोस्ट सोशल मीडिया साइट पर वायरल कर दिया गया है साथ ही साथ आरोपियों द्वारा अश्लील तस्वीर की प्रिंट निकाल पीड़ित के घर के आगे व अन्य जगह पर चस्पा कर दिया गया था।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल,मेदिनीनगर**
g-mail I.D. – eemid041@gmail.com

पत्रांकः–204 मेदिनीनगर, दिनांक– 28/05/2025

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई0 निविदा सूचना सं0:– WRD/MID/MEDININAGAR /B.D./S.L.I.-01/ 2025-26, PR No:- 352964 Minor Irrigation (25-26)#D है। अपरिहार्य कारणवश निम्न संशोधन किया जाता है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 06/06/2025 (04.00 PM) |
| 2 | वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 23/06/2025 (03.00 PM) |
| 3 | ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 24/06/2025 (04.00 PM) |

निविदा की अन्य शर्तें पूर्ववत् रहेगी।

PR 353794 Minor Irrigation(25-26).D

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा**
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114 Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com

**ई–प्रोक्योरमेंट अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**(1st Call)**
**निविदा सूचना संख्या - DWSD/GAR-01/2025-26 दिनांक - 28.05.2025**

| कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| Construction of 125/115mm dia & 90 mtr. Deep drilled tube well, RCC Foundation for steel Structure & Solar panel, Galvanized tubular steel structure staging (6 mtr.) for HDPE water storage tank & Solar panel, Supplying & Installation of 5000 liters capacity water storage tank (1No.),Laying of Rising and distribution pipe line including House connection up to 20 Nos, Provision of 1.00 HP DC Solar Motor pump complete set with Annual repair & maintenance for 5 years **at Chaplasi Village, Bhandaria Block under Garhwa district.** | 10,00,300/- | 21,000/- | 2,500/- | 03 माह |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि – | 09.06.2025 समय 02:00 बजे अपराहन् तक |
| 2 | निविदा प्राप्ति (ऑनलाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय – | 16.06.2025 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 3 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0 गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय – | 16.06.2025 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय – | 17.06.2025 समय 05.00 बजे अपराहन् |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान – | कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम – | ई0 अजय कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 – | 9431325479 |
| 8 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन सं0 – | 651–2490920 |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा।

PR.NO.353823 Drinking Water and Sanitation(25-26):D

## पत्रकारिता : समाज कल्याण का माध्यम

**पत्रकारिता कोई व्यवसाय नहीं है, यह समाज कल्याण के प्रति व्यक्ति का वह गुण है जो अपने निजी हित से परे पूरी मुखरता के साथ आत्म अभिव्यक्ति को स्वर देता है। हिंदी पत्रकारिता में यह विशेष रूप से प्रासंगिक है, जहां पत्रकार की बिरादरी समाज में अलग रुतबा और रसूख रखती है। पत्रकार एक साधारण मनुष्य ही होता है जो अपने आसपास की घटनाओं और परिस्थितियों पर केवल सजग निगरानी ही नहीं रखता, बल्कि एक सक्षम प्रतिक्रिया भी देता है। ऐसे में हिंदी पत्रकारिता का पत्रकार किसी समुदाय का वह पहला व्यक्ति होता है जो सामाजिक और असामाजिक तत्वों से सबसे पहले आंखें मिलाता है। हालांकि, इसमें एक दूरदर्शी नजरिए की भी आवश्यकता होती है जो किसी विषय की गंभीरता को मापने के लिए उपयोगी होती है। पत्रकार किसी एक विषय या बीट के लिए अपने अनुभव का विस्तार करता है। हिंदी पत्रकारिता के कुछ सरोकार जो किसी साधारण नागरिक को एक अहम पत्रकार के रूप में स्थापित करते हैं, उनमें सबसे पहले है सत्य और निष्पक्षता, जो खबरों को प्रस्तुत करने के लिए जरूरी है। इसके बाद बारी आती है जनता को महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूक करने और उन्हें सूचित करने की। यह आवश्यक है कि हिंदी पत्रकारिता जिम्मेदारी और जवाबदेही के साथ काम करे ताकि जनता का विश्वास बनाए रखा जा सके। जिम्मेदारी और जवाबदेही हिंदी पत्रकारिता की रीढ़ होती है। इन सरोकारों में आगे हम निष्पक्ष विश्लेषण को रखते हैं। हिंदी पत्रकारिता में निष्पक्ष विश्लेषण किसी पत्रकार की नैतिक जवाबदेही को तय करता है जिससे जनता को विभिन्न दृष्टिकोणों को समझने में मदद मिल सके। इसके बाद भ्रष्टाचार और अन्याय के खिलाफ लड़ना और जनता के अधिकारों की रक्षा करना हिंदी पत्रकारिता को पूजनीय बनाता है। एक पत्रकार होने के नाते हिंदी पत्रकारिता की जिम्मेदारी को समझना चाहिए और जनता को पत्रकारिता से अपेक्षा होती है कि वे सत्य और निष्पक्षता के साथ काम करें। जनता को भ्रष्टाचार और अन्याय के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए और हिंदी पत्रकारिता को समर्थन देना चाहिए, जो इन मुद्दों पर काम कर रही है। हिंदी पत्रकारिता सत्य का शोध और मूल्य प्रतिष्ठापना का सतत संघर्ष है। गीता में जगह-जगह 'शुभ दृष्टि' का प्रयोग है। यह शुभ दृष्टि ही हिंदी पत्रकारिता है जिसमें गुणों को परखना तथा मंगलकारी तत्वों को प्रकाश में लाना शामिल है। सूरज 'समदृष्टि' से सभी जीव-जंतुओं और पेड़-पौधों को पोषण देता है। वास्तव में, वही सच्चा पत्रकार है, जो सूरज के इसी भाव को थामे जनता को खबरदार और सक्षम बनाता है। हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर हमें इस शुभ दृष्टि को और सशक्त करना होगा ताकि यह जनता के हित में सत्य और सुंदरता का प्रकाशन कर सके।**

# स्वतंत्र पत्रकारिता को मिले बढ़ावा

**अशोक मधुप**



भारत में पत्रकारिता एक समय पर लोकतंत्र का चौथा स्तंभ मानी जाती थी। समाज की आवाज़ उठाने, सत्ता से सवाल पूछने और जनभावनाओं को मंच देने में इसकी भूमिका अविस्मरणीय रही है। लेकिन बीते कुछ वर्षों में पत्रकारिता का स्तर चिंताजनक रूप से गिरा है, जबकि पत्रकारों की प्रसिद्धि, प्रभाव और पहुंच पहले से कहीं अधिक बढ़ी है। यह विरोधाभास क्यों? पत्रकार बड़े होते जा रहे हैं, पर पत्रकारिता क्यों सिकुड़ रही है? आज फ़ेसबुक पत्रकार, न्यूज पोर्टल चलाने वाले पत्रकार, यूटयूब चैनल चलाने वाले पत्रकारों की देश में बाढ़ सी आ गई है। दैनिक अखबार भी तेजी से बढ़ रहे हैं। आनलाइन समाचार पत्रों की रोज गिनती बढ़ती जा रही है। जिसे देखो पत्रकारिता कर रहा है। इतना सब होने के बावजूद पिछले कुछ साल में खबर की विश्वसनीय घटी है। पत्रकारिता का स्तर गिरा है। पत्रकार का सम्मान घटा है। पहले माना जाता कि अखबार में छपा है तो सही होगा, किंतु मीडिया में आई खबर की आज कोई गारंटी देने को तैयार नहीं। आज का पत्रकार खबर लिख रहा है किंतु खबर की गांरटी से भाग रहा है। वह यह दावा करने को कतई तैयार नहीं कि जो खबर उसने लिखी है, वह सही है। विश्वनीय है। जब तक खबरों को चेहरों से बड़ा नहीं समझा जाएगा और पत्रकारिता को फिर से जनसेवा के रूप में नहीं देखा जाएगा, तब तक यह गिरावट जारी रह सकती है। पत्रकारिता के नए हाल पर न्यूज पोर्टल और यूटयूब चैनल पर चलती फर्जी खबरों का लेकर देश के लगभग 20 अखबारों ने एक अभियान शुरू किया है। इसके तहत वे प्रचार कर रहे हैं कि न्यूज पक्की और सच्ची खबर प्रिंट मतलब पक्का सबूत। इन्होंने ये अभियान तो शुरू किया किंतु अभियान चलाते समय वे ये भूल गए कि वे भी फ़ेसबुक और यूटयूब चैनल चला रहे हैं, इतना जरूर है कि इनके पास प्रोफ़ेशनल की टीम है, इसलिए इनकी खबरें ज्यादा प्रभाणित है, ज्यादा विश्वसनीय हैं। पत्रकारिता कभी मिशन था। आजादी के आंदेलन तक मिशन रहा। धीरे-धीरे इसमें व्यापारी आने लगे। औद्योगिक घराने उतर गए। इनका उद्देश्य समाज सेवा नही रहा, व्यापार हो गया। ये व्यापार करने लगे। वह छापने लगे जिससे इन्हें लाभ हो। इन्होंने पत्रकारिता और अखबारों के नाम पर दुकाने खोल लीं। लेकिन इन्होंने समाज की जरूरतों का ध्यान रखा। करोड़ों रूपये लगाकर ये सर्वे कराते कि किस उम्र का पाठक क्या पढ़ना चाहता है, उस रिपोर्ट के आधार पर ये खबरे कराते। लेख लिखाते। बस अपने हितों का ध्यान रखते। इन प्रतिष्ठानों को पैसा मिलने लगा तो इनसे जुड़े पत्रकारों और कर्मचारियों को आकर्षक वेतन और कमीशन मिलने लगे। मिशन की भावना पत्रकारिता से गायब हो गई।मीडिया संस्थान अब स्वतंत्र नहीं रहे। बड़े मीडिया हाउस कॉरपोरेट पूंजी से संचालित हो रहे हैं और कई बार सरकार के नजदीक दिखते हैं। इससे खबरों की निष्पक्षता और निर्भीकता पर प्रश्नचिह्न लगते हैं। नतीजा–जांच रिपोर्टिंग, जमीनी सच्चाई और सत्ता से सवाल पूछने की परंपरा लगभग गायब होती जा रही है। गांव देहात से छोटे-मोटे पत्रकार अब भी मिशन के तहत लगे थे। डेरा सच्चा सौदा के राम रहीम के किस्से भी स्थानीय ऐसे ही एक सांध्य दैनिक समाचार पत्र से प्रकाश में आए। सिरसा के सांध्य दैनिक 'पूरा सच' के संपादक रामचंद्र छत्रपति, राम रहीम और डेरा सच्चा सौदा पर आश्रम में हो रही ख़बरें लिख रहे थे। वहां हो रहे कारनामों का भंडाफोड़ कर रहे थे। उन रामचंद्र छत्रपति को गोलियां मारी गईं। हत्या करा दी गई। आरोप राम रहीम पर आया। सीबीआई जांच हुई और अपराध साबित हुआ। समय तेजी से बदल रहा है। आज पत्रकार अपना न्यूज पोर्टल ही नहीं चला रहे। यूटयूब चैनल चला रहे है। फेसबुक लाइव पर लगे है। रोज नए ब्लागर पैदा हो रहे है। आज का पत्रकार खुद एक 'ब्रांड' बन चुका है। सोशल मीडिया ने रिपोर्टिंग को व्यक्ति-केंद्रित बना दिया है। पहले खबरें केंद्र में होती थीं, अब पत्रकार। टीवी डिबेट्स और यूट्यूब चैनलों पर पत्रकार अपनी पहचान, विचारधारा और नाटकीयता को प्राथमिकता देते हैं। खबर से ज़्यादा चर्चित चेहरा बनना आज का लक्ष्य बन गया है। पहले विज्ञापन के लिए उद्योगपतियों की ओर देखना पड़ता था, अब ऐसा नहीं है। अब आपकी साम्रग्री के हिसाब से गूगल भुगतान कर रहा है जिनकी सामग्री अलग और नई है, वे मौज ले रहे हैं। इससे सबसे ज्यादा नुकसान ये हुआ कि कुछ अपने लाइक लेने, व्यूज और टीआरपी की दौड़ में मीडिया अतिरंजित खबरे चला रहा है। उसे खबरों के पुष्ट करने का समय नहीं। फर्जी खबरे चल रही हैं। अभी आपरेशन सिंदूर के दौरान किसी ने खबर चला दी कि भारतीय सेना पाकिस्तान में प्रवेश कर गई तो एक ने चला दिया कि भारत का लाहौर पर कब्जा हो गया जबकि ऐसा कुछ नहीं था। डिजिटल युग में टीआरपी और व्यूज़ ही सफलता का पैमाना बन गए हैं। गंभीर पत्रकारिता की जगह सनसनीखेज खबरें, गॉसिप और 'डिबेट तमाशा' ने ले ली है। तथ्य की जगह धारणा, विश्लेषण की जगह उत्तेजना और संवाद की जगह शोर ने कब्जा कर लिया है। एंकर शोर मचाकर चीखकर पाठकों को आकृषित करन में लगे हैं। खबरों के हेडिंग गलत लगाकर पाठक को खबर पढ़ने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जबकि खबरों में हेडिंग के अनुरूप कुछ नहीं होता। इससे पत्रकारिता का स्तर और विश्वसनीयता तेजी से गिर रही है। अखबारों में झूठी खबरों को रोका जाता था। कोशिश रहती कि खबरों की विश्वसनीयता बनी रहे। व्यक्तिवादी तंत्र में अब ऐसा नहीं हो रहा। जल्दी दिखाने की होड़ में और टीआरपी बटोरने के लिए आधी-अधूरी खबरे चलने लगी है। मुंबई पर आतंकवादी हमले और कंधार विमान अपहरण कांड के दौरान मीडिया ने कुछ ऐसी खबरे चलाईं जिससे दुश्मन और आंतकवादियों को ज्यादा लाभ हुआ। इन्होंने देश हित नहीं देखा। मुंबई हमले को चैनल द्वारा लाइव दिखाने के कारण पाकिस्तान में बैठे हमलावरों के आका चैनल देखकर आंतकवादियों को दिशा निर्देश दे रहे थे। इसकी आलोचना भी हुई। मीडिया के लिए दिशा-निर्देश बनाने की मांग भी हुई। धीरे-धीरे गांव-कस्बों की खबरें गायब हो चुकी हैं। रिपोर्टर अब स्टूडियो में बैठकर 'नेरेटिव' बनाते हैं। ग्राउंड पर जाने की ज़हमत नहीं उठाते। इससे पत्रकारिता का मूल उद्देश्य–जनता की आवाज़ को मंच देना–कमज़ोर हो गया है। अब ये जरूरी होता जा रहा है कि मीडिया में आने वाले पत्रकारिया या वीडियो पत्रकारिता का प्रशिक्षण लेकर आए। नए शासनादेश, देशहित और कानून की उन्हें जानकारी हो। सरकार द्वारा प्रत्येक पत्रकार के लिए ये प्रशिक्षण अनिवार्य किया जाना चाहिए। बार कौंसिल की तरह पत्रकार कौंसिल जैसी संस्था बने जो पत्रकारों पर नजर रखे। उनके लिए दिशा-निर्देश तैयार करे। ऐसा होता है तो सरकार को मीडिया पर नियंत्रण की जरूरत नहीं पड़ेगी। वरन सरकार को इस पर नियंत्रण के लिए कभी न कभी दिशा निर्देश जारी ही करने होंगे। जैसे की अभी आपरेशन सिंदुर के समय जारी किये गए। नवोदित पत्रकारों के लिए पत्रकारिता अब 'मिशन' नहीं बल्कि 'कैरियर' बनती जा रही है। कई संस्थानों में उन्हें बहुत कम वेतन पर काम कराया जाता है, जिससे उनमें पेशे के प्रति समर्पण घटता है। वहीं वरिष्ठ पत्रकारों का आभा मंडल इतना विशाल हो गया है कि नए लोगों को उभरने का मौका कम मिलता है। इसलिए जरूरत है कि स्वतंत्र पत्रकारिता को बढ़ावा मिले। पब्लिक फंडिंग या सब्सक्रिप्शन आधारित मॉडल को प्रोत्साहित किया जाए। नए पत्रकारों को प्रशिक्षण और संरक्षण मिले। ग्राउंड रिपोर्टिंग को बढ़ावा दिया जाए।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

# हिंदी पत्रकारिता का 'रविवार' काल

**-डॉ ध्रुव कुमार**

आपातकाल के दौरान देश में हिंदी पट्टी के पाठकों को उस वक्त गहरा धक्का लगा जब आम लोगों की बौद्धिक आवाज बन कर उभरे अनेक समाचार पत्र और पत्रिकाओं ने गहरी चुप्पी ओढ़ ली। हताश और निराश लोगों को तलाश थी, एक ऐसे समाचार पत्र या पत्रिका की जो आपातकाल की सच्चाइयों को न सिर्फ सामने लाए बल्कि सत्ता में आई जनता पार्टी के दिग्गजों की तू-तू, मैं-मैं की अंदरूनी उठा-पटक भी बता सके। लोगों को यह जरूरत जल्द ही पूरी हुई जब आनंद बाजार पत्रिका समूह ने साप्ताहिक 'रविवार' का प्रकाशन शुरू किया। यह एक संयोग ही था कि जिस कलकत्ता (अब कोलकाता) में दो सौ साल पहले 1826 में हिंदी पत्रकारिता का जन्म हुआ था, उसी कलकत्ता में उस घटना के डेढ़ सौ साल बाद यानी 1977 में साप्ताहिक पत्रिका 'रविवार' की शुरूआत हुई। इसके प्रवेशांक में प्रथम संपादक एम.जे. अकबर ने एक विशेष टिप्पणी लिखी-देश की आजादी के तीस साल बाद एक बार फिर देश ने करवट ली है और उसका प्रभाव समाज के हर अंग पर पड़ता दिख रहा है। आज तक देश अंग्रेजी की छत्रछाया में पलता रहा है, लेकिन हमें विश्वास है कि परिवर्तन की इस प्रक्रिया का प्रभाव अब भाषा पर भी पड़ेगा और हिंदी अब सचमुच राष्ट्रभाषा बनकर रहेगी। हम चाहते हैं कि इस महत्वपूर्ण कार्य में हमारा भी कुछ विनम्र योगदान हो। .... अब हम हिंदी पत्रकारिता के विशाल क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं और हमें पूरा विश्वास है कि हम इस ईमानदारी के साथ रविवार को भी सफल बनाएंगे क्योंकि रविवार हमारे दिल की तमन्ना है, हमारे माथे का पसीना है। भविष्य रविवार की मुट्ठी में है। अपनी भाषा और प्रस्तुति में विशिष्टता और आक्रामकता लिए एक रुपए कीमत वाली यह पत्रिका प्रत्येक रविवार को प्रकाशित होने लगी। आठ माह बाद मई, 1978 में सुरेंद्र प्रताप सिंह (एसपी सिंह) इसके संपादक हुए। इसमें कोई संदेह नहीं है कि अपने युवा संपादक सुरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में 'रविवार' पाठकों की उम्मीदों पर खूब खरा उतरा। रविवार ने एक नए किस्म की पत्रकारिता शुरू की। उसकी सबसे बड़ी पहचान यह बनी कि उसने फील्ड रिपोर्टिंग पर जोर दिया। वह विचार और टिप्पणियों से अधिक घटनास्थल से की गई रिपोर्टिंग की पत्रिका के रूप में याद की जाती है। कहा जाता है कि सुरेंद्र प्रताप सिंह दैनिक समाचार पत्रों के अंदर के पृष्ठों पर प्रकाशित मुख्यालय से सुदूर इलाके की दो- तीन पंक्तियों की खबरों की तहकीकात के लिए अपने रिपोर्टर को घटनास्थल पर भेजकर तथ्यात्मक विवरण मंगाते और उसे प्रमुखता से प्रकाशित करते। उसमें घटनाओं के विश्लेषण के बजाय घटनाओं के पीछे की अंतर्कथा ज्यादा होती थी। हिंदी पत्रकारिता में पहली बार 'रविवार' ने राजनीतिक जोड़-तोड़, उठा-पटक और राजनेताओं के अंतःपुर की कहानियों से लेकर देश के दूर-दराज के इलाकों में सामंती और पुलिसिया जुल्म, मुठभेड़ हत्याओं, प्रशासनिक भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की बेखौफ रपटें प्रकाशित की। जाहिर है पाठकों ने 'रविवार' को हाथों-हाथ लिया। इस नई पत्रकारिता का असर धीरे-धीरे हिंदी के अधिकांश अखबारों और पत्रिकाओं पर दिखने लगा। वैसे भी यह दौर राजनीतिक रूप से भी बहुत उथल-पुथल का था। अखबारों और पत्रिकाओं के पास छापने के लिए बहुत कुछ था और रविवार ने राजनीतिक रूप से जागरूक पाठकों में पढ़ने की गजब की भूख पैदा कर दी।1976 के मध्य से लेकर 1979 के बीच सिर्फ तीन वर्षों में समाचारपत्रों की खपत में 40 फीसदी और पत्रिकाओं की बिक्री में 34 फीसदी की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। अगले एक दशक तक 'रविवार' जनमानस पर पूरी तरह छाया रहा। इसे हिंदी पत्रकारिता का 'रविवार' काल कहा गया। सुरेंद्र प्रताप सिंह लगभग 7 साल तक इसके संपादक रहे और 17 फरवरी 1985 को उदयन शर्मा इसके संपादक हुए और अगले 5 वर्षों तक 30 सितंबर 1989 तक इस पद पर रहे। उदयन शर्मा के संपादन बनने के बाद रविवार के रंग-रूप में कई तब्दीलियां आईं। अब यह पत्रिका 84 पृष्ठों की हो गई थी । 17 फरवरी 1985 के अंक में 'प्रथम पुरुष' नामक स्तंभ में, उदयन शर्मा ने अपने पूर्व संपादक सुरेंद्र प्रताप सिंह के उत्कृष्ट संपादन कला की चर्चा करते हुए लिखा- 'एसपी का उत्तराधिकारी होना स्वयं में एक बेहद बड़ी जिम्मेदारी है। मुझे पता नहीं कि मैं उस मानदंड को छू भी सकूंगा कि नहीं, जो एसपी ने कायम किया। सुरेंद्र प्रताप सिंह ने जिस नए अंदाज और दिलेरी के साथ इस पत्रिका का संपादन किया, उसे हिंदी पत्रकारिता को नई दिशा के साथ-साथ तरो-ताजा मुहावरा भी मिला। गांव और छोटे कस्बों में एक नए अंदाज में रिपोर्टिंग की प्रथा को प्रोत्साहित करने के अलावा एसपी ने छोटी-छोटी घटनाओं के पीछे की बड़ी-बड़ी खबरों को पकड़ने की जो कला विकसित की उससे उनके साथ काम करने वाले लोग भी आश्चर्य में थे। जाहिर है सुरेंद्र प्रताप सिंह ने हिंदी पत्रकारिता को एक नई ऊंचाई, तेवर और नया गौरव प्रदान किया। उदयन शर्मा ने रविवार में कई परिवर्तन किए किंतु उसके मूल स्वर और चरित्र में कोई बदलाव नहीं आया, अलबत्ता विषयों का दायरा बढ़ा। महिलाओं और बच्चों के लिए सामग्रियां छपने लगी। राज्यों से विशेष राजनीतिक रपटों के लिए पन्नों में इजाफा हुआ। उदयन शर्मा के पश्चात पत्रिका के प्रकाशक बिजित कुमार बसु इसके कार्यवाहक संपादक बने किन्तु रविवार ज्यादा दिन तक प्रकाशित नहीं हो पाया और कुछ ही दिनों के पश्चात 22 अक्टूबर 1989 को इसका प्रकाशन बंद हो गया। अपने 12 वर्षों के प्रकाशन काल में रविवार ने दूसरी आजादी (आपातकाल) के बाद की जुझारू, प्रामाणिक और दस्तावेजी पत्रकारिता के कई कीर्तिमान गढ़े। रविवार ने न सिर्फ कम्युनिस्ट, आरएसएस और कांग्रेस समाजवादियों पर ही आलोचनात्मक टिप्पणियां प्रकाशित की, बल्कि विनोबा भावे एवं उनके सर्वोदय संगठन की भूमिका की भी समीक्षा की। सर्वोदय आंदोलन के भटकाव का लेखा-जोखा प्रस्तुत करती रपट 'सर्वोदय यानी गांधी की एक और हत्या' एवं 23 मार्च 1980 के अंक में जयप्रकाश नारायण द्वारा स्थापित नवादा के सोखोदेवरा आश्रम को शोषण लूट और व्यभिचार के अड्डे के रूप में तब्दील होते जाने पर वरिष्ठ पत्रकार अरुण रंजन की विशेष रिपोर्ट प्रकाशित की। रविवार ने हिंदी भाषी बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान आदि राज्यों की राजनीतिक उठापटक, घटनाओं, क्षेत्रीय क्षत्रपों, मुख्यमंत्री की कार्यशैली के बारे में काफी खोजपूर्ण और तथ्य परख रपटें की। रविवार ने पत्रकारिता की भाषा को रोजमर्रा की सीधी सादी और बोलचाल की भाषा दी, ऐसी शैली दी, जो पाठकों को सीधे वैचारिक रूप से उद्वेलित और प्रभावित करती थी।

**(लेखक वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार एवं टीचर एजुकेटर हैं।)**

# बिहार की हिंदी पत्रकारिता में नवबिहार टाइम्स के महत्वपूर्ण साढ़े तीन दशक

**डॉ ध्रुव कुमार**



हिंदी पत्रकारिता के बारे में एक सर्वमान्य तथ्य यह है कि यह बंगाल में जन्मी, उत्तर प्रदेश में पली-बढ़ी और बिहार में तरुण होकर पूरे राष्ट्र में फैल गई। जहां तक बिहार की हिंदी पत्रकारिता का सवाल है तो 'बिहार बंधु' के प्रकाशन के साथ इसकी शुरुआत मानी जाती है। यह एक सुखद संयोग है कि इसकी शुरुआत कलकत्ता (अब कोलकाता ) से ही हुई। कोलकाता ही वह शहर है, जहां 1780 में देश के सबसे पहले समाचार पत्र हिक्की गजट का प्रकाशन हुआ। इसके 46 वर्षों के पश्चात 1826 में हिंदी के सबसे पहले समाचार पत्र 'उदन्त मार्तंड' प्रकाशित हुआ और बिहार के पहले हिंदी और अंग्रेजी समाचार पत्रों के प्रकाशन का श्रेय भी कलकत्ता को ही है। 1872 में 'बिहार बंधु' साप्ताहिक हिंदी समाचार पत्र के रूप में कोलकाता से प्रकाशित हुआ। इसी वर्ष 1872 में ही बिहार के पहले अंग्रेजी समाचार पत्र 'बिहार हेराल्ड' प्रकाशित हुआ। इस समाचार पत्र के जरिए बिहार को बंगाल से अलग करने की बात जोरदार ढंग से उठाई गई थी। बाबू गुरु प्रसाद सेन ने बिहार हेराल्ड में बंगाल से बिहार को अलग करने के कारणों को तथ्यात्मक और तार्किक ढंग से पाठकों के समक्ष रखा। इन मुद्दों पर कुछ समाचार पत्रों ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ मोर्चा खोला तो कुछ ने अंग्रेजों के समर्थन में भी अखबार निकाले। उन दिनों कलकता देश की राजधानी हुआ करती थी। 1872 से बिहार में हिंदी पत्रकारिता ने एक लंबा सफर तय किया। 1872 तक बिहार अब तक बिहार से राजनीतिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक, जातीय, धार्मिक हर क्षेत्र और विधा में समाचार पत्रों का प्रकाशन अनिवार्य रूप से जारी है। भले पत्रकारिता अब मिशन से व्यवसाय ही क्यों न बन चुका हो, समाचार पत्रों का बिहार के विकास, समृद्धि, सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक जागरूकता एवं सरोकार, शिक्षा, स्वास्थ्य प्रत्येक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस दौरान यहां अनेक राष्ट्रीय समाचार पत्रों ने भी अपना प्रकाशन शुरू किया क्योंकि बिहार न सिर्फ एक हिंदी प्रदेश के रूप में पूरी दुनिया में अति प्राचीन काल से अर्जित करने में सफल रहा है बल्कि एक जागरूक, उन्नतशील, जुझारू, सचेत, अध्ययनशील व लगनशील राज्य के रूप में भी चर्चित रहा है। बिहार की हिंदी पत्रकारिता के इतिहास में आज से लगभग 38 साल पहले 1987 में औरंगाबाद के एक छोटे से कस्बे बारून से एक समाचार पत्र का प्रकाशन शुरू हुआ और इसे प्रकाशित का बीड़ा स्थानीय स्वप्नदर्शी युवा पत्रकार कमल किशोर ने उठाया। उन्होंने न सिर्फ अखबार निकालने का फैसला किया बल्कि इसके लिए उन्होंने एक प्रिंटिंग प्रेस की भी स्थापना की ताकि समय पर अखबार निकलता रहे। 18 नवंबर 1987 को एक टैबलॉयड साइज में इस प्रेस से शुरू हुए इस समाचार पत्र के प्रथम अंक का लोकार्पण तत्कालीन जिलाधिकारी देवाशीष गुप्त एवं पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सिन्हा ने किया। तीन वर्षों के पश्चात 28 मई 1990 को यह समाचार पत्र निबंधित (रजिस्टर्ड ) हुआ और इसे नया नाम 'नवबिहार टाइम्स' मिला। अब यह पाक्षिक से दैनिक हो गया था। बिहार झारखंड बंटवारे से एक दशक पूर्व शुरू हुए इस समाचार पत्र ने पिछले 35 सालों में अनेक कीर्तिमान स्थापित किए। 36 साल पहले रोपे गए पत्रकारिता के इस पौधे ने धीरे धीरे एक विशाल बट वृक्ष का रूप ले लिया है। पांच -छह लोगों की टीम के साथ शुरू हुए इस सफर में कई महत्वपूर्ण मोड़ आए। अब लगभग 200 संवाददाताओं, उप संपादकों, प्रशिक्षित तकनीशियन की एक पूरी टीम बिहार को एक संपूर्ण अखबार देने के लिए प्रयासरत है। यह दक्षिण बिहार का एकलौता अखबार है, जिसे पूरे बिहार प्रदेश का अखबार कहा जा सकता है। आमतौर पर जहां ज्यादातर समाचार पत्रों का प्रकाशन स्थानीय संस्करण के हिसाब से होता है, यानी एक जिले की खबरों को दूसरे जिले के पाठक नहीं पढ़ सकते। ऐसे में नवबिहार टाइम्स ने संपूर्ण बिहार के पाठकों के लिए एक ऐसा मुकम्मल समाचार पत्र देने की कोशिश की है, जहां राज्य के किसी भी कोने का पाठक, दूसरे हिस्से की खबर को एक ही अखबार में आसानी से पढ़ सकता है। धीरे-धीरे नवबिहार टाइम्स शाहाबाद और भोजपुर से निकलकर पूरे बिहार का अखबार बन गया है। 2017 से इसने अपनी झारखंड की यात्रा भी शुरू कर दी है। नवबिहार टाइम्स अब झारखंड के औद्योगिक शहर बोकारो से भी प्रकाशित होने लगा है। पिछले आठ वर्षों से यह बोकारो से भी प्रकाशित हो रहा है। झारखंड में भी अब यह अखबार काफी लोकप्रिय हो गया है। बदलते दौर में अखबार में अपने स्वरूप, तकनीक और एप्रोच को भी बदला है। हर क्षेत्र, हर वर्ग की खबर प्रत्येक पाठक तक पहुंचे, इस दिशा में प्रकाशक-संपादक कमल किशोर की अगुवाई में पूरी टीम प्रयासरत है। खोजी खबरें और ग्राउंड रिपोर्टिंग के कारण यह पाठकों की उम्मीदों पर खड़ा उतर रहा है और यही कारण है कि इसकी प्रसार संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। पिछले दिनों एक अत्याधुनिक प्रिंटिंग प्रेस के शुरू हो जाने से इसकी प्रिटिंग गुणवत्ता में और भी सुधार देखने को मिल रहा है। तीन रुपए का यह अखबार औरंगाबाद और बोकारो के साथ साथ बिहार-झारखंड के अन्य शहरों, कस्बों और गांव के पाठकों की पहली पसंद बनता जा रहा है। नवबिहार टाइम्स का अपना पोर्टल भी है, जिसके जरिए पाठकों को हर वक्त 24 घंटे ताजातरीन खबरें मिलती रहती हैं।

**(लेखक वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार एवं टीचर एजुकेटर हैं।)**

# आज के दिन ही हुई थी पहले हिंदी समाचार पत्र की शुरुआत

30 मई भारत में हिन्दी पत्रकारिता के लिए खास तारीख है। दरअसल इसी दिन देश में हिन्दी भाषा में 'उदन्त मार्तण्ड' के नाम से पहला समाचार पत्र वर्ष 1826 को छपा था। इसलिए इस तारीख को हिन्दी पत्रकारिता दिवस के रूप में मनाया जाता है। पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने इसे कलकत्ता (अब कोलकाता) से साप्ताहिक के तौर पर शुरू किया था। इसके प्रकाशक और संपादक भी वे खुद थे। इस तरह हिन्दी पत्रकारिता की शुरुआत करने वाले पंडित जुगल किशोर शुक्ल का हिन्दी पत्रकारिता जगत में विशेष सम्मान है। जुगल किशोर शुक्ल वकील भी थे और कानपुर के रहने वाले थे। उस समय औपनिवेशिक ब्रिटिश भारत में उन्होंने कलकत्ता को अपनी कर्मस्थली बनाया। परतंत्र भारत में देशवासियों के हक की बात करना बहुत बड़ी चुनौती बन चुका था। इसी के लिए उन्होंने कलकत्ता के बड़ा बाजार इलाके में अमर तल्ला लेन, कोलूटोला से साप्ताहिक 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन शुरू किया। यह साप्ताहिक पत्र हर हफ्ते मंगलवार को पाठकों तक पहुंचता था। परतंत्र भारत की राजधानी कलकत्ता में अंग्रेजी शासकों की भाषा में अंग्रेजी के बाद बांग्ला और उर्दू का प्रभाव था। इसलिए उस समय अंग्रेजी, बांग्ला और फारसी में कई समाचार पत्र निकलते थे। हिन्दी भाषा का एक भी समाचार पत्र मौजूद नहीं था। 1818-19 में कलकत्ता स्कूल बुक के बांग्ला समाचार पत्र 'समाचार दर्पण' में कुछ हिस्से हिन्दी के भी होते थे। इस लिहाज से 'उदन्त मार्तण्ड' साहसिक प्रयोग था। इस साप्ताहिक समाचार पत्र के पहले अंक की 500 प्रतियां छपी। हिन्दी भाषी पाठकों की कमी की वजह से उसे ज्यादा पाठक नहीं मिल सके। दूसरी बात की हिन्दी भाषी राज्यों से दूर होने के कारण उन्हें समाचार पत्र डाक द्वारा भेजना पड़ता था। डाक दरें बहुत ज्यादा होने की वजह से इसे हिन्दी भाषी राज्यों में भेजना भी आर्थिक रूप से महंगा सौदा हो गया था। पंडित जुगल किशोर ने सरकार से बहुत अनुरोध किया कि वे डाक दरों में कुछ रियायत दें जिससे हिन्दी भाषी प्रदेशों में पाठकों तक समाचार पत्र भेजा जा सके, लेकिन ब्रिटिश सरकार इसके लिए राजी नहीं हुई। किसी भी सरकारी विभाग ने 'उदन्त मार्तण्ड' की एक भी प्रति खरीदने पर भी रजामंदी नहीं दी। पैसों की तंगी की वजह से 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन बहुत दिनों तक नहीं हो सका और आखिरकार 4 दिसम्बर, 1826 को इसका प्रकाशन बंद कर दिया गया। आज का दौर बिलकुल बदल चुका है। उदन्त मार्तण्ड का शाब्दिक अर्थ है 'समाचार-सूर्य'। अपने नाम के अनुरूप ही उदन्त मार्तण्ड हिन्दी की समाचार दुनिया के सूर्य के समान ही था। उदन्त मार्तण्ड के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए जुगल किशोर शुक्ल ने लिखा था जो यथावत प्रस्तुत है- यह उदन्त मार्तण्ड अब पहले पहल हिंदुस्तानियों के हेत जो, आज तक किसी ने नहीं चलाया पर अंग्रेजी ओ पारसी ओ बंगाली में जो समाचार का कागज छपता है उसका उन बोलियों को जान्ने ओ समझने वालों को ही होता है। और सब लोग पराए सुख सुखी होते हैं। जैसे पराए धन धनी होना और अपनी रहते परायी आंख देखना वैसे ही जिस गुण में जिसकी पैठ न हो उसको उसके रस का मिलना कठिन ही है और हिंदुस्तानियों में बहुतेरे ऐसे हैं। पैसों की तंगी की वजह से 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन बहुत दिनों तक नहीं हो सका और आखिरकार चार दिसम्बर 1826 को इसका प्रकाशन बंद कर दिया गया। शुक्ल को 79 अंक निकालने के बाद अंतिम अंक में लिखना पड़ा कि, 'आज दिवस लौं उग चुक्यौ मार्तण्ड उदन्त, अस्ताचल को जात है दिनकर दिन अब अन्त।' लेकिन डेढ साल में ही डूबने वाले इस ''मार्तण्ड'' ने जो रोशनी भविष्य की पीढ़ी को दिखाई उसका लाभ स्वाधीनता आन्दोलन को भी मिला। बंद होने से पहले इसने हिंदी पत्रकारिता के सूर्य को उदित कर दिया था जो आज भी देदीप्यमान है। पत्रकारिता में क्रांतिकारिता का रंग गणेश शंकर विद्यार्थी ने भरा था। उन्होंने उत्तर प्रदेश के कानपुर शहर से 9 नवंबर 1913 को 16 पृष्ठ का 'प्रताप' समाचार पत्र शुरू किया था। यह काम शिव नारायण मिश्र, गणेश शंकर विद्यार्थी, नारायण प्रसाद अरोड़ा और कोरोनेशन प्रेस के मालिक यशोदा नंदन ने मिलकर किया था। चारों ने इसके लिए सौ-सौ रुपये की पूंजी लगाई थी। पहले साल से पृष्ठों की वृद्धि का सिलसिला बढ़ा तो फिर बढ़ता ही रहा। कुछ ही दिन बाद यशोदा नंदन और नारायण प्रसाद अरोड़ा अलग हो गए। शिव नारायण मिश्र और गणेश शंकर विद्यार्थी ने 'प्रताप' को अपनी कर्मभूमि बना लिया। विद्यार्थी जी के समाचार पत्र प्रताप से क्रांतिकारियों को काफी बल मिला। 19वीं शताब्दी के अंत और 20वीं शताब्दी के प्रारंभ में हिंदी के अनेक दैनिक समाचार पत्र निकले जिनमें हिन्दुस्तान, भारतोदय, भारतमित्र, भारत जीवन, अभ्युदय, विश्वमित्र, आज, प्रताप, विजय, अर्जुन आदि प्रमुख हैं। 20वीं शताब्दी के चौथे-पांचवे दशकों में अमर उजाला, आर्यावर्त, नवभारत टाइम्स, नई दुनिया, जागरण, पंजाब केसरी, नव भारत आदि प्रमुख हिंदी दैनिक समाचार पत्र सामने आए।

> ***परतंत्र भारत की राजधानी कलकत्ता में अंग्रेजी शासकों की भाषा में अंग्रेजी के बाद बांग्ला और उर्दू का प्रभाव था। इसलिए उस समय अंग्रेजी, बांग्ला और फारसी में कई समाचार पत्र निकलते थे। हिन्दी भाषा का एक भी समाचार पत्र मौजूद नहीं था। 1818-19 में कलकत्ता स्कूल बुक के बांग्ला समाचार पत्र 'समाचार दर्पण' में कुछ हिस्से हिन्दी के भी होते थे। इस लिहाज से 'उदन्त मार्तण्ड' साहसिक प्रयोग था। इस साप्ताहिक समाचार पत्र के पहले अंक की 500 प्रतियां छपी। हिन्दी भाषी पाठकों की कमी की वजह से उसे ज्यादा पाठक नहीं मिल सके। दूसरी बात की हिन्दी भाषी राज्यों से दूर होने के कारण उन्हें समाचार पत्र डाक द्वारा भेजना पड़ता था। डाक दरें बहुत ज्यादा होने की वजह से इसे हिन्दी भाषी राज्यों में भेजना भी आर्थिक रूप से महंगा सौदा हो गया था।***

# सदर अस्पताल में मरीजों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

## रोगी कल्याण समिति की बैठक में लिये गये कई निर्णय




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक सदर अस्पताल के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा पूर्व के बैठक में लिये गये प्रस्ताव की समीक्षा की गई। साथ ही सदर अस्पताल को मरीज के हितार्थ नया स्वरूप देने का कई प्रस्ताव लिया गया। जिला पदाधिकारी ने मरीजों की सुविधा के लिए प्रवेश एवं निकासी द्वार अलग करने का निर्देश दिया। ताकि अस्पताल में इलाज कराने आये मरीजों को असुविधा ना हो। साथ ही पार्किंग की व्यवस्था करने का निर्देश भी दिया गया। साथ ही प्रवेश द्वार के सौंदर्यीकरण करने का भी निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया। सदर अस्पताल में जल जमाव की समस्या को देखते हुए ड्रेनेज निर्माण कराने हेतु अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही पोस्टमार्टम घर, एएनएम स्कूल, स्टफ क्वार्टर, विधुत सबस्टेशन, हर्बल गार्डन, पार्किंग आदि की समस्या पर भी बैठक में चर्चा की गई। बैठक में आयुष्मान कार्ड निर्माण को लेकर भी समीक्षा की गई तथा अगले सप्ताह पचास हजार आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्वास्थ्य, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जीविका, जिला लेखा प्रबंधक, बीएमएसआईसीएल के पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# शिविर लगाकर बनाया जाएगा राशन कार्ड : एसडीओ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** सदर अनुमंडल कार्यालय में गुरुवार को नए एसडीएम अनिल कुमार ने कार्यभार संभाला। उन्होंने निवर्तमान एसडीएम राजीव कुमार से पदभार ग्रह्ण किया। इस दौरान सदर एसडीएम को अनुमंडल कार्यालय के सभी कर्मियों ने मिलकर उनका भव्य स्वागत किया। पदभार ग्रह्ण करने के बाद सदर एसडीएम अनिल कुमार ने अपने अनुमंडल कार्यालय अंतर्गत आरटीपीएस कार्यालय, महिला हेल्पलाइन कार्यालय, अनुमंडल आपूर्ति कार्यालय का घूम कर निरीक्षण किया। अपने कार्यालय के कर्मियों को कई आवश्यक निर्देश भी दिए। सदर एसडीएम ने सदर अनुमंडल के पीजी आर ओ कार्यालय के पदाधिकारी सुजय कुमार और सदर डीसीएलआर एशौर्य कश्यप से उनके कार्यालय में जाकर मिले। दोनों अधिकारियों ने सदर एसडीएम को मिलने के बाद अपनी ओर से बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान सदर एसडीएम ने अपने अनुमंडल कार्यालय के सभी कर्मियों से मिलकर परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि विशेष रूप से अपने अनुमंडल क्षेत्र में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति दोनों को शिविर लगाकर राशन कार्ड बनाकर विशेष रूप से तेजी से वितरण हमें करवाना है। उन्होंने कहा हम आम जनता से सुलभ रूप में हमेशा मिलेगे और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका समाधान भी करेगे। एसडीएम ने कहा हम आम जनता का कार्य करने के लिए ही हमे सरकार ने यहाँ पर भेजा है।

## एक नजर

### करोड़ो की लागत से बनेगा अंचल कार्यालय भवन

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के जर्जर भवन के दिन अब बहुरने वाले हैं। बहुत जल्द सारे संसाधनों से लैस होगा नया प्रखंड कार्यालय। नया भवन के लिए,प्रशासन स्वीकृति मिलते ही निर्माण के लिए राशि की आवंटन भी कर दिया गया है। ग्रामीण विकास विभाग ने नए बिल्डिंग के लिए 16 करोड़ 6 लाख 21 हजार राशि की स्वी.ति दी गयी है। ज्ञात रहे कि जब से बखरी प्रखंड का स्थापना हुआ है तब से लेकर आज तक इस कार्यालय भवन में कोई बदलाव नहीं हुआ है।इसके बजह से यह कार्यालय भवन काफी जर्जर हो गया है। इतना ही नहीं मकान छत का हालात ऐसा है कि पदाधिकारी को हमेशा यह बना रहता है कि कब उनके उपर छत का हिस्सा टूटकर गिर जाए। इस स्थिति को देखते हुए प्रखंड पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारी द्वारा लगातार शिकायत भी कर रहे थे।

### भीम समग्र विकास हेतु शिविर का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के एक मात्र पंचायत हसनपुर बगर के नाथ बगर में अनुसूचित जाति व जनजाति के समग्र विकास एवं उत्थान हेतु भीम समग्र सेवा अभियान के तहत विशेष शिविर का आयोजन गुरुवार को किया गया। इसके पूर्व ही विभिन्न 22 विभागों में समस्याओं व समाधान के लिए प्रशासनिक कसरत आरंभ थी। फिर भी सरकारी दिशा निर्देश के आलोक में अनुसूचित जाति मुहल्ले में शिविर आयोजित की गयी। बीडीओ चिरंजीव पाण्डेय ने बताया कि कैम्प तिथि के पूर्व प्राप्त आवेदन 55,निष्पादित 2, कैम्प तिथि में प्राप्त आवेदन 27,निष्पादित 10, आज तक कुल लंबित 82 हैं। शिविर में सीओ सूरज कुमार, बीपीआरओ निधि प्रिया, राजस्व अधिकारी अखिलेश्वर राम, मुखिया विजय पासवान, आवास सहायक, रोजगार सेवक, विकास मित्र अर्जुन रजक आदि मौजूद थे।

### हत्या के फरार तीन आरोपित पकड़ाये

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर जिले के बबुरा थाना क्षेत्र के दुर्जनचक गांव में हत्या केस में फरार चल रहे तीन आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित दुर्जनचक निवासी हरकेश राय के पुत्र गौतम कुमार, संजीवन राय के पुत्र आनंद कुमार और निर्मल राय के पुत्र संजीव राय है। पूर्व के जमीनी विवाद में एक वृद्ध को गोली मारकर हत्या करने का आरोप है। इस संबंध में पुलिस ने 25 दिसम्बर 2023 की घटना में कोईलवर थाना कांड संख्या 734/23 में नामजद आरोपी बनाया गया है। पुलिस को लम्बे समय से तीनो की तलाश थी।

# सतर्कता समिति की बैठक में डीएम ने दिये कई निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिला समाहरणालय कक्ष में जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति एवं अनुसूति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 एवं अन्य संशोधित नियमों के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक हुई। अनुश्रवण समिति तथा मैनुअल स्कैवेंजर रोजगार निषेध एवं पुनर्वास अधिनियम 2013 के तहत गठित जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक भी हुई। बैठक में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 एवं मैनुअल स्कैवेंजर रोजगार निषेध एवं पुनर्वास अधिनियम 2013 के बेहतर क्रियान्वयन हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। जिला पदाधिकारी ने अनुसूचित जाति एवं अनूसचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अन्तर्गत दर्ज हत्या के मामलों में स्पीडी ट्रायल चलाते हुए दोषसिद्धि के दर में वृद्धि किये जाने एवं पीड़ित-आश्रित-गवाह को टीए-डीए भुगतान से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु विशेश लोक अभियोजक (एससी/एसटी ) को निदेश दिया गया। साथ ही पुलिस उपाधीक्षक को यह निदेशित किया गया कि आरोप पत्र समर्पण से संबंधित लम्बित मामलों में भी त्वरित गति से कार्रवाई की जाय। ताकि संबंधित पीड़ित परिवारों को अनुमान्य मुआवजा की राशि से ससमय लाभान्वित कराया जा सके। बैठक में सिविल सर्जन बेगूसराय, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (मु), लोक सूचना पदाधिकारी नगर निगम, गणेश कुमार, पीओए नोडल बेगूसराय, स्टेशन मास्टर, बेगूसराय सहित अन्य सदस्यगण तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं उपस्थित थे।

# छिनतई के दौरान अपराधियों ने युवक को मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** चकिया थाना क्षेत्र के सिमरिया गंगा घाट पर गुरुवार को अज्ञात अपराधियों ने छिनतई का विरोध करने पर गोली मारकर घायल कर दिया। गंगा घाट पर गुरुवार को अपराधियों ने एक महिला श्रद्धालु का सोने का चेन छीना। इस घटना को देखकर महिला के बेटे ने विरोध किया। इसपर अपराधियों ने उसके पुत्र को गोली मारकर घायल कर दिया। बताया जाता है की समस्तीपुर जिला के नगर थाना क्षेत्र के मकर दही गांव निवासी संदीप कुमार गुप्ता अपने परिवार के साथ कार से सिमरिया धाम में गंगा स्नान करने आए थे। सुबह 8 बजे के करीब सिमरिया पंहुचने पर जैसे ही कार से उनकी मां गाड़ी से उतरी तो दो बदमाशों के द्वारा इनके माता के सोने का चेन छीन लिया। जब संदीप ने बदमाशों का पीछा करने लगे तो बदमाश ने पहले हवाई फायरिंग की। फिर संदीप के पैर में गोली मार कर घायल कर दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। लेकिन बदमाश महिला का सोने का चेन लेकर भागने में सफल रहा। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को भी दी गई। लेकिन परिजनों का आरोप है पुलिस ने सूचना देने के बावजूद ना तो कोई मदद की और ना ही कोई कार्रवाई की। घायल संदीप को परिजनों के द्वारा इलाज के लिए ऐलेक्सिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां वह इलाज के बाद खतरे से बाहर हैं। परिजनों ने कहा कि सिमरिया गंगा धाम पर्यटक के रूप में विख्यात है। लोग दूर-दूर से यह गंगा स्नान करने आते हैं। लेकिन सुरक्षा के नाम पर यहां कुछ नहीं है। अस्पताल में इलाज कर रहें डॉक्टर ने बताया कि पैर में गोली लगी है। खतरे की कोई बात नहीं है।

# बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, पटना द्वारा दो दिवसीय परीक्षा के सफल संचालन एवं विधि व्यवस्था के संधारण हेतु बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता अपर समाहर्ता सोमनाथ सिंह ने की। परीक्षा 31 मई से 1 जून को आयोजित डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के सफल संचालन एवं विधि व्यवस्था के संधारण हेतु बैठक आयोजित की गयी। अपर समहर्ता ने बताया कि जिले के 12 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा स्वच्छ, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो, इसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की है। इसलिए सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी अपने-अपने निर्धारित उत्तरदायित्वों का शत-प्रतिशत निर्वहन करना सुनिश्चित करने के साथ-साथ पर्षद द्वारा जारी सभी आवश्यक निदेश का पालन करेगे।उन्होंनें कहा कि परीक्षा केंद्र का प्रवेश गेट प्रातः 7 बजे से अभ्यर्थियों के प्रवेश के लिए खोल दिया जाएगा तथा किसी भी परीक्षार्थी का परीक्षा कक्ष में अपने साथ किसी प्रकार के इलेक्ट्रनिक उपकरण यथा मोबाईल, इलेक्ट्रनिक गैजेट आदि के साथ प्रवेश वर्जित रहेगा। उन्होंने सभी केंद्राधीक्षक, वीक्षक, फ्लाइंग स्क्वैड एवं प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी को निदेश देते हुए कहा कि वे सजग रह कर परीक्षा कक्ष में मोबाइल, ब्लूटूथ किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक गजट आदि पर सख्ती से रोक लगाने की सुनिश्चित का निर्देश दिया। उड़नदस्ता दल में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी को भी निदेश दिया गया कि वे अपने आवंटित परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करेंगे तथा परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थी के चेहरे के मिलान एडमिट कार्ड में लगे फोटो से रैंडम चौकिंग करेंगे तथा यदि कोई अभ्यर्थी इम्पर्सोनेशन कर रहा हो तो उसे तुरंत गिरफ्तार कर लेंगे। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, सभी केन्द्राधीक्षक, आब्जर्वर, मजिस्ट्रेट, केंद्राधीक्षक आदि उपस्थित थे।

# स्वाभिमान दिवस के रूप में मनी महाराणा प्रताप की जयंती

## छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किया भाषण, किये गये पुरस्कृत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** राष्ट्रपुरूष महाराणा प्रताप की जयंती मध्य विद्यालय गढ़हरा परिवार के संरक्षण में गुरूवार को स्वाभिमान दिवस के रूप में मनायी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद बीहट के उपमुख्य पार्षद ऋषिकेश कुमार, गढ़हरा थानाध्यक्ष गौतम कुमार, वरिष्ठ रंगकर्मी समाजसेवी शिवजी आर्य थे। अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम संयोजक समाजसेवी मुक्तेश्वर प्रसाद वर्मा व एचएम सिकंदर कुमार पासवान ने किया। अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र, मोमेंटो व लेखनी प्रदान कर किया गया। भाषण का विषय राष्ट्रपुरूष महाराणा प्रताप का आत्म स्वाभिमान से सीख पर स्थानीय छह विद्यालयों से आये प्रतिभागी छात्र छात्राओं ने अपना भाषण प्रस्तुत किया। विषय प्रस्तुत कराते हुए संयोजक मुक्तेश्वर प्रसाद वर्मा, शिवजी आर्य, प्रमोद सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप न केवल मेवाड़ के शासक थे, बल्कि वे भारतीय इतिहास में शौर्य, स्वाभिमान और मातृभूमि प्रेम के प्रतीक भी हैं।आज का दिन हमें उनकी असाधारण वीरता और अद्वितीय बलिदान की याद दिलाता है। मौके पर राष्ट्रपति पुरस्कार स्काउट से सम्मानित सुरेंद्र कुमार, मो दानिश महबूब, योगाचार्य धर्मेन्द्र आर्य, भौतिकी शिक्षक राजकुमार प्रसाद, मुकेश सिंह बबलू ,लाल बहादुर महतो, रेणुलता, हरिशंकर प्रसाद मंडल आदि ने विचार रखे। मौके पर एसपीएनएस प्लस टू स्कूल बारो की प्रतिभागी छात्रा अर्चना कुमारी, रेलवे इंटर कलेज गढ़हरा का छात्र विश्वजीत कुमार, मध्य विद्यालय बारो से छात्रा रागिनी कुमारी व लाइवा सुल्तान, उत्क्रमित मध्य विद्यालय आशिकपुर गढ़हरा से रागिनी कुमारी, सुमन कुमारी, अबु हुजैफा, मध्य विद्यालय गढ़हरा साक्षी कुमारी, राजकुमार, आशिया प्रवीण की प्रस्तुति सराहनीय रही। वहीं सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति गढ़हरा के साक्षी कुमारी की रही। मंच संचालन रंजीत कुमार सिंह व सुधीर कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। धन्यवाद ज्ञापन एचएम सिकंदर कुमार पासवान ने दिया।

# बड़हरा पूर्वी ने बड़हरा मध्य को हरा ट्रॉफी पर कब्जा जमाया



विजेता को उपहार में मिली बाइक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड स्थित पड़रिया स्टेडियम में बुधवार की रात ''रणधीर सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट-2025'' का फाइनल मुकाबला और विजेताओं का सम्मान समारोह सम्पन्न हो गया। मैच ''बड़हरा मध्य'' बनाम ''बड़हरा पूर्वी'' के बीच हुआ। इस में ''बड़हरा पूर्वी' ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए (59 रन) विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। मैच 21 से 28 मई तक आयोजित था। यह टूर्नामेंट बिहार क्रिकेट एसोसिएशन, पटना की देख-रेख में एवं पूर्व एमएलसी रणविजय सिंह 'राजापुरवाले' के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। क्रिकेट समापन समारोह की मुख्य अतिथि समाजसेवी काजल देवी थी। जिनकी गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक सम्मानजनक और प्रेरणादायक बना दिया। फाइनल मैच सम्पन्न होने के बाद खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। विजेता बड़हरा पूर्वी टीम के खिलाड़ी मनीष यादव को मैन ऑफ द सीरीज का खिताब मिला। इन्हे उपहार में रणविजय सिंह व काजल देवी द्वारा मोटरसाइकिल प्रदान किया गया। मैन ऑफ द मैच छोटू, मनीष यादव व गोलू (बड़हरा पूर्वी) को साइकिल, बड़हरा मध्य के खिलाड़ी अंकित, बाया एलेवन, सिपू व सुमंत को साइकिल प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में प्रत्येक खिलाड़ी को सम्मान स्वरूप उपहार एवं प्रमाण पत्र रणविजय सिंह द्वारा प्रदान किए गए। मैच समापन पर आतिशबाजी से आकाश रंगीन बना साथ ही माहौल को उल्लास से भर दिया। बड़हरा का आसमान, रंग-बिरंगे प्रकाश से नहाया हुआ था। रणविजय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यह टूर्नामेंट मेरे पूज्य पिताजी स्व. रणधीर सिंह की स्मृति को समर्पित है। हमारे युवाओं ने इस आयोजन में अपने खेल कौशल से सबका दिल जीत लिया है। भविष्य में और भी बड़े स्तर पर आयोजन होंगे ताकि क्षेत्रीय प्रतिभाओं को बेहतर मंच मिले।

# विषैले सांपों से लोगों को बचा रहे पप्पू

## पर्यावरण मित्र बनकर लोगों की कर रहे सेवा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी।** जिले के बखरी प्रखंड निवासी पप्पू विषधर सांपो से लोगो की रक्षा कर मिशाल पेश कर रहे है। इनकी सहायता की जरूरत बेगूसराय ही नहीं बल्कि आसपास के सीमावर्ती खगड़िया एवं समस्तीपुर जिले से भी लोग सांपों को पकड़ने के लिए पप्पू पासवान से संपर्क करते हैं। बखरी में रहने वाले पप्पू पासवान पर्यावरण मित्र बनकर लोगों की सांप जैसे जहरीले जंतु से रक्षा कर रहे हैं। उनका मकसद लोगों की जान बचाना ही नहीं पर्यावरण मित्र बनकर जीवों को संरक्षण भी देना है। जो जीव जिस वातावरण या परिवेश के लिए बनाए गए हैं उन्हें वहां तक पहुंचाना भी उनका उद्देश्य है। बखरी नगर परिषद इलाके के वार्ड-6 निवासी पप्पू पासवान (30) ने पढ़ाई लिखाई तो नहीं की, लेकिन कुछ अलग करने का उनमें जज्बा है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार में जन्म लेने की वजह से जीवन काफी संघर्ष भरा रहा है। छोटा-मोटा व्यवसाय करके अपना जीवन यापन करने वाले पप्पू समाज में नजीर पेश कर रहे हैं। उन्होंने चार साल में 15 सौ से 2 हजार सांपों को पकड़कर लोगों की जान बचाई है। पप्पू पासवान उर्फ पप्पू आर्य ने बताया कि इस वह करैत, धामन, अदसर, शाखर, वाइट कोबरा समेत कई प्रजातियों की विषैले सांपों को पकड़ चुके है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए सांपों को वे मंझौल के जयमंगलागढ़ के जंगलों में छोड़ देते हैं। जब सांप 20 या 30 की संख्या में जमा हो जाते हैं तो उन्हें एक साथ जंगल में छोड़ा जाता है। सांप पकड़ने के लिए वह लोगों से पैसे भी नहीं लेते हैं। कहते हैं कि अगर सरकारी स्तर पर उन्हें कुछ सामग्री उपलब्ध करा दी जाए और वन विभाग द्वारा मदद मिल जाए, तो वह लोगों की मदद और भी अच्छे तरीके से कर सकते हैं। बखरी ही नहीं बल्कि आसपास के सीमावर्ती खगड़िया एवं समस्तीपुर जिले से भी लोग सांपों को पकड़ने के लिए पप्पू आर्य से संपर्क करते हैं। उन्होंने अपना खुद का हेल्पलाइन बनाया है। 9905076055, 8969388759 नंबर जारी किए हैं। इनका दावा है कि वह तेंदुआ एवं गीदड़ को भी आसानी से पकड़ा सकते हैं। इसलिए लोगों से अपील की है कि किसी भी जानवर को मारें नहीं है, बस उन्हें फोन कर दें। उनका कहना है कि यह प्र.ति सबके लिए है और इस पर सबका समान अधिकार है।

# पत्नी की हत्या के प्रयास मामले में तांत्रिक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोइलवर/भोजपुर।** गीधा थाना क्षेत्र के पुरदिलगंज निवासी एक तांत्रिक निराला कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित ज्ञानचंद राय का पुत्र है। गीधा थाना कांड संख्या 119/25 के मुख्य आरोपी निराला पर कई संगीन धाराओ का आरोपित पुलिस संचिका में दर्ज है। तांत्रिक निराला उसके भाई विक्की कुमार को पहली, दूसरी व तीसरी पत्नी के रहते हुए तीनों शादियों को छिपाकर चौथी पत्नी से शादी करने, प्रत्येक पत्नी से छिपाकर अगली शादी करने, सभी पूर्व पत्नियों को मारपीट एवं प्रताड़ित करने, गर्भपात कराने एवं जबरन जहरीला पदार्थ देकर इस कांड की वादिनी अपनी दूसरी पत्नी की हत्या करने के प्रयास में गिद्दा थाना में एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इसकी पूर्व तीनों पत्नी इसके मारपीट एवं प्रताड़ना से तंग होकर अलग-अलग जगहो पर छिपकर रह रही है। वह तंगहाली में जीवन व्यतीत कर रही है। निराला कुमार के कुकर्मों में उसका छोटा भाई विक्की कुमार सहयोग करता था। उसके पूर्व पत्नियों पर बुरी नजर भी रखता था।

# सोनू उर्फ निक्कू बने राजद के प्रखंड अध्यक्ष



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गड़हनी (भोजपुर)।** गुरुवार को गड़हनी के लल्लू उत्सव भवन में प्रखंड राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव कराने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता पूर्व प्रधान महासचिव योगेंद्र महतो एवं संचालन राजद के वरीय नेता भिखारी राम ने किया। प्रखंड अध्यक्ष चुनाव को ले जिला से प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी के रूप में हरिफन यादव उपस्थित थे। सर्वसम्मति से सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने गड़हनी निवासी अमजद अली के पुत्र मोहम्मद सोनू उर्फ निक्कू को गड़हनी प्रखंड के राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया। मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि इनके नेतृत्व में पार्टी का विकास बूथ स्तर तक होगा। प्रखंड अध्यक्ष मनोनित होने पर उपस्थित संदेश के पूर्व विधायक विजयेन्द्र यादव एवं अरूण यादव ने मोहम्मद सोनू को माला पहनाकर बधाई दिया एवं कहा कि मोहम्मद सोनू के अध्यक्ष बनने पर इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी को मजबूती मिलेगी। मौके पर जिला पार्षद भीम यादव, श्रीनिवास यादव, मनोरंजन प्रताप सिंह, निर्मल यादव, प्रमोद यादव, सन्नी कुमार, गुड्डू यादव, दिवाकर कुमार, नितेश पाठक, मुन्ना यादव, कुंदन कुशवाहा, मंजूर रजा, जिम्मी यादव, विकास यादव सहित राजद के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को खरीफ फसल पर दी गई जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण आत्मा की ओर से अनुमंडल कृषि कार्यालय परिसर में गुरूवार को प्रखंड स्तरीय खरीफ (शारदीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का उदघाटन प्रखंड प्रमुख वंदना राय व प्रखंड कृषि पदाधिकारी उपेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी उपेद्र कुमार ने मिट्टी जांच पर जोर देते हुए कहा कि इससे किसान अपनी लागत कम कर उत्पादन बढा सकते है. साथ ही उन्होनें हेल्थ कार्ड के हिसाब से खेती करने से किसानों को अनेक फायदे की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि फसल को कब पहला पानी, कब दूसरा पानी, खाद देना व कब कैसे और कीट प्रबंधन पर खास ध्यान देने की जरूरत है. इस पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई. उन्होंने कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, पौधा संरक्षण सहित अन्य विभिन्न विभागों के योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई. जिसमे मध्यस्य जिसके योजनाओं की जानकारी मत्स्य विकास पदाधिकारी रितु कुमारी, कृषि यांत्रिकरण त्रिलोकी नाथ, मिट्टी जांच व फार्मर राजस्ट्रेशन सुनील कुमार सिंह, कृषि समन्वयक व उद्यान विभाग की जानकारी एटीएम सामा आफरीन, स्वीट कार्न, बेबी कार्न के खेती की जानकारी दी. एचीएम शालिनी राय पौधा संरक्षण की जानकारी राजीव कुमार द्वारा दी गई. कृषि समन्वयक निधि प्रिया ने धान की खेती के बारे में जानकारी दी और बिहार कृषि ऐप की जानकारी संदीप कुमार ने दी गई।

# जरूरतमंद बच्चों को दी गई मुफ्त पाठ्य सामग्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** पटना जिले के संपतचक प्रखंड स्थित एकतापुरम (भोगीपुर) गांव में आज 'मिशन नौनिहाल सम्मान' के तत्वावधान में जरूरतमंद छात्र-छात्राओं के बीच निःशुल्क पाठन सामग्री का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन वयोवृद्ध समाजसेवी, 95 वर्षीय सुखदेव बाबू के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम उत्क्रमित मध्य विद्यालय, भोगीपुर परिसर में संपन्न हुआ, जहां दलित, महादलित और वंचित तबकों से आने वाले दर्जनों बच्चों को कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर, स्केल और अन्य उपयोगी शैक्षणिक सामग्री भेंट की गई. पाठन सामग्री प्राप्त करने वाले बच्चों में अमृता कुमारी, प्रिया कुमारी, अलका कुमारी, गौरी कुमारी, संस्कृत कुमार, प्रेम कुमार, सौरभ कुमार, आयुक्त कुमार, आदित्य कुमार, श्लोक कुमार, खुशी कुमारी और तान्या कुमारी प्रमुख रूप से शामिल थे जिन बच्चों की आंखों में चमक और चेहरे पर मुस्कान यह साबित कर रही थी कि यह पहल उनके लिए कितनी महत्वपूर्ण है. पाठन सामग्री पाकर बच्चों में शिक्षा के प्रति नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार हुआ। आयोजन का नेतृत्व कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता विनेश पासवान ने बताया कि यह वितरण ल्लमिशन नौनिहाल सम्मान द्वारा चलाए जा रहे चरणबद्ध अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से पिछड़े बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। इस कार्यक्रम का संचालन वयोवृद्ध समाजसेवी, 95 वर्षीय सुखदेव बाबू के मार्गदर्शन में किया गया, जो यूनिसेफ के स्थायी सहयोगी सदस्य एवं सर्वोच्च मानवाधिकार संरक्षण सम्मान से सम्मानित हैं।

# एम्स पटना में नेत्रदान से दो मरीजों को मिली दृष्टि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** एम्स पटना के नेत्र विभाग की विशेषज्ञ टीम ने नेत्रदान के माध्यम से दो मरीजों की आँखों की रोशनी लौटाकर उन्हें नया जीवन दिया है। पहले मरीज, दुल्हिनबाजार पटना के 55 वर्षीय पुरुष हैं, जिनकी आँखों की रौशनी 14 वर्ष पूर्व चली गई थी। उन्हें कॉर्नियल ब्लाइंडनेस की समस्या थी, जिससे वे सिर्फ धुंधली आकृतियाँ ही देख पाते थे। एम्स पटना के नेत्र विशेषज्ञों ने एम्स पटना नेत्र रोग विभाग अध्यक्ष डॉ अमित राज के नेतृत्व में आधुनिक कॉर्नियल ट्रांसप्लांट सर्जरी के जरिए उनकी आँख में नया कॉर्निया प्रत्यारोपित किया। सर्जरी के बाद अब वह व्यक्ति स्पष्ट रूप से देख पा रहे हैं और सामान्य जीवन जी रहे हैं। दूसरी मरीज, 30 वर्षीय महिला हैं जो संपतचक पटना की निवासी हैं.कुछ समय पहले उनकी एक आँख में संक्रमण हो गया था, जिससे कॉर्निया पिघल गया और आँख की रचना बिगड़ गई थी। एम्स पटना में चिकित्सकीय केरेटोप्लास्टी के माध्यम से उनका इलाज किया गया। नई सर्जरी के बाद उनकी आँख की आकृति बहाल हो गई।

CMYK

# उत्कृष्ट कार्य के लिए डाककर्मियों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मोतिहारी।** प्रधान डाकघर मोतिहारी के सभागार में गुरुवार को एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डाक कर्मियों को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डाक महाध्यक्ष, उत्तरी प्रक्षेत्र मुजफ्फरपुर, पवन कुमार सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर निगम मोतिहारी के उपमहापौर डॉ. लालबाबू प्रसाद मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। डाक महाध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने अपने संबोधन में चंपारण प्रमंडल के डाक कर्मियों की सराहना करते हुए कहा, तकनीकी युग में डाक विभाग भी निरंतर आधुनिकीकरण की ओर अग्रसर है। हमारी सेवाएं अब पहले से अधिक तेज, पारदर्शी और ग्राहक हितैषी बन चुकी हैं। उन्होंने कर्मियों से अपील की कि वे आगामी वर्ष में भी इसी तरह समर्पण भाव से कार्य करते रहें।

विशिष्ट अतिथि डॉ. लालबाबू प्रसाद ने कहा, ल्डाक विभाग में बीते वर्षों में क्रांतिकारी बदलाव हुए है। देश की आर्थिक प्रगति में डाक विभाग की भूमिका अहम है। चंपारण प्रमंडल, डाक अधीक्षक डॉ. आशुतोष आदित्य के नेतृत्व में बिहार परिमंडल में हर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुका है। डाक अधीक्षक डॉ. आशुतोष आदित्य ने अपने स्वागत भाषण में कर्मियों की प्रशंसा करते हुए कहा, चंपारण के डाक कर्मियों के लिए कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। बीते वर्ष हमारे प्रमंडल ने राज्यभर में सर्वाधिक पुरस्कार प्राप्त कर इतिहास रचा था, और मुझे पूरा विश्वास है कि यह सफलता इस वर्ष भी दोहराई जाएगी।

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के वरीय प्रबंधक रवेश कुमार और डाक निरीक्षक पंकज कुमार पंकज ने भी सभा को संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन शिवांगी पांडेय, सहायक शाखा डाकपाल, नूनफरवा (पचपकड़ी) ने किया। इस अवसर पर डाक निरीक्षक कमलेश प्रसाद साह, संतोष कुमार उरांव, आशीष भारद्वाज, कमलेश कल्याण, डाकपाल विजय प्रसाद, प्रशिक्षक अमित कुमार सहित प्रमंडलीय कार्यालय के सभी सहायक और डाक संघों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## उर्दू शिक्षक हत्याकांड: सीसीटीवी व टेक्निकल सेल की मदद से जांच तेज, जल्द होंगे अपराधी गिरफ्तार : डीएसपी

**दरभंगा।** सिंहवाड़ा प्रखंड अंतर्गत नासिरगंज प्राथमिक विद्यालय के उर्दू शिक्षक हाफिज मंसूर आलम की निर्मम हत्या मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच प्रक्रिया तेज कर दी है। मृतक की पत्नी खैरुन्निशा के आवेदन पर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 103(1) और 27 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले के अनुसार, 28 मई की सुबह लगभग 5:30 बजे शिक्षक हाफिज मंसूर आलम अपने शंकरपुर स्थित डेरा से साइकिल से विद्यालय जाने के लिए निकले थे। सुबह करीब 7:40 बजे उनकी पुत्री जिकरा खातून के मोबाइल पर एक कॉल आया, जिसमें बताया गया कि भरवाड़ा-कमतौल सड़क मार्ग पर नासिरगंज के पास किसी ने उनके पिता को गोली मार दी है। घटना के बाद सिंहवाड़ा थानाध्यक्ष रंजीत चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम सक्रिय हो गई है। शंकरपुर से कमतौल तक के मार्ग पर लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की टेक्निकल सेल की मदद से गहन जांच की जा रही है। फुटेज में पल्सर बाइक पर सवार तीन संदिग्ध युवकों को बार-बार मुख्य सड़क पर घूमते देखा गया है, जो संदेह के दायरे में हैं। डीएसपी ज्योति कुमारी ने बताया कि तकनीकी सहायता और मानव स्रोतों के आधार पर अपराधियों की पहचान की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि जल्द ही हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना के बाद से क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है।

# रोटरी लेक टाउन द्वारा अत्याधुनिक डायलिसिस सेंटर का शुभारंभ आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मोतिहारी।** मानव सेवा सबसे बड़ी सेवा है और रोटरी मोतिहारी लेक टाउन इसी सिद्धांत पर कार्य कर रही है, यह बातें प्रसिद्ध चिकित्सक व केएम हॉस्पिटल के निदेशक रोटेरियन डॉ. अतुल कुमार ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में कहीं। उन्होंने बताया कि रोटरी मोतिहारी लेक टाउन एवं जर्मनी के रोटरी नोसोंग इंटरनेशनल पार्टनर के सहयोग से केएम हॉस्पिटल परिसर में दो यूनिट का अत्याधुनिक डायलिसिस सेंटर आज से प्रारंभ किया जा रहा है। डॉ. कुमार ने बताया कि यह डायलिसिस सेंटर ग्लोबल ग्रांट प्रोजेक्ट के तहत शुरू हुआ है और जिले में पहली बार किसी चैरिटेबल मॉडल पर न्यूनतम खर्च में डायलिसिस की सुविधा प्रदान की जा रही है। आने वाले महीने में यहां दो और यूनिट जोड़े जाएंगे। यह सेंटर नो प्रॉफिट-नो लॉस आधार पर संचालित होगा, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। डॉ. कुमार ने कहा, यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि मोतिहारी में एक ऐसा सेंटर खुल रहा है, जो पूरी तरह से जनकल्याण को समर्पित है। इस अवसर पर रोटरी गवर्नर सहित कई गणमान्य अतिथि उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। मौके पर रोटेरियन देवप्रिय मुखर्जी, रोटेरियन अरुण कुमार, और रोटेरियन रोहित गुप्ता भी मौजूद रहे।

# चलती ट्रेन से गिरकर महिला गंभीर रूप से घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** पटना से जहानाबाद आ रही एक महिला चलती ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। यह दर्दनाक हादसा जहानाबाद कोर्ट रेलवे स्टेशन के समीप हुआ। घायल महिला की पहचान जहानाबाद जिला की सपना कुमारी पिता- कौशल शर्मा, निवासी- कुंडिला, पोस्ट- रतनी बाजार के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के वक्त सपना कुमारी ट्रेन से गिरने के बाद रेलवे ट्रैक के किनारे बुरी तरह से जख्मी अवस्था में पड़ी थीं। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तत्काल इलाज के लिए जहानाबाद सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। सपना कुमारी पटना में रहकर पढ़ाई करती थीं और किसी निजी कारण से वह जहानाबाद लौट रही थीं। इसी दौरान यह हादसा हो गया। सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों के अनुसार सपना की हालत फिलहाल स्थिर है, लेकिन उन्हें गंभीर चोटें आई हैं।घटना की सूचना रेलवे प्रशासन और स्थानीय पुलिस को दे दी गई है।

# महिला कनीय अभियंता से छेड़छाड़ मामले में पुलिस का विरोध, झारखंड पुलिस जवान गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के परस बिगहा थाना क्षेत्र अंतर्गत तुरकौल गांव में लघु सिंचाई विभाग में कार्यरत कनीय अभियंता पल्लवी कुमारी के साथ छेड़छाड़ और मोबाइल छिनतई की घटना ने गंभीर रूप ले लिया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस द्वारा की गई छापेमारी के दौरान गांव में पुलिस टीम को स्थानीय लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। इस घटना में संलिप्त झारखंड पुलिस के जवान को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस कार्रवाई के दौरान आरोपी के पड़ोसी, झारखंड पुलिस में कार्यरत जवान नरेंद्र सिंह ने छापेमारी में बाधा उत्पन्न की और पुलिस टीम के साथ हाथापाई की। इसके बाद पुलिस ने नरेंद्र सिंह को मौके से गिरफ्तार कर लिया। इस मामले का मुख्य आरोपी गौरी शंकर सिंह, पिता अनिल सिंह, फिलहाल फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने आरोपी के गिरफ्तारी के दौरान पुलिस बल पर पथराव की खबरों को भ्रामक बताते हुए इसे सिरे से खारिज किया है। बताया जाता है कि सोशल मीडिया और कुछ मीडिया संस्थानों पर 28 मई को यह खबर प्रसारित हुई कि पुलिस टीम पर पथराव किया गया था। इस पर जहानाबाद के पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने प्रेस वार्ता कर स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि छापेमारी के दौरान केवल मामूली धक्का-मुक्की हुई थी, जिसमें एक-दो पुलिसकर्मियों को हल्की चोटें आईं। पथराव जैसी कोई घटना नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि इस घटना को अनावश्यक रूप से सनसनीखेज तरीके से पेश किया गया है। इस दौरान उन्होंने मीडियाकर्मियों से अपील भी किया कि संवेदनशील मामलों में समाचार प्रकाशित करने से पहले जिम्मेदार अधिकारियों से तथ्यात्मक जानकारी अवश्य प्राप्त करें, ताकि अफवाहों और भ्रम से बचा जा सके। वहीं इस पूरे घटना में महिला कर्मियों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल भी खड़े हो गए हैं। इस घटना ने महिला सरकारी कर्मचारियों, विशेषकर फील्ड ड्यूटी पर तैनात कर्मियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा कर दी है। लघु सिंचाई विभाग की महिला कनीय अभियंता के साथ हुई घटना से सरकारी महिला कर्मियों में असुरक्षा की भावना गहराई है। वहीं पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और महिला कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# नामांकन के दूसरे दिन वार्ड पार्षद पद के लिए एक प्रत्याशी ने भरा पर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चकिया।** मेहसी नगर पंचायत चुनाव को लेकर नामांकन के दूसरे दिन गुरुवार को वार्ड पार्षद पद के लिए एक प्रत्याशी ने अपना नामांकन पर्चा अनुमंडल कार्यालय में सहायक निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष भरा। जबकि सभापति पद के लिए दूसरे दिन भी किसी प्रत्याशी ने नामांकन पर्चा नहीं भरा। वहीं वार्ड दो से वार्ड पार्षद पद के लिए नसीमा खातून ने अपना पर्चा भरा। निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में सरल तरीके से नामांकन दाखिल करने के लिए आवश्यक प्रक्रिया मुकम्मल की गई है ताकि नामांकन दाखिल करने के लिए आने वाले प्रत्याशियों को किसी तरह की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े। नामांकन को लेकर अनुमंडल परिसर में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था किया गया है।

## खबर एक नजर में

### ‘बिहार बदलाव जन संवाद सभा’ का आयोजन

**कोटवा (पूर्वी चम्पारण)।** कोटवा प्रखंड के पोखरा पंचायत स्थित वार्ड संख्या-11 में गुरुवार को जन सुराज पार्टी (जसुपा) की ओर से ‘बिहार बदलाव जन संवाद सभा’ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चनु राम ने की। सभा को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य और कल्याणपुर विधानसभा के संभावित उम्मीदवार डॉ. मंतोष साहनी ने कहा कि भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, पलायन और महंगाई के मुद्दे को लेकर पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में मैदान में उतरेगी। उन्होंने जनता से अपील की कि जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को प्राथमिकता दें और उसी आधार पर मतदान करें। सभा के दौरान कई लोगों ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता भी ग्रहण की। मंच से संगठन के सदर अनुमंडल अध्यक्ष संजय शुक्ला, नेता ललन यादव, पीके यूथ क्लब संयोजक दिनेश यादव और जिला कार्यकारिणी सदस्य धर्मेंद्र यादव ने भी विचार रखे। कार्यक्रम से पूर्व कार्यकर्ताओं ने डोर-टू-डोर जाकर लोगों को आमंत्रित किया और सभा में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए।

### पिकअप चालक गोलीकांड का आरोपित का एक साल बाद कोर्ट में सरेंडर

घोड़ासहन(पूर्वी चम्पारण)। नगर के मेन रोड पर 25 जुलाई 2024 को हुए गोलीकांड के मुख्य आरोपित विशाल कुमार उर्फ छोटू ने बुधवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। आरोपी घोड़ासहन बाजार के माई स्थान टोला का निवासी है और घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष अनुज कुमार पांडे ने बताया कि लगातार पुलिस दबिश के कारण आरोपी ने आत्मसमर्पण किया। ज्ञात हो कि दरपा थाना क्षेत्र के लोहारिया वार्ड नं. 3 निवासी पिकअप चालक राजेश्वर प्रसाद यादव को बाइक सवार बदमाशों ने मामूली विवाद में गोली मार दी थी। उस घटना में एक अन्य युवक के घायल होने की भी चर्चा हुई थी।

### अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद

रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)। रक्सौल के आईसीपी बाइपास रोड स्थित एक खेत से गुरुवार सुबह एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद हुआ, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान जोकियारी पंचायत निवासी मनोज साह के रूप में हुई है।मृतक जींस और टी-शर्ट पहने हुए था और शव होटल के पास सड़क किनारे पड़ा मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, परंतु परिजनों ने इसे स्वाभाविक मौत बताते हुए पोस्टमार्टम से इनकार कर दिया। इसके बाद पुलिस बिना कानूनी कार्रवाई के लौट गई।

### शराब तस्कर सहित चार पियक्कड़ गिरफ्तार

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)।** भारत-नेपाल सीमा से सटे आदापुर थाना क्षेत्र में गुरुवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। प्रदीप सहनी, निवासी सिरिसिया कला को सैनिक रोड से गिरफ्तार किया गया वहीं, शराब पीने के आरोप में दीप कुमार (लक्ष्मीपुर बथुअहिया), अनिल कुमार (रामबन), कुन्दन सिंह (चैता) और विजय मांझी (चोरमा) को पकड़ा गया। ये सभी पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र के निवासी हैं। पकड़े गए व्यक्तियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है और सीमा क्षेत्र में सतर्कता और तेज कर दी गई है।

### रामाशीष सिंह-रामबरन सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन



**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)।** घोड़ासहन प्रखंड के श्रीपुर स्थित रामाशीष सिंह चौक पर गुरुवार को रामाशीष सिंह-रामबरन सिंह चैलेंजर ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत हुई। उद्घाटन पूर्व विधायक प्रत्याशी अभिजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ढाका विधानसभा क्षेत्र की 37 पंचायतों में खेल मैदान का घोर अभाव है। पंचायत स्तर पर खेल मैदानों की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि ग्रामीण प्रतिभाएं आगे बढ़ सकें। उद्घाटन मैच शेखौना और निमोइया टीम के बीच खेला गया। कार्यक्रम में अनिल सिंह, किशोर साह और गौरी शर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।

# पिस्तौल की नोंक पर पीएनबी ग्राहक सेवा केंद्र से एक लाख रुपये व मोबाइल की लूट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**दरभंगा।** सिंहवाड़ा प्रखंड के सिमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमरी स्टेडियम के समीप स्थित पंजाब नेशनल बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र पर गुरुवार को दिनदहाड़े लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। नकाबपोश बाइक सवार दो बदमाशों ने पिस्तौल की नोक पर एक लाख रुपये नकद और एक मोबाइल फोन लूट कर फरार हो गए। घटना गुरुवार सुबह करीब 11:40 बजे की है। पीड़ित ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक रविंद्र सहनी, जो जाले थाना क्षेत्र के कछुआ चकौती गांव के निवासी हैं, ने बताया कि स्प्लेंडर बाइक पर सवार दो युवक केंद्र में आए और अचानक पिस्तौल तान दी। बदमाशों ने दराज में रखे करीब एक लाख रुपये और एक टच स्क्रीन मोबाइल फोन लूट लिया और मुख्य सड़क होते हुए हाईस्कूल की ओर फरार हो गए। सूचना मिलते ही सिमरी थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने कार्रवाई शुरू करते हुए विभिन्न संभावित ठिकानों पर छापेमारी की। मोबाइल लोकेशन के आधार पर संचालक का लूटा गया मोबाइल गौड़ा पोखर के पास से बरामद कर लिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले का जल्द ही उद्‌भेदन कर लिया जाएगा। घटना की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी (सदर-2) ज्योति कुमारी ने घटनास्थल का मुआयना किया। इसके साथ ही उन्होंने सिमरी बाजार स्थित पीएनबी की मुख्य शाखा में पहुंचकर शाखा प्रबंधक से पूरी जानकारी ली और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की।

# हुलासगंज में प्रखंड कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के हुलासगंज प्रखंड के प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा ने की, जबकि संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी स्वाति कुमारी ने किया। बैठक में समिति के उपाध्यक्ष रणधीर कुमार, सदस्य श्रीकांत शर्मा, परमात्मा शर्मा, राजाराम पासवान, भीमसेन, प्रखंड प्रमुख सहित प्रखंड के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में थाना प्रभारी, चिकित्सा पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी एवं बिजली विभाग के पदाधिकारियों ने भाग लिया। जो पदाधिकारी बैठक में उपस्थित नहीं हो सके, उनके खिलाफ समिति द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गई है। समीक्षा के दौरान सभी विभागों को निर्देश दिया गया कि वे जनहित में अपने कार्यों को समयबद्ध और पारदर्शी रूप से पूर्ण करें। इसी क्रम में श्रीकांत शर्मा ने अंचलाधिकारी से सवाल करते हुए पूछा कि ऑनलाइन दखल-खारिज के बावजूद मामलों के निष्पादन में एक वर्ष तक की देरी क्यों होती है। जवाब में अंचलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी मामले में लापरवाही या देरी हो रही है तो उसकी जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। बैठक में वृक्षारोपण योजना में घोर लापरवाही और सरकारी धन के दुरुपयोग का मुद्दा भी उठा। सदस्यों ने आरोप लगाया कि केवल पौधे लगाकर फोटो खिंचवा लिया जाता है, लेकिन उसकी देखरेख के अभाव में पौधे सूख जाते हैं। इस पर संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

# बाइक से घर लौट रहे युवक पर जानलेवा हमला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के काको थाना क्षेत्र के धनगावां गांव निवासी शमशेर ख़ान पर गुरुवार दोपहर को उस समय जानलेवा हमला किया गया, जब वह बाइक से अपने घर लौट रहे थे। घटना एसएस कॉलेज के पास घटी, जहां चार अज्ञात हमलावरों ने शमशेर खान पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल शमशेर को मौके पर मौजूद राहगीरों की मदद से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, शमशेर ख़ान इंडेन गैस एजेंसी के पास स्थित एक निजी अस्पताल – डॉ. एन.के. विमल के क्लिनिक में स्टाफ के रूप में कार्यरत हैं और घटना के समय वहीं से ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहे थे।

# एक दिवसीय खरीफ कार्यशाला व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड स्थित ई किसान भवन के सभागार में गुरुवार को खरीफ कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड कृषि पदाधिकारी शिलानाथ झा एवं जिला पार्षद लालाबाबू यादव के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। उपस्थित किसानों को प्रखंड कृषि पदाधिकारी शिलानाथ झा ने कृषि से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए बताया कि वैज्ञानिक विधि से खेती कर कम लागत में अधिक मुनाफा और मोटे रकम के बारे में बताया उन्होंने कहा कि खरीफ की मुख्य फसल धान है। जिसको समय के अनुसार नियमित देख भाल से फसल का उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने जैविक खाद पर जोर देते हुए रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से परहेज करने को कहा। मौके पर प्रशिक्षण पदाधिकारी शिवम कुमार, कृषि समन्वयक सुधीर कुमार, अजय कुमार, रणबीर कुमार सिंह, तकनीकी प्रबंधक प्रिंस राज, किसान सलाहकार सुनील कुमार, सुनील पासवान, विजय कुमार, श्यामबाबू प्रसाद, कन्हैया प्रसाद, प्रेमचंद्र प्रसाद, जितेन्द्र सिंह,सरोज कुमार सहित दर्जनों किसान मौजूद थे।

# होमगार्ड की बहाली के लिए सभी तैयारी पूर्ण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मोतिहारी।** महानिदेशक सह महासमादेष्टा गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्नि समन सेवाएं बिहार पटना द्वारा प्राप्त पत्र के आलोक में स्वयंसेवी गृह रक्षको का स्वच्छ नामांकन हेतु पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत गृह रक्षकों के 474 पदों पर नामांकन के लिए 31 में 2025 से 3 जुलाई 2025 तक उम्मीदवारों की शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा ली जाएगी। इसको लेकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आज पुलिस लाइन के मैदान में सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सभी कर्मियों को संयुक्त ब्रीफिंग करते हुए निर्देश दिया गया कि सभी पदाधिकारी अपने कर्तव्यों का पालन पूरी पारदर्शिता और मुस्तैदी के साथ करेंगे और जिनको जो दायित्व दिया गया है उसका पूरे मनोयोग से अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पदाधिकारी एवं कर्मी निर्धारित समय पर अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित होकर टीम भावना से कार्य करेंगे। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संयुक्त ब्रीफिंग में बताया गया कि पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत कुल 29505 अभ्यर्थी शारीरिक परीक्षा में भाग लेंगे जिसमें 24579 पुरुष तथा 4925 महिला उम्मीदवार हैं। जांच परीक्षा 31 मई से शुरू हो रही है। 31 मई को पहले दिन कुल 700 एवं उसके पश्चात प्रतिदिन 1400 अभ्यर्थियों का शारीरिक परीक्षा लिया जाएगा। इसके लिए प्रतिभागी सबसे पहले गांधी मैदान में लुंबिनी भवन के सामने बनाए गए प्रवेश द्वार से प्रवेश करेंगे और वहां बनाए गए पंजीकरण काउंटर पर अपना पंजीकरण कराएंगे। उसके पश्चात पदाधिकारी की टीम के साथ उन्हें पुलिस लाइन के मैदान में ले जाया जाएगा जहां पर उनका फिजिकल टेस्ट होना है। गांधी मैदान के प्रवेश के समय ही उनका एडमिट कार्ड एवं फोटो युक्त कोई पहचान पत्र के आधार पर पहचान चिन्ह का मिलान कर उन्हें गांधी मैदान में रजिस्ट्रेशन के लिए प्रवेश दिया जाएगा। वहीं पर उनका बायोमेट्रिक जांच भी किया जाएगा। अभ्यर्थी 4:00 बजे सुबह से गांधी मैदान में प्रवेश करेंगे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पीएम ने किया पटना एयरपोर्ट ...

पटना एयरपोर्ट से लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय तक तैयारी की गई थी। पीएम मोदी ने रोड शो के बाद भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी के नेताओं के साथ बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक की। बताया जा रहा है कि इस बैठक में पीएम मोदी ने भाजपा नेताओं के साथ बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की। इसके बाद पीएम मोदी रात्रि विश्राम के लिए राजभवन गये। प्रधानमंत्री 30 मई को रोहतास जिले के बिक्रमगंज में एक जनसभा को संबोधित करेंगे और 50,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे।

### प्रधानमंत्री आज नबीनगर...

सबसे बड़ी एकीकृत विद्युत उत्पादक कंपनी है। यह भारत में विद्युत आवश्यकताओं की पूर्ति में एक-चौथाई का योगदान देती है। इसकी मौजूदा स्थापित क्षमता 80 गीगावाट से अधिक है तथा 32 गीगावाट की अतिरिक्त क्षमता निर्माणाधीन है, जिसमें से 13 गीगावाट की ऊर्जा क्षमता नवीकरणीय है। कंपनी 2032 तक 60 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। एनटीपीसी अपने थर्मल, हाइड्रो, सौर और पवन ऊर्जा संयंत्रों द्वारा राष्ट्र में विश्वसनीय, किफ़ायती और सतत बिजली आपूर्ति हेतु समर्पित है। कंपनी सर्वोत्तम अभ्यासों का पालन करने, हरित भविष्य के लिए अभिनवता का विकास करने और स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### देश की दूसरी सबसे ...

से चार बार सांसद रहे सुशील कुमार सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देश के समग्र विकास और हर क्षेत्र में विस्तार की सोच के तहत औरंगाबाद के अत्याधुनिक बिजली संयंत्र को देश का दूसरा सबसे बड़ा बिजली संयंत्र बनाया जा रहा है। इससे न केवल औरंगाबाद में बल्कि बिहार में विकास को नई गति मिलेगी और रोजगार एवं उद्योग-व्यापार के नए अवसर सृजित होंगे। श्री सिंह ने कहा कि यहां बिजली प्लांट के विस्तार से राज्य में औद्योगिक माहौल बनने के साथ-साथ औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा और यहां से श्रमिकों के अन्यत्र पलायन को भी रोका जा सकेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता इससे काफी उत्साहित है।

### चुनावी प्रक्रिया को सुदृढ़...

जा चुका है। जुलाई 2025 तक 6,000 अतिरिक्त उख्रग्प को प्रशिक्षित किया जाएगा। बिहार, तमिलनाडु, पुडुचेरी, पश्चिम बंगाल, केरल और असम जैसे राज्यों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। आयोग ने 28 हितधारकों की पहचान की है और उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित अधिनियमों और नियमों पर आधारित प्रशिक्षण देने हेतु विशेष मॉड्यूल विकसित किए गए हैं। इसमें निर्वाचन अधिकारियों, राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और मतदाताओं को शामिल किया गया है। बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू की गई है, ई-ऑफिस शुरू किया गया है और राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के एक्र्प के साथ नियमित समन्वय बैठकें आयोजित की जा रही हैं। आयोग ने देशभर के उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया है जिससे आयोग की कानूनी रणनीति को वर्तमान चुनौतियों के अनुरूप ढाला जा सके।

### इफको ने नैनो उर्वरकों...

की है। डब्ल्यूएसएफ/स्पेशलिटी फर्टिलाइजर्स की बिक्री 1.30 लाख मीट्रिक टन है जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 2 प्रतिशत अधिक है। सागरिका लिक्विड की बिक्री 11.55 लाख लीटर है जो 33 प्रतिशत अधिक है, सागरिका ग्रेन्युल 68,000 मीट्रिक टन है जो 28 प्रतिशत अधिक है और जैव-उर्वरकों की बिक्री 8.61 लाख लीटर है जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 35 प्रतिशत अधिक है। इफको के प्रबंध निदेशक डॉ. यूएस अवस्थी ने कहा कि इफको मिट्टी में मूल खुराक के रूप में प्रयोग के लिए दानेदार रूप में नैनो एनपीके उर्वरक भी लॉन्च करेगा। नैनो एनपीके उर्वरक मैग्नीशियम, सल्फर, जिंक और कॉपर से समृद्ध है जो फसल उत्पादकता बढ़ाने में मदद करेगा और पोषक तत्वों के नुकसान को कम करेगा। लिक्विड नैनो यूरिया प्लस और लिक्विड नैनो डीएपी के साथ यह मिट्टी से पारंपरिक रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को खत्म कर सकता है। यह प्राथमिक पोषक तत्वों की उच्च उपयोग दक्षता के साथ संतुलित पोषण को और बढ़ावा देगा। उन्होंने आगे कहा कि इफको सूक्ष्म पोषक तत्वों की जरूरत को पूरा करने के लिए 100 मिलीलीटर की बोतल के आकार में तरल रूप में नैनो जिंक, नैनो कॉपर भी लॉन्च करेगा। नैनो प्रौद्योगिकी, ड्रोन प्रौद्योगिकी, एआई प्रौद्योगिकियों को शामिल करके, इफको देश भर में कृषि और खाद्य मूल्य श्रृंखला को बदल रहा है इफको ने 40 से अधिक देशों में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है, जिसमें अमेरिका, ब्राजील, स्लोवेनिया, मॉरीशस, जाम्बिया, नेपाल और बांग्लादेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन और कम उर्वरक उपयोग दर्ज किया गया है। इसके अलावा, प्रबंध निदेशक ने स्वदेशी आविष्कारों के साथ ‘देशी‘ बीजों को संरक्षित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, इसी तर्ज पर इफको ने कलोल इकाई में एक अत्याधुनिक बीज नवाचार केंद्र बनाने की पहल भी की है।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय खजुरा के प्रभारी एचएम व वार्डन सस्पेंड

## डीएम के औचक निरीक्षण में मिली कई गड़बड़ी पर कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर(कैमूर)।** कैमूर जिले के जिलाधिकारी सावन कुमार द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, खजुरा रामपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं कार्यक्रम पदाधिकारी भी उनके साथ उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में सबसे पहले मिड डे मील के अंतर्गत तैयार भोजन की गुणवत्ता एवं मात्रा की जांच की गई। यद्यपि भोजन आज के मेन्यू के अनुसार बना हुआ पाया गया, किन्तु उसकी गुणवत्ता में गंभीर कमी देखी गई। साथ ही भोजन परोसने के स्थान पर स्वच्छता की घोर अनदेखी पाई गई। इस पर जिलाधिकारी ने विद्यालय प्रबंधन को कड़ी फटकार लगाई और तत्काल सुधार करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने छात्रावास के आवासन स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई कमियां उजागर हुईं, अनेक कमरों में पंखों की अनुपलब्धता पाई गई, कई छात्राओं के बिस्तरों पर चादर व अन्य आवश्यक वस्त्र उपलब्ध नहीं थे तथा छात्रावास में गंदगी का आलम देखा गया। साथ ही छात्राओं की शिकायतों को नजरअंदाज करने की बात सामने आई। उपस्थित खामियों और छात्राओं की सुरक्षा एवं मूलभूत सुविधाओं की उपेक्षा को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य तथा वार्डन को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने छात्राओं से संवाद भी किया तथा उनकी शैक्षणिक स्थिति, रहन-सहन एवं अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने छात्राओं को लक्ष्य केंद्रित पढ़ाई के लिए प्रेरित करते हुए तकनीकी एवं समग्र ज्ञान प्राप्त करने की सलाह दी। जिलाधिकारी ने वार्डन सहित समस्त संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि बालिकाओं की सुरक्षा सर्वोपरि है। अतः छात्रावास परिसर के चारों ओर लगे सीसीटीवी कैमरे 24x7 क्रियाशील रहना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# ट्रक ने बाइक को रौंदा, पुत्र की मौत, पिता घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कुदरा।** थाना क्षेत्र के पुसौली पेट्रोल पंप के पास गुरुवार को अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार को रौंद दिया। घटना में पुत्र की मौत हो गई जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक सवार पिता-पुत्र अपने गांव कुदरा के बहेरा से ट्रैक्टर के लिए डीजल लाने के लिए गए थे। घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि पेट्रोल पंप के पास क्रोसिंग से जैसे ही डीजल लाने के लिए पेट्रोल पम्प के तरफ निकली मोहनियां की तरफ से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार को रौंद दिया। घटना बाइक सवार पिता 38 वर्षीय अलख नारायण सिंह पिता जनमेजय सिंह व पुत्र 13 वर्षीय हिमांशु कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को इलाज के लिए पुसौली के निजी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। हालांकि वाराणसी जाने के रास्ते में ही हिमांशु की मौत हो गई। पिता का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया गया है। उधर, थाना क्षेत्र के पुसौली के पास फोरलेन सड़क पर दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल तेरह वर्षीय हिमांशु कुमार की मौत से घर में मातम पसर गया है। परिजन सिर पटक-पटक कर रो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वाराणसी में इलाज के लिए ले जाने के दौरान रास्ते में एंबुलेंस खराब हो गया। परिजन दूसरा एंबुलेंस बुलाया। एम्बुलेंस आने में देर होने के चलते हिमांशु की स्थिति और खराब हो गई। दूसरे एंबुलेंस पर शिफ्ट कर वाराणसी ले जाने के दौरान हिमांशु ने रास्ते में दम तोड़ दिया।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनेगा : अखिलेश कुमार

## अखिलेश कुमार ने 50 हजार लोगों के साथ अभिनंदन करने का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**डिहरी ऑन-सोन।** भाजपा नेता अखिलेश कुमार ने 50 हजार लोगों की काफिला के साथ दिनारा विधानसभा क्षेत्र से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन करने का संकल्प लिया है। उन्होंने दिनारा विधानसभा क्षेत्र में हर प्रखंड क्षेत्र के हर गांव में जाकर विक्रमगंज में निमंत्रण पत्र देकर चलने का आग्रह कर रहे हैं। भाजपा महामंत्री मिथिलेश तिवारी ने बताया कि अखिलेश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के लिए एक बड़ा आयोजन करने का फैसला किया है। इस आयोजन में 50 हजार लोग शामिल होंगे, जो दिनारा विधानसभा क्षेत्र से आएंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन करेंगे। इस अवसर पर रोहतास जिला के शिक्षाविद् ने अखिलेश कुमार के नेतृत्व की सराहना की और दिनारा विधानसभा के नेतृत्व में अपने-अपने स्कूल के बस से मदद करने का फैसला लिया है। उन्होंने अखिलेश कुमार को एक कुशल नेतृत्वकर्ता बताया है, जो अपने क्षेत्र के लोगों को निमंत्रण पत्र देकर लोगों को एकजुट करने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। अखिलेश कुमार ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनेगा।

# जिला पदाधिकारी ने की उत्पाद विभाग के कार्यों की समीक्षा

## शराबबंदी कानून के शत-प्रतिशत अनुपालन हेतु दिए कड़े निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** जिला पदाधिकारी कैमूर द्वारा उत्पाद विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभागीय कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में उत्पाद अधीक्षक समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना शराबबंदी के पूर्ण अनुपालन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में शराबबंदी कानून का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने उत्पाद अधीक्षक को निर्देशित किया कि जिले के सभी चेक पोस्ट तथा अन्य राज्यों से लगी सीमाओं पर चौकसी और सतर्कता बढ़ाई जाए। अवैध शराब की तस्करी पर लगाम लगाने के लिए औचक निरीक्षण कर त्वरित कार्रवाई करने का आदेश भी दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोषियों को कानून के दायरे में लाया जाए और आवश्यकतानुसार वाहन, मोबाइल और अन्य संसाधनों की सहायता लेकर विशेष टीमों के माध्यम से छापेमारी की जाए। जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है कि शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए और समाज में नशामुक्ति के वातावरण को बढ़ावा मिले।

# करंट लगने से शिक्षक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** थाना क्षेत्र के उगहनी गांव में गुरुवार की शाम घर में पंखा मरम्मत के दौरान करंट लगने से एक शिक्षक की मौत हो गई। हादसे के समय वे अपने घर पर अकेले थे। करंट लगने के बाद करीब दो घंटे तक किसी को इसकी भनक नहीं लगी। स्थानीय लोगों के अनुसार गांव के एक युवक को संदेह होने पर जब वह उनके कमरे में गया तो देखा कि शिक्षक अचेत अवस्था में पड़े हैं और शरीर झुलसा हुआ है। युवक के शोर मचाने पर ग्रामीण जुटे और आनन-फानन में उन्हें स्थानीय डॉक्टर के पास ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। बाद में मृतक की पहचान सुनील पासवान, पिता स्वर्गीय रामकेश पासवान, उम्र 42 वर्ष के रूप में की गई। वे पचौरा गांव स्थित एक विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। उनका पूरा परिवार सासाराम में किराए के मकान में रहता है जबकि वे खुद गांव में अकेले रहते थे। वे दो पुत्रों के पिता थे। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है और परिजन गहरे सदमे में हैं।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार को कई सौगात देने का करेंगे कार्य : राजू गुप्ता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** अकोढी गोला बाक्स स्थित गुप्ता जी ब्रदर्स राइस मिल पर बिहार भाजपा के प्रदेश संयोजक व्यवसायिक प्रकोष्ठ सह बिहार राइस मिल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सह वैश्य समाज के वरिष्ठ नेता राजू गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा डिहरी विधानसभा क्षेत्र के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बिक्रमगंज दुर्गाडीह में प्रातः 10 बजे विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे तथा बिहार को कई सौगात देने का कार्य करेंगे जो अपने आप में ऐतिहासिक होगा। प्रधानमंत्री की जनसभा को ऐतिहासिक बनाने हेतु राजू गुप्ता के द्वारा अपने विधानसभा अन्तर्गत भाजपा के करीब 20 हजार कार्यकर्ताओं के साथ इस ऐतिहासिक जनसभा में शामिल होंगे जो शाहाबाद की धरती पर प्रधानमंत्री का आगमन हम सभी शाहाबाद वासियों के लिए सम्मान और गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा की एक झलक दिखाई पड़ सकती है। हालांकि तिरंगा यात्रा का समापन हो गया है। पर बिक्रमगंज की जनसभा में कुछ नए अंदाज में तिरंगा यात्रा का जलवा दिखेगा। भीड़ के साथ बिक्रमगंज की सभाओं में गाड़ियों पर आने वाली भीड़ तिरंगा के साथ अपना दम खम दिखाने जा रही है। लाभ यह है कि तिरंगा झंडा लगी गाड़ियों से आने वाले लोग भाजपा नेताओं द्वारा जुटाई गई भीड़ का हिस्सा नहीं होंगे। ये वह भीड़ होगी जिन्हें राष्ट्र और राष्ट्रवाद की चिंता है। बल्कि राष्ट्रवाद की नीति का समर्थन करते हुए स्वयं अपने संसाधन से बिक्रमगंज भीड़ की शोभा बनेंगे।

मौके पर दुर्गेश सिंह विशाल आनंद डिहरी विधानसभा प्रभारी, भोला सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष, अशोक चंद्रवंशी प्रदेश महासचिव जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ, आशुतोष सिंह, वीरेंद्र शर्मा अशोक सोनी मंडल अध्यक्ष, रवि पांडे पूर्व प्रखंड अध्यक्ष, धीरज गुप्ता, बंटी सिंह, राजकुमार गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल थे।

# पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन ने किया सैनिटरी पैड का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, पं. दीन दयाल उपाध्याय की ओर से बाकले अधिकारी क्लब में शाम को सैनिटरी पैड वितरण कार्यकम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्षा चित्रा सिंह ने अपने दिन-प्रतिदिन के जीवन में इन पर्यावरण के अनुकूल कम लागत वाले सैनिटरी पैड का उपयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने वहां मौजूद महिलाओं को बताया कि यह सैनिटरी पैड मासिक धर्म स्वास्थ्य प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, महिलाओं के शारीरिक आराम, स्वच्छता और समग्र कल्याण में योगदान करते हैं। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्षा द्वारा डीडीयू मंडल में कार्यरत कुल 20 अनुबंधित सफाई कर्मी महिलाओं को पर्यावरण के अनुकूल कम लागत वाले सैनिटरी पैड का वितरण किया गया है। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा स्मिता सिंह, सचिव शालीनी भूषण, संयुक्त सचिव नैनशी एवं सोमा चटर्जी एवं अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।**

सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114

Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com

ई–प्रोक्योरमेंट अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

(1st Call)

निविदा सूचना संख्या - DWSD/GAR-02/2025-26 दिनांक - 28.05.2025

| कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| Construction of RCC Fou ndation for steel Structure , Galvanized tubular steel structure staging ( 4.5 mtr.) for HDPE water storage tank & Solar pane l, Supplying & Installation of 2 000 liters capacity water storage tank (1No.),Laying of Rising and distribution pipe line including House connection up to 20 Nos, Provision of 1.0 HP DC Solar Motor pump complete set with Annual repair & maintenance for 5 years **at Chaplasi Village , Bhandaria Block under Garhwa district.** | **6,47,642/-** | **13,000/-** | **1250/-** | 03 माह |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि – | 09.06.2025 समय 02:00 बजे अपराहन् तक |
| 2 | निविदा प्राप्ति (ऑनलाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय – | 16.06.2025 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 3 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0 गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय – | 16.06.2025 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय – | 17.06.2025 समय 05.00 बजे अपराहन् |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान – | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम – | ई0 अजय कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 – 9431325479 | |
| 8 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन सं0 – 0651–2490920 | |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता**
**पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा।**

**PR 353821 Drinking Water and Sanitation(25-26)D**


# अधिवक्ताओं को दिलाई गई जदयू की सदस्यता



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** व्यवहार न्यायालय के सभागार में जदयू (विधि प्रकोष्ठ) रोहतास के जिलाध्यक्ष उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में मनोज कुमार एवं शिवप्रसन राम अधिवक्ता ने जदयू की प्राथमिक सदस्यता के साथ ही जदयू विधि प्रकोष्ठ की सदस्यता ग्रहण कराई गई। उपेंद्र कुमार ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत करते हुए भारी मतों से जीत दिलाकर पुनः मुख्यमंत्री बनाना है। कल यानी 30 मई को रोहतास जिले के बिक्रमगंज में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सभा में अधिवक्ता साथियों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। मौके पर जदयू विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष उपेंद्र कुमार, राम उमेश शर्मा, जगनारायण राय, अखिलेश कुमार सिन्हा, राम अयोध्या सिंह सहित कई अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# पीएम के मंच पर उठेगा कमिश्नरी बनाने की मांग

## शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति ने दिया मांग पत्र, सांसद उपेन्द्र कुशवाहा ने दिया आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** पुराने शाहाबाद जिला को कमिश्नरी बनाने की मांग तेज हो गई है। इस संबंध में शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति के संयोजक अखिलेश कुमार ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष सांसद उपेन्द्र कुशवाहा को मांग पत्र सौंपा है जिसमें कहा गया है कि बिहार का वर्तमान रोहतास, भोजपुर, बक्सर तथा कैमूर जिला 1972 से पहले शाहाबाद जिला हुआ करता था। 1972 में रोहतास, भोजपुर और 1991 में बक्सर, कैमूर जिला का निर्माण हुआ। प्रशासनिक दृष्टि से तो विभाजन हो गया, परन्तु इस पूरे प्रक्षेत्र का रहन-सहन, खान-पान, बोल-चाल की भाषा, कला-संस्कृति आज भी एक हीं है। अखिलेश कुमार ने कहा है कि देश आजादी के समय वर्तमान बिहार में कुल 11 जिला हुआ करता था इसमें 9 जिला पटना, गया, मुजफ्फरपुर, कोसी, पूर्णिया, मुंगेर भागलपुर, दरभंगा तथा सारण को प्रमंडल (कमिश्नरी) बना दिया गया। परन्तु शाहाबाद जिला आज भी इस अधिकार से वंचित है। विदित हो कि चार जिलों में विभक्त शाहाबाद प्रक्षेत्र प्रमंडल बनने के सारे मापदंडों पर जैसे क्षेत्रफल, जनसंख्या, राजस्व उगाही, प्राकृतिक बनावट और साक्षरता दर की दृष्टि से खरा उतरता है। इस संबंध में आंकड़े बताते हुए कहा गया है कि शाहाबाद प्रक्षेत्र 11131 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है जिसकी आबादी 2011 के जनगणना के अनुसार 92 लाख से अधिक है। साथ हीं साक्षरता दर तथा राजस्व उगाही में भी यह प्रक्षेत्र पूरे बिहार में अव्वल है। पूरे प्रक्षेत्र के लोग एक ही भाषा भोजपुरी का प्रयोग करते हैं। यदि तुलनात्मक अध्ययन किया जाए तो भागलपुर तथा कोसी दोनों प्रमंडलों (कमिश्नरी) के बराबर शाहाबाद प्रक्षेत्र अकेले है। वर्तमान में भागलपुर प्रमंडल का क्षेत्रफल 5589 वर्ग किलोमीटर और जनसंख्या 51 लाख है तो कोसी प्रमंडल का क्षेत्रफल 5899 वर्ग किलोमीटर तथा जनसंख्या 51 लाख है। अखिलेश कुमार ने बताया कि चूंकि राजग गठबंधन के घटक दल में शामिल उपेन्द्र कुशवाहा को पीएम के समक्ष सभा में बात रखने का मौका मिलेगा और उन्होंने इस मांग को न्यायोचित तथा शाहाबाद के लिए जरूरी बताते हुए इसे प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के समक्ष रखने का भरोसा दिया है।

# 65 लीटर महुआ शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** इन्द्रपुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत शराब के विरुद्ध छापेमारी के दौरान मोहनी कुंवर पति स्वर्गीय नंदु भुइयां के अर्द्ध निर्मित घर ग्राम भुइयां टोला पटनवा से कुल करीब 55 लीटर देशी महुआ शराब बरामद कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। वहीं इन्द्रपुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत शराब के विरुद्ध छापामारी के दौरान शराब कारोबारी धर्मवीर चौधरी पिता स्वर्गीय अवधेश चौधरी ग्राम शंकरपुर थाना इन्द्रपुरी जिला रोहतास को उसके घर से 10 लीटर देशी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। यह जानकारी इंद्रपुरी थानाध्यक्ष ने दी।

# बाइक की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी मुफस्सिल थाना के भलूआड़ी गांव से अज्ञात अपराधियों ने गांव से बाइक की चोरी कर ली। पुलिस के अनुसार बाइक मालिक नंदू गोड ने अपने ट्रैक्टर बी आर 24 आर 7604 के चोरी की प्राथमिकी कराया है।

# बस स्टैंड नहीं होने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी

## सड़क पर खड़े होकर यात्री करते हैं बस का इंतजार, दुर्घटना की बनी रहती है आशंका

**विकाश शुक्ला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चेनारी।** नगर पंचायत में बस स्टैंड के नहीं होने से आम जनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यात्री कैमूर जिले के रामपुर चेनारी व शिवसागर प्रखंड के कई गांव से यहां विभिन्न जगहों के लिए लगी बस पकड़ने आते हैं, लेकिन बस सड़क पर विभिन्न जगहों पर लगे रहने से उन्हें परेशानी होती है। कई जगहों पर यात्री सड़क किनारे खड़ा होकर बस का इंतजार करते हैं। ऐसी स्थिति में भीषण गर्मी में उन्हें काफी परेशानी हो रही है। कभी कभार बस छूट भी जाती है विभिन्न क्षेत्र के लगभग दो सौ गांव के लोग यहां सासाराम, कुदरा, बनारस, पटना, भभुआ, मोहनियां, आलमपुर, शिवसागर समेत अन्य शहरों में जाने के लिए बस पकड़ने आते हैं। चेनारी थाना चौक के पास स्टेट हाइवे सड़क पर बस इधर-उधर खड़ी रहती है जिसे सड़क जाम भी रहता है, लेकिन इसका संज्ञान नगर पंचायत के अधिकारी कर्मी व जनप्रतिनिधि नहीं ले रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर बस स्टैंड होती तो एक जगह से उन्हें बस मिल जाती इधर-उधर सड़क पर भटकना नहीं पड़ता बस स्टैंड में होने वाली सुविधाएं भी उपलब्ध होती। महिलाओं को भी सुविधा मिलता, लेकिन थाना चौक पर खड़ा होने के कारण महिला बच्चे व आमजन को पेयजल और शौचालय की सुविधा भी नहीं है जिसे यात्री को परेशानी होती है। बस स्टैंड बनारस जाने के लिए बस पकड़ने पहुंचे खुढ़नुखुर्द निवासी लालबाबू सिंह ने बताया कि सड़क पर दुर्घटना होने का खतरा हमेशा बना रहता है। कम दूरी वाली बसें और ऑटो भी एक ही जगह पर खड़ी हो रही है जिसे यात्री को परेशानी अधिक हो रहा है। गर्मी व बरसात के दिनों में समस्या और गहरा जाता है। ग्रामीणों ने चेनारी में बस स्टैंड बनाने की मांग की गई है। कटरा निवासी पिंटू शुक्ला ने बताया कि अस्थाई बस स्टैंड नहीं होने से बसों को रुकने का कोई निश्चित स्थान नहीं है। चालक बस को निर्धारित स्थान पर रुकने के बजाय आगे पीछे रुकता है जिसे रोजाना स्कूल कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों काफी परेशानी होती है। बच्चे बसों में दौड़ कर चढ़ते हैं जिसे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। चेनारी निवासी जय प्रकाश गुप्ता ने बताया कि चेनारी में बस स्टैंड पर पहाड़ी क्षेत्र के अलावे रामपुर ब्लॉक से भी भारी संख्या में लोग बस पकड़ने आते हैं, लेकिन सड़क पर ही बस खड़ा रहती है जहां पेयजल, शौचालय, क्यू शेल्टर, आदि की व्यवस्था नहीं होने से लोग परेशान हैं। नगर पंचायत के मुख्य पार्षद ने कहा कि बस स्टैंड के निर्माण के लिए अधिकारियों से हर मासिक बैठक में मांग की जाती है। जगह चयनित की जा रही है। मैं इसके लिए लगातार प्रयास कर रही हूं जल्द ही बस पड़ाव निर्माण कराया जाएगा।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**CIN: U40108JH2013SGC001704**
**Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH**
**Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in**
**Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)**
**Address-Sudna, Daltonganj • e-mail : gmtzdal@gmail.com**

**e-NIT Tender Notice**

e-Tender in two parts i.e. Technical Part (Part–I) and Price Part (Part-II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm/agency/contractors for the following work:-

| Sl. No. | e-N.I.T. No. | Name of works | Completion Period | e-tender fee (Rs.) (non-refundable) including GST@18% | E. M. Deposit (Rs.) | Estimated Cost (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **156/PR/JUSNL/2025-26** | Repair & maintenance, Painting (inside & outside area), Sanitary work, Septic Tank and other miscellaneous work of E-02 Quarter at colony campus of 132/33 KV G.S.S. Garhwa Road. | 03 Months | 1476/- | 17000/- | 8,46,082.00 |

| | |
|---|---|
| Availability of Tender Documents on e -Tender website | **03.06.2025 at 12:00 PM** |
| Start Date & Time of upload of BID | **03.06.2025 at 12:00 PM** |
| End date and time of upload of BID | **24.06.2025 at 12:00 PM** |
| BID Opening date for Technical Part (Part -I) | **25.06.2025 at 02:00 PM** |
| BID Opening date for Price Part (Part-II) | **Will be communicated later on** |
| Tender Inviting Authority and address for communication | **General Manager, Transmission Zone - IV, Medininagar, Bypass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand** |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9835768602 for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फी नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
**General Manager**
**Transmission Zone-IV, Medininagar**

PR 353815 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 25-26 (D)

# नल-जल योजना में करोड़ों के घोटाले में पूर्व कार्यपालक अभियंता, मुखिया व उसकी पत्नी की अग्रिम जमानत खारिज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** हर घर नल-जल योजना में करोड़ों रुपये के घोटाले के मामले में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के पूर्व कार्यपालक अभियंता चन्देश्वर राम, नरहट पंचायत के मुखिया एहतेशाम कैसर उर्फ गुड्डू और उनकी पत्नी समीना प्रवीण की अग्रिम जमानत याचिका प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज धनंजय सिंह की अदालत ने खारिज कर दी है। अदालत के इस फैसले के बाद जिले में हड़कंप मच गया है और घोटालेबाजों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।




**क्या है पूरा मामला?**

यह मामला अप्रैल 2021 में तब सामने आया जब समाजसेवी एवं जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश महासचिव मंजूर आलम ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, नवादा की अदालत में एक याचिका दायर की। इसमें आरोप लगाया गया कि मुखिया एहतेशाम कैसर ने अपनी पत्नी के नाम पर नल-जल योजना का ठेका लिया और कार्यपालक अभियंता चन्देश्वर राम तथा गया के अधीक्षण अभियंता नसीर मंजर की मिलीभगत से करोड़ों रुपये की सरकारी राशि का गबन किया। जांच के बाद आरोपों की पुष्टि हुई। इसके बाद अदालत ने चारों आरोपियों को समन जारी किया। गिरफ्तारी से बचने के लिए तीन नामजद अभियुक्तों ने अग्रिम जमानत की याचिका दाखिल की थी, जिसे अब खारिज कर दिया गया है।

**आरोप और दबाव की कहानी**

मंजूर आलम ने आरोप लगाया कि घोटाले की शिकायत करने पर उन्हें धमकाया गया। अधीक्षण अभियंता द्वारा धमकी देने के साथ ही पूर्व कार्यपालक अभियंता चन्देश्वर राम ने मुकदमा वापस लेने के लिए उन्हें प्रलोभन भी दिया–यहां तक कि एक स्कॉर्पियो गाड़ी देने की पेशकश की गई। जब मंजूर आलम नहीं माने, तो मुखिया गुड्डू ने उनके घर के बाहर हथियारों का जखीरा रखवाकर उन्हें फंसाने की साजिश रची। हालांकि, पुलिस जांच में यह साजिश बेनकाब हो गई और गुड्डू को इस मामले में जेल भी जाना पड़ा था। वर्तमान में वह जमानत पर बाहर है, लेकिन अब दोबारा जेल जाने की प्रबल संभावना है।

**अब क्या?**

न्यायालय के सख्त रुख के बाद जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की उम्मीद फिर जगी है। अब सभी की निगाहें इस पर टिकी हैं कि घोटाले में गवन की गई सरकारी राशि की वसूली कब तक हो पाएगी।

पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं में भ्रष्टाचार करने वालों को सख्त सजा मिले, यही जन आकांक्षा है।

# महिला संवाद कार्यक्रम बना सशक्तीकरण का माध्यम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सरमेरा प्रखंड में ग्रामीण विकास विभाग के तत्वावधान में चल रहा महिला संवाद कार्यक्रम महिलाओं के सशक्तिकरण और भागीदारी को एक नया आयाम दे रहा है। इस कार्यक्रम की शुरुआत 18 अप्रैल को हुई थी और अब तक सरमेरा प्रखंड में 81 स्थानों पर यह संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, जिसमें 16,000 से अधिक महिलाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया है। इस संवाद कार्यक्रम के माध्यम से महिलाएं खुलकर स्थानीय समस्याओं को उजागर कर रही हैं और उनके निराकरण के लिए सार्थक सुझाव भी दे रही हैं। कार्यक्रम के दौरान संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है कि वे महिलाओं की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें, ताकि राज्य सरकार के संबंधित विभागों तक आवश्यक जानकारी भेजकर, आवश्यकता अनुसार नई योजनाएं तैयार की जा सकें। प्रखंड परियोजना प्रबंधक सरयू कुमार ने बताया कि सरमेरा प्रखंड के 8 ग्राम पंचायतों और नगर पंचायत सरमेरा में यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को विकास प्रक्रिया से सीधे जोड़ना और उन्हें नीति-निर्माण में भागीदारी का अवसर देना है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम की प्रगति और प्रभाव का फीडबैक प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशन भूषण द्वारा लगातार लिया जा रहा है, ताकि संवाद कार्यक्रम की गुणवत्ता और प्रभावशीलता बनी रहे।




## खेल को भी गंभीरता से लें युवा : मंत्री

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** गुरुवार को राजगीर प्रखंड के दुहैय-सुहैय में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार द्वारा किया गया। मंत्री ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। इस तरह के टूर्नामेंट युवाओं को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करते हैं। उन्होंने गांव के युवाओं से आह्वान किया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेल को भी गंभीरता से लें और अपने कौशल को निखारें। उद्घाटन मैच में स्थानीय टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इससे दर्शकों का उत्साह चरम पर पहुंच गया। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, स्थानीय बुद्धिजीवी, समाजसेवी और खेलप्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। टूर्नामेंट का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और खेल के प्रति जागरूकता फैलाना था।







## बदमाशों ने युवक पर किया हमला

**बिहारशरीफ।** नांलदा थाना क्षेत्र के नीरपुर गांव में बदमाशों ने एक महादलित युवक हिरौली के साथ हथियार के बल पर लूटपाट की। विरोध करने पर युवक पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना में घायल युवक हिरौली मांझी ने बताया कि वह नीरपुर पंचायत की मुखिया कुमारी सविता के पेट्रोल पंप पर कार्य करता है। वह रोज की तरह ड्यूटी पर जा रहा था, तभी रास्ते में तीन बदमाशों ने उसे घेर लिया और लूटपाट शुरू कर दी। जब हिरौली ने विरोध किया, तो बदमाशों ने उस पर जानलेवा हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। किसी तरह वह अपनी जान बचाकर घटनास्थल से भाग निकला और पेट्रोल पंप पहुंचा, जहां कर्मचारियों ने उसकी मदद की। भीड़ जुटती देख बदमाश मौके से फरार हो गए। घायल युवक ने खुद को केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी का रिश्तेदार बताया है। उसके अनुसार, जीतन राम मांझी उसके फूफा लगते हैं।घटना के संबंध में नालंदा थानाध्यक्ष ने बताया कि अभी तक इस मामले में एक नामजद और दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस घटना के बाद से पीड़ित का परिवार भयभीत है। हिरौली मांझी ने आशंका जताई है कि हमलावर उसके परिवार पर दोबारा हमला कर सकते हैं।

## टीएस कॉलेज हिसुआ में स्नातक तृतीय खण्ड की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से हो रही संचालित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा ।** मगध विश्वविद्यालय बोध गया द्वारा आयोजित स्नातक तृतीय खण्ड, सत्र 2020-25 का सैद्धांतिक परीक्षा शांतिपूर्ण तथा कदाचार मुक्त ढंग से संचालित किया जा रहा है। प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक डॉ.पवन कुमार शर्मा ने बताया कि नारदीगंज कॉलेज नारदीगंज का परीक्षा केंद्र टीएस कॉलेज हिसुआ को बनाया गया है। 24 मई से स्नातक तृतीय खंड का सैद्धांतिक परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त परीक्षा ली जा रही है। प्राचार्य ने बताया कि ये पुरानी कोर्स का अंतिम सत्र का सैद्धांतिक परीक्षा चल रही है। , सत्र 23-27 से अब नई शिक्षा नीति के तहत चार वर्षीय स्नातक डिग्री कोर्स का संचालन हो रहा है। परीक्षा सफल संचालन में अर्जुन कुमार, अनिल कुमार, शैलेंद्र कुमार, सिन्धुकांत आदि लगे हुए है। परीक्षा के वीक्षण कार्य में डॉ. स्वर्गेश कुमार, डॉ.संजय कुमार चौहान, डॉ.सुनील कुमार दुबे, डॉ.अमरदीप अमहोरे, डॉ सुधा देवी, डॉ परमानंद राम, डॉ. पूनम भारती,डॉ एस एन प्रभाकर, डॉ.मुकेश कुमार, डॉ.पूनम कुमारी, डॉ.नागेंद्र दास,डॉ. संजय कुमार, सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक लगे हुए है। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया की स्नातक तृतीय खंड का यह सैद्धांतिक परीक्षा 5 जून 2025 का तक होगा।










## शहीद मनीष के नाम पर बना तोरण द्वार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल प्रखण्ड अंतर्गत पाण्डेयगंगौट गांव के ग्रामीण व विगत 14 मई को काश्मीर के कारगिल क्षेत्र में ड्यूटी के दौरान शहीद हुए भारतीय सेना के जवान मनीष कुमार के नाम पर गांव का मुख्य प्रवेश द्वार का नामाकरण किया गया है। स्थानीय मुखिया दीपक कुमार ने बताया कि सेना के जवान मनीष की शहादत पर हम सभी ग्रामीणों को गर्व है। बावजूद प्रशासनिक उदासीनता के ग्रामीणों ने पाण्डेयगंगौट जाने वाली मुख्य मार्ग के द्वार का जीर्णोद्धार कर मुख्य द्वार का नाम वीर शहीद मनीष कुमार द्वार पांडेयगंगौट रखा है। इस फैसले के बाद स्थानीय ग्रामीणों में खुशी देखी जा ही है। लोगों ने कहा कि यह द्वार अमर शहीद जवान मनीष की आजीवन याद दिलाता रहेगा।







## स्वच्छता कर्मियों के लिए आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य प्रगति पर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** उप विकास आयुक्त ने जानकारी दी है कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)/लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत नवादा जिले की ग्राम पंचायतों में कार्यरत कुल 3052 स्वच्छता कर्मियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। अब तक 2391 स्वच्छता कर्मियों का आयुष्मान कार्ड बनाकर उन्हें प्रदान किया जा चुका है। शेष कर्मियों के कार्ड बनाने की प्रक्रिया भी तेज़ी से जारी है और जल्द ही सभी कर्मियों को यह सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से स्वच्छता कर्मियों को ?5 लाख तक का निःशुल्क स्वास्थ्य उपचार उपलब्ध होगा। इससे न केवल उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि उनके जीवन की आर्थिक स्थिति में भी सकारात्मक सुधार आएगा। उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शेष बचे स्वच्छता कर्मियों के आयुष्मान कार्ड जल्द से जल्द बनाकर वितरित किए जाएं ताकि सभी पात्र लाभार्थी इस महत्त्वपूर्ण योजना का लाभ उठा सकें।

## नाबालिग लड़की अपहरण कर बनाया बंधक

**नवादा/नबिटा संवाददाता।** नवादा में एक नाबालिग़ लड़की का अपहरण कर बंधक बनाए जानें का मामला सामने है, जहां नवादा जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के एक गांव से एक नाबालिग का अपहरण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद नाबालिग के पिता ने मुफ्फसिल थाना पहुंचकर नाबालिग की सकुशल बरामद की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुफ्फसिल थाना क्षेत्र स्थित एक गांव की नाबालिग कोचिंग करने के लिए घर से निकली थी। जब देर शाम तक नाबालिग घर वापस नहीं लौटी, तो परिजन चिंतित होकर आस पड़ोस और रिश्तेदारों में खोजबीन शुरू कर दी। इसके बाद पीड़ित पिता मुफ्फसिल थाना पहुंचे और लिखित आवेदन देकर नाबालिग की सकुशल बरामदगी की पुलिस से गुहार लगाई है।

## शारदीय खरीफ महाभियान 2025 का आयोजन

**नारदीगंज/नबिटा संवाददाता।** प्रखंड स्तरीय शारदीय खरीफ महाभियान 2025 का आयोजन गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित उजला भवन में किया गया। नवनियुक्त प्रशिक्षु बीएओ एकता वर्मा व अंजली भारती ने जैविक खेती, फार्मर रजिस्ट्री, बिहार कृषि ऐप, स्वीट कॉर्न एवं बेबी कॉर्न की खेती, हरी खाद के रूप में ढैचा समेत अन्य योजना की विस्तृत जानकारी दी गई।





**पूर्व रेलवे**

**सूचना सं. एसआईजी_डब्ल्यू _5_पॉलिसी, दिनांक 28.05.2025,** वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ. झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई–निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_25–26_21_ओटी, दिनांक 27.05.2025, कार्य का नाम:** ई1 कनेक्टिविटी के साथ एसएसबीपीएसी(डी) द्वारा सिंगल लाइन ब्लॉक इंस्ट्रूमेंट्स का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य:** रु.5,99,86,276.22, **बयाना राशि:** रु.4,49,900/–, **ई–निविदा जमा देने की तिथि और समय :** दिनांक 04.06.2025 से 18.06.2025 को 11.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट:** वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** सूचना पट: वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा।

MLD-71/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222–एस/1/डब्ल्यू–II, दिनांक 23.05.2025,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/I, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई–निविदाएँ ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: टीएन–33–25–26, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/1/सियालदह के कार्यक्षेत्र में वेल्डिंग अंश की आपूर्ति एवं पर्यवेक्षण सहित एल्यूमिनो थर्मिट एसकेवी प्रोसेस द्वारा रेल जॉइंटों की वेल्डिंग। **निविदा मूल्य :** रु. 3,22,05,283.10, **बयाना राशि :** रु.3,11,000/–, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 18.06.2025 को 15.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 18.06.2025 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-70/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/550, दिनांक 27.05.2025,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम ऑफिस, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई–निविदा सं. : एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/12/25–26/आरआरएसके। कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** सियालदह मंडल के तहत पावर बैक अप बैटरी सिस्टम का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य :** रु.3,13,77,515.85, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.3,06,900/–, **कार्य की समापन अवधि:** 06 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथि:** 09.06.2025, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथि:** 23.06.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथि:** 23.06.2025 को 14.30 बजे। विवरण **www.ireps.gov.in** से देखा जा सकता है। **तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया है: (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन–पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर–VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म–6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजात:** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृति:** डेटालॉगर या आरटीयू की आपूर्ति, स्थापना और आरंभ करने का कोई भी कार्य या कोई सिग्नल इंटरलॉकिंग कार्य जिसमें शामिल है ईआई या आरआरआई या पीआई या आईबीएस या आईबीएच या एलसी गेट इंटरलॉकिंग या यार्ड रूपांतरण या यूएफएसबीआई या ट्रैक सर्किट (एएफटीसी या डीसी टीसी) या एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी या एमएसडीएसी या एचए–एसएसडीएसी) या ऑटोमेटिक सिग्नलिंग को मौजूदा निविदा कार्य के लिए समरूप प्रकृति के कार्य के रूप में विवेचित किया जाएगा। **टिप्पणी:** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व–सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व–सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे।

SDAH-68/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### रिकॉर्ड रूम के समीप लगेगा सीसीटीवी कैमरा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंचल के रेकॉर्ड रूम भवन के समीप तिहारे पर सीसीटीवी कैमरा लगेगा। उक्त कैमरों से प्रखंड परिसर स्थित बीडीओ एवं सीओ आवास समेत प्रखंड परिसर में आने जाने वाले मार्ग की निगरानी होगी।जानकारी के अनुसार उक्त जगह पर नगर परिषद द्वारा 3 कैमरे लगाए जाएंगे। कैमरे लगाने को लेकर शिकारपुर थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने स्थल का मुआयना किया और बीडीओ सूरज कुमार सिंह से बात कर प्रखंड परिसर में कैमरा लगाए जाने की जानकारी दिया है। बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि नगर परिषद द्वारा शहर में कैमरा लगवाया जा रहा है। उसी कड़ी में प्रखंड परिसर स्थित रेकॉर्ड रूम बिल्डिंग के समीप 3 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। उन कैमरों से प्रखंड परिसर एवं मार्गो की निगरानी होगी।

### आंगनबाड़ी सेविकाओं का प्रशिक्षण संपन्न

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के आंगनवाड़ी सेविकाओं का 19 मई से 27 मई तक चलने वाला प्रशिक्षण समाप्त हो गया है। प्रशिक्षण समाप्त होने के उपरांत सेविकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मो. सोहैल अहमद ने बताया कि पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत चल रहे सभी सेविकाओं का प्रशिक्षण समाप्त हो गया है। प्रशिक्षण के समापन के उपरांत पोषाहार वितरण में पारदर्शिता लाने एवं पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से 50 प्रतिशत लाभार्थियों का ई-केवाईसी करने वाली सेविकाओं को प्रशस्ति पत्र दिया गया है। सीडीपीओ ने बताया कि कुल 90 सेविकाओं को प्रशस्ति पत्र दिया गया।

### नाबालिग से छेड़छाड़ में तीन वर्ष की सजा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नाबालिग बच्ची से छेड़छाड़ करने के एक मामले की सुनवाई पूरी करते हुए पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश जावेद आलम ने एक आरोपी को दोषी पाते हुए उसे 3 वर्ष कठोर करावास तथा पांच हजार रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई है ।अर्थ दंड का भुगतान नहीं करने पर उसे 2 महीने अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी ।सजायाफ्ता विजय कुमार बगहा पुलिस जिला के बाल्मीकि नगर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पोक्सो एक्ट के अनन्य विशेष लोक अभियोजक जयशंकर तिवारी ने बताया कि घटना वर्ष 2019 की है ।एक नाबालिक बच्ची शौच करने जा रही थी ।इसी दौरान चार पांच लड़कों ने उसके साथ छेड़खानी किया । इस संबंध में उसने बाल्मीकि नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी ।इसी मामले की सुनवाई स्पीडी ट्रायल के माध्यम से पूरी करते हुए विशेष न्यायाधीश ने यह सजा सुनाई है। इस मामले के तीन अन्य अभियुक्तों का विचारण किशोर न्याय परिषद बेतिया में चल रहा है।?

### एसडीसी ज्योति को मिला बगहा दो अंचल का प्रभार



**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वरीय उप समाहर्ता ज्योति रानी को अंचल बगहा दो का प्रभार मिला है। जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में गुरुवार को वरीय समाहर्ता ज्योति रानी ने अंचल बगहा दो का प्रभार ग्रहण किया है। गुरुवार को वरीय उप समाहर्ता ज्योति रानी ने भितहा अंचल के सीओ सह बगहा दो अंचल के प्रभारी सीओ मनोरंजन शुक्ला से प्रभार ग्रहण किया है। पदभार ग्रहण करने के बाद वरीय उप समाहर्ता सह सीओ बगहा दो ज्योति रानी ने बताया कि किसानों एवं रैयतदारों की समस्याओं का निराकरण के साथ-साथ परिमार्जन, दाखिल खारिज के मामलों का समय निष्पादन करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। गौरतलब हो कि की अंचल बगहा के सीओ निखिल कुमार के निलंबन के बाद जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में भितहा सीओ मनोरंजन शुक्ला ने अंचल बगहा दो का प्रभार ग्रहण किया था। लेकिन इधर जिला पदाधिकारी ने अपने आदेश में संशोधित करते हुए वरीय उप समाहर्ता ज्योति रानी को अंचल बगहा दो सीओ का प्रभार सौंपा है।

### अंचल गार्ड ने एक व्यक्ति को पुलिस को सौंपा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंचल आवास पर सीओ के साथ दुर्व्यवहार एवं फोन पर धमकी मामले में अंचल गार्ड ने एक व्यति को पकड़कर शिकारपुर पुलिस को सौंपा है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान सितवापुर निवासी संजय कुमार राम के रूप में हुई है। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि उक्त व्यक्ति द्वारा भूमि से संबंधित शिकायत लेकर अंचल कार्यालय पहुंचा था। इसी दौरान वह सीओ आवास पहुंचा और अपनी भूमि से संबंधित शिकायत की। सीओ द्वारा उसे डीसीएलआर के पास आवेदन देने को कहा जिसपर वह उग्र हो गया और सीओ से साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए दुर्व्यवहार करने लगा। हालांकि गार्ड द्वारा उसे समझाते हुए आवास से बाहर किया गया। जिसके पश्चात उसके किसी रिश्तेदार ने फोन कर सीओ को देख लेने की धमकी भी दी है। वही दुबारा संजय सीओ आवास पहुंचकर अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा। हो हल्ला होने के बाद अंचल गार्ड द्वारा उक्त व्यक्ति को पकड़कर प्रखंड परिसर स्थित खड़ी शिकारपुर थाने की गस्ती टीम को सौप दिया गया। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि मामले में सीओ के आवेदन पर एफआईआर दर्ज करते हुए गिरफ्तार व्यति को जेल भेज दिया गया है।

### डीएम ने किया गौनाहा, मैनाटांड़ एवं सिकटा का निरीक्षण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर निकाय उप चुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने के दूसरे दिन भी किसी अभ्यर्थी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल नही किया है। निवार्ची पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त सुमीत कुमारने बताया कि नगर निगम बेतिया के वार्ड नंबर 14 में रिक्त निगम पार्षद के पद पर निर्वाचन कराया जा रहा है। निर्वाचन के लिए 28 मई को हीं अधिसूचना जारी कर दी गयी। अर्थात नामांकन प्रक्रिया आरंभ कर दी गयी।




नामांकन प्रक्रिया कार्यालय अवकाश को छोड़कर आगामी 5 जून तक चलेगा। इसके लिए विभिन्न कोषांगो का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच 6 जून से 9 जुन के बीच की जायेगी। जबकि अभ्यर्थिता वापस लेने की तिथि 10 से 12 जून निर्धारित की गयी। 12 जून को अपराहन में प्रतीक चिन्ह का आवंटन किय जायेगा। आवश्यकता पड़ी तो 28 जून को मतदान कराया जायेगा।

# जिलाधिकारी अमन समीर के नेतृत्व में महिलाएं पा रही नई दिशा

## अब तक 3.83 लाख महिलाओं ने की भागीदारी



**के. के. सिंह सेंगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**छपरा (सारण)।** सारण जिले में महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में चल रहे ह्यमहिला संवाद कार्यक्रमह्न ने बुधवार को अपने 40वें दिन में प्रवेश करते हुए एक नई उपलब्धि दर्ज की। जिले के 20 प्रखंडों से अब तक करीब 3.83 लाख महिलाओं ने इस अभियान में भागीदारी की है, वहीं 39,647 महिलाओं की आकांक्षाएं अब तक संकलित की जा चुकी हैं। कार्यक्रम के तहत प्रत्येक आयोजन स्थल पर जागरूकता वाहनों के माध्यम से वीडियो फिल्मों का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिनमें बिहार सरकार की महिला हितैषी योजनाओं की जानकारी दी जाती है। इसके साथ ही सरल भाषा में तैयार लीफलेट्स भी वितरित किए जा रहे हैं ताकि योजनाओं की जानकारी हर महिला तक पहुंच सके। बुधवार को गरखा प्रखंड के सरगट्टी पंचायत स्थित काजल ग्राम संगठन में आयोजित संवाद सत्र में जिलाधिकारी अमन समीर (भा.प्रा.से.) ने स्वयं पहुंचकर महिलाओं से संवाद किया। उन्होंने महिलाओं की समस्याएं, आकांक्षाएं और सुझाव को गंभीरता से सुना और उन्हें सरकारी योजनाओं में नेतृत्व और भागीदारी के लिए प्रेरित किया। महिलाओं ने संवाद के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में लघु व कुटीर उद्योग, स्थायी बाजार, तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र, सरल पशु ऋण, पारंपरिक उत्पादों के लिए विपणन सुविधा जैसे अहम सुझाव रखे। वहीं छात्राओं ने स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की ऋण सीमा को 4 लाख से बढ़ाकर 15 लाख रुपये करने की मांग रखी, ताकि उच्च शिक्षा की राह और सुगम हो सके। अन्य प्रखंडों में आयोजित सत्रों में महिलाओं ने गांवों की सड़कों की मरम्मत, नालियों की सफाई, सामुदायिक शौचालय, विधवा पेंशन में वृद्धि, राशन दुकानों की स्थापना, दिव्यांग भत्ता, तथा स्नातक स्तरीय कॉलेज की आवश्यकता जैसे जमीनी मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। यह उल्लेखनीय है कि यह संवाद सिर्फ जीविका समूहों तक सीमित नहीं है, बल्कि सामान्य महिलाएं, जो किसी समूह से जुड़ी नहीं हैं, वे भी बड़ी संख्या में इसमें भाग ले रही हैं। जिलाधिकारी अमन समीर की सक्रियता व संवेदनशीलता के चलते यह कार्यक्रम सारण में महिलाओं के लिए एक प्रेरणादायी पहल बन चुका है। यह साबित करता है कि जब प्रशासन सहभागी और सहयोगी भूमिका निभाता है, तो सामाजिक बदलाव की प्रक्रिया तेज और प्रभावशाली हो जाती है। इस कार्यक्रम में डीपीएम जीविका अरुण कुमार, प्रबंधक सूक्ष्म वित्त मनोज कुमार, बीपीएम विमल कुमार, सामुदायिक समन्वयक जय प्रकाश गुप्ता, शिवप्रकाश सहित सैकड़ों जीविका एवं गैर-जीविका महिला प्रतिभागी उपस्थित रहीं।

# 15 दिन पहले हुई मरम्मत, अब चकाचक दिख रहा श्रीनगर से अंगोंता तक का मार्ग

**लखराँव, जियाय, कालिंजरा, खालिसपुर, कर रुआ, पचलखी होते हुए अंगोंता तक की यात्रा अब आसान, स्थानीय लोगों ने सराहा निर्माण कार्य**



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** श्रीनगर से अंगोंता गांव तक का सड़क मार्ग अब पूरी तरह चकाचक हो गया है। महज 15 दिन पहले इस मार्ग की मरम्मत पूरी की गई, जिसके बाद से यह रास्ता न केवल सुंदर दिखने लगा है, बल्कि यहां से गुजरना भी पहले से कहीं ज्यादा आसान हो गया है। यह मार्ग लखराँव, जियाय, कालिंजरा, खालिसपुर, कर रुआ और पचलखी होते हुए अंगोंता गांव तक पहुंचता है। पहले इस रास्ते में जगह-जगह गड्ढे थे, जिससे यात्रियों और स्थानीय ग्रामीणों को काफी परेशानी होती थी। परंतु अब इसकी सूरत बदल चुकी है।

**स्थानीय लोग बोले झ 'अब सफर हो गया आसान'**

कर रुआ के निवासी शैलेश कुमार ठाकुर और वीरेंद्र सिंह बताते हैं कि सड़क अब बहुत ही अच्छी बन गई है। पहले जहां बाइक और गाड़ी चलाना मुश्किल होता था, वहीं अब यह सफर बिल्कुल आरामदायक हो गया है। सरावे गांव के नीतीश कुमार कहते हैं कि इस सड़क के बनने से न सिर्फ लोगों का आना-जाना आसान हुआ है, बल्कि समय की भी बचत हो रही है।

**ट्रैफिक की नहीं है कोई समस्या**

इस मार्ग पर अभी ट्रैफिक की कोई खास समस्या नहीं है। सड़क के दोनों किनारे पर्याप्त चौड़ाई है जिससे छोटे-बड़े वाहन आसानी से गुजर सकते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग अब जिले के सबसे बेहतर ग्रामीण सड़कों में से एक बन गया है।

**गांवों की कनेक्टिविटी सुधरी**

इस सड़क के निर्माण से जुड़े गांवों झ लखराँव, जियाय, कालिंजरा, खालिसपुर, कर रुआ और पचलखी झ के लोग अब मुख्य बाजारों और कस्बों से बेहतर ढंग से जुड़ पाएंगे।

**प्रशासन से मिली सराहना**

स्थानीय लोगों ने इस निर्माण कार्य को लेकर प्रशासन की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि इसी तरह अन्य ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों की भी मरम्मत की जाएगी।

## सास-ससुर व देवर पर लगाया हत्या का आरोप

**साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के सतवरिया गांव में बुधवार की अहले सुबह हुई एक युवक की संध्यास्पद स्थिति में मौत के मामले में पुलिस ने हत्या की एफआईआर दर्ज कर ली है। इस मामले में मृतक करण महतो उर्फ कल्लू की पत्नी रंजू देवी ने थाने में आवेदन देकर हत्या की एफआईआर दर्ज कराई है ।अपने दिए गए आवेदन में रंजू देवी ने बताया है कि मैं अपने मायके चनपटिया थाना के जैतिया गांव में थी। तभी 28मई को सुबह 7 बजे मेरे ससुराल सतवरिया से दो पटीदार रवि महतो एवं चंदन महतो और वार्ड मेरे मायके आए और मुझे घर चलने के लिए बोले कि आपके पति को सांप काट दिया है। तभी मैं यह सुनकर अपने ससुराल सतवरिया आई। तब मैं देखी कि मेरे पति मर चुके थे। उनको 27मई के रात में ही मेरे ससुर कपिल महतो एवं मेरी सास रंभा देवी और उनके साथ राजू महतो, मंटू महतो, बच्चू महतो, घमासान चौधरी, पूजा देवी, बेबी देवी यह सब मिलकर गला दबाकर मेरे पति को जान से मार दिए हैं।

# सीवान पहुंचे राज्यसभा सांसद राकेश सिन्हा और शम्भू शरण पटेल



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सीवान में मंगलवार को आयोजित एक सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे राज्यसभा सांसद राकेश सिन्हा और शम्भू शरण पटेल ने न्यू परिषदन में पत्रकारों से बातचीत की। प्रेस वार्ता में दोनों सांसदों ने बिहार और राष्ट्रीय राजनीति पर खुलकर विचार व्यक्त किए और विपक्षी दलों, विशेष रूप से कांग्रेस और जनस्वराज अभियान चला रहे प्रशांत किशोर पर तीखे प्रहार किए।

**'ऑपरेशन सिंदूर' पर खुलकर बोले सिन्हा, कांग्रेस को बताया भारत की आस्था के विरुद्ध**

राज्यसभा सांसद राकेश सिन्हा ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए कहा कि यह केवल एक राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि भारतीय समाज की मूल चेतना के खिलाफ रची गई साजिश का पदार्फाश है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा, यह वही कांग्रेस है जो कभी राम मंदिर के निर्माण में रोड़े अटकाती थी, आज वही आस्था पर हमले का नया तरीका अपना रही है। लेकिन देश अब जाग चुका है। धर्म और संस्कृति के प्रतीकों का अपमान अब बर्दाश्त नहीं होगा। सिन्हा ने दावा किया कि भाजपा न केवल राजनीतिक दल है, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा की रक्षा करने वाला संगठन भी है। उन्होंने कहा कि देश की जनता अब जागरूक हो चुकी है और वोटबैंक की राजनीति के खिलाफ खड़ी हो रही है।

**प्रशांत किशोर को शम्भू शरण पटेल ने लिया आड़े हाथों**

राज्यसभा सांसद शम्भू शरण पटेल ने जनस्वराज अभियान के माध्यम से बिहार की राजनीति में सक्रिय प्रशांत किशोर पर निशाना साधा। उन्होंने कहाः ह्लप्रशांत किशोर एक चुनावी रणनीतिकार हो सकते हैं, लेकिन बिहार की राजनीति की जमीनी समझ उनके पास नहीं है। वे सोचते हैं कि केवल सोशल मीडिया और प्रचार से बदलाव आ सकता है, लेकिन यहां लोगों का विश्वास जीतने में वर्षों लग जाते हैं। पटेल ने आगे कहा कि बिहार की राजनीति केवल नारों या योजनाओं से नहीं चलती, बल्कि इसके लिए गहरी सामाजिक समझ, जनता से संवाद और समर्पण की आवश्यकता होती है।

**प्रशांत किशोर पर बोले पटेल - 'बिहार की राजनीति पोस्टर और कैंपेन से नहीं चलती, जमीनी हकीकत अलग'**

**भाजपा के जिला नेतृत्व ने की गर्मजोशी से अगवानी**

राज्यसभा सांसदों की इस महत्वपूर्ण यात्रा के दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला संगठन ने पूर्ण सक्रियता के साथ उनका स्वागत किया।

**प्रेस वार्ता में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख हैंः**

राहुल तिवारी भाजपा जिलाध्यक्ष, प्रदीप कुमार रोज उर्फ बडका बाबा, जिला उपाध्यक्ष, श्रीमती सुशीला देवी जिला उपाध्यक्ष, सत्यम सिंह सोनू जिला महामंत्री, श्रीमती अनुराधा गुप्ता जिला महामंत्री, धर्मेद्र सिंह पटेल जिलाकोषाध्यक्ष, आदित्य कुमार पाठक मीडिया प्रभारी, राकेश पाण्डेय जिलाप्रवक्ता, राजकुमार शर्मा,सुभाष कुशवाहा। इन सभी नेताओं ने सीवान में भाजपा के संगठनात्मक ढांचे, आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों और जमीनी मुद्दों पर सांसदों को अवगत कराया।

**सामाजिक कार्यक्रमों में भी ली भागीदारी**

प्रेस वार्ता के पूर्व दोनों सांसदों ने सिवान में आयोजित सामाजिक कार्यक्रमों में भी हिस्सा लिया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से उन्होंने स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। सांसदों ने भरोसा दिलाया कि सिवान सहित पूरे बिहार के विकास में भाजपा की भूमिका निर्णायक रहेगी।

**राजनीतिक सरगर्मियों को दी नई दिशा**

राज्यसभा सांसदों की इस यात्रा से सिवान की राजनीति में नई ऊर्जा का संचार देखा गया। भाजपा कार्यकताओं में उत्साह और आम लोगों में संवाद की पहल स्पष्ट दिखाई दी। दोनों सांसदों के बयानों से साफ है कि आगामी चुनाव को लेकर पार्टी रणनीतिक रूप से मजबूत स्थिति में है और विपक्ष पर सीधा व वैचारिक हमला जारी रखेगी।

# प्रखंड स्तरीय खरीफ कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**अमनौर (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार को अमनौर कृषि भवन में खरीफ महाभियान 2025 के तहत प्रखंड स्तरीय शारदीय (खरीफ) कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर अंचलाधिकारी अजय कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी संजीव सिंह, प्रशिक्षु कृषि पदाधिकारी ईशा कुमारी, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी संजीव कुमार, आत्मा अध्यक्ष सुमन शर्मा एवं पूर्व जिला परिषद विक्रमा मांझी ने किया। कार्यक्रम में अंचलाधिकारी अजय कुमार ने किसानों को खरीफ महाभियान एवं खरीफ उत्पादन कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने किसानों को मक्का की खेती को अपनाने के लिए प्रेरित किया एवं कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी। प्रखंड कृषि पदाधिकारी संजीव सिंह ने मोटे अनाज जैसे धान, मक्का, रागी, कोदो, बाजरा, सावा, ज्वार व कंगनी की खेती करने पर बल दिया और फसल चक्र की जानकारी दी। प्रशिक्षु बीएओ ईशा कुमारी ने कहा कि किसान पर ही पूरी दुनिया निर्भर करती है और आज भी 70 प्रतिशत जनसंख्या खेती पर आधारित है। कार्यक्रम में कृषि समन्वयक अविनाश कुमार, यशवंत सिंह, अजय कुमार सिंह, प्रशांत कुमार सिंह, चंद्रशेखर सिंह एवं वैभव कुमार ने भी खरीफ फसल से संबंधित वैज्ञानिक जानकारी साझा की। साथ ही जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम, मौसम परिवर्तन के मद्देनजर धान की सीधी बुआई और कृषि यंत्रीकरण की भी विस्तृत जानकारी दी। मंच का संचालन अजय कुमार ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन यशवंत सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लेखपाल सुधीर कुमार, एटीएम रामाधार यादव, राकेश सिंह, मंटू कुमार, घनश्याम मिश्रा, धीरज कुमार सिंह, नितेश कुमार, पूनम देवी, अनुराधा कुमारी समेत सैकड़ों किसान उपस्थित थे। किसानों ने इस दौरान कई सवाल भी पूछे।

# व्यवसायी व समाजसेवी की हत्यारों की जल्द हो गिरफ्तारीः महाचंद्र प्रसाद सिंह



**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छपरा के प्रतिष्ठित व्यवसायी व समाजसेवी अमरेंद्र कुमार सिंह व सामाजिक कार्यकर्ता शंभु सिंह की अपराधियों द्वारा गोली मारकर की गई निर्मम हत्या से क्षेत्र में शोक की लहर है। पूर्व मंत्री महाचंद्र प्रसाद सिंह ने बुधवार को शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दिया। अपनी शोक संवेदना के दौरान उन्होंने कहा कि इस जघन्य वारदात से मन अत्यंत मर्माहत एवं व्यथित है। उन्होंने मृतक अमरेंद्र सिंह के परिजनों से मुलाकात कर ढाढ़स बंधाया और अपनी गहरी संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में वे पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें तथा परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति मिले। साथ ही उन्होंने वरीय पुलिस पदाधिकारियों से बात कर दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी और उन्हें कठोरतम सजा दिलाने की मांग की है। ताकि भविष्य में कोई ऐसी नृशंस वारदात करने का दुस्साहस न कर सके। इस मौके पर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं के अलावा सामाजसेवी अशोक कुमार सिंह ने भी अपनी गहरी शोक संवेदना प्रकट की। उधर छपरा बैंक कॉलोनी निवासी समाजसेवी अशोक कुमार सिंह व एकमा प्रखंड के आमडाढ़ी पंचायत के पूर्व मुखिया ओम प्रकाश सिंह, सारण्य महोत्सव के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश राज, महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, प्रवक्ता के के सेंगर, सीए अमित कुमार, लायंस क्लब ऑफ छपरा के अध्यक्ष डॉ विकास कुमार सिंह, सचिव राकेश कुमार मिश्रा आदि ने पीड़ित परिवारों को पुलिस प्रशासन से हत्याकांड में संलिप्त अपराधियों के गिरफ्तारी करने व शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की है।

# रेफरल अस्पताल, गौनाहा तथा मॉडल थाना पुरुषोत्तमपुर का भी हुआ निरीक्षण



**बेतिया/मैनाटांड़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने आज प्रखंड, अंचल कार्यालय, गौनाहा, मैनाटांड़ एवं सिकटा का औचक निरीक्षण किया। इसके साथ ही रेफरल अस्पताल, गौनाहा तथा मॉडल थाना पुरुषोत्तमपुर का भी निरीक्षण किया। ब्लॉक, अंचल निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कार्यालय के सभी कार्यो को ससमय निष्पादित कराना सुनिश्चित किया जाय। लंबित मामलों को त्वरित गति से निष्पादित कराएं। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि आगामी बिहार विधान सभा निर्वाचन को लेकर सभी तैयारियां त्रुटिरहित कराना सुनिश्चित करें। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का समय पर अनुपालन होना चाहिए। विगत निर्वाचन के दौरान जिन समस्याओं के कारण वोटिंग परसेंटेज कम रहा या बहिष्कार की सूचना प्राप्त हुई थी, उसका तुरंत निराकरण करने की दिशा में कार्रवाई करें। सम्बंधित विभाग को ही संबंधित कार्य करना है। प्रतिवेदन भेजें ताकि विभाग को ससमय प्रतिवेदित किया जा सके।जिलाधिकारी ने अंचल अधिकारी को निर्देश दिया कि राजस्व संबंधित कार्यो को समय पर निष्पादित कराएं। भूमि विवाद संबंधित मामलों के निष्पादन में विभागीय दिशा निदेशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें।रेफेरल अस्पताल, गौनाहा के निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने एमओआईसी तथा हेल्थ मैनेजर को मरीजों की समुचित चिकित्सा का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया मरीजों को सरकार द्वारा देय सभी सुविधाएं मिले, इसे हर हाल में सुनिश्चित किया जाय। अस्पताल द्वारा जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने में कोताही बरतने की शिकायत की गयी, जिस पर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को जांच करते हुए एक-एक आवेदन का निस्तारण कराने में निर्देश दिया गया। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी, नरकटियागंज को उक्त कार्य का अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सख्त लहजे में चेतावनी दिया कि किसी भी प्रकार की अवैध उगाही की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# जिले में 15 दिवसीय विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ

**कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को कृषि की उन्नत तकनीक की दी जानकारी**



**एकमा/मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कृषि विज्ञान केंद्र, मांझी तत्वावधान में गुरुवार को सारण जिले में 15 दिवसीय विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत की गई। बताया गया है कि यह अभियान 29 मई से 12 जून 2025 तक चलेगा। पहले दिन एकमा प्रखंड क्षेत्र में प्रखंड मुख्यालय एकमा, आमडाढ़ी व चनचौरा तथा मांझी प्रखंड के नरपलिया, प्रखंड मुख्यालय मांझी व गुदार्हा खुर्द पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कृषि विज्ञान केंद्र, मांझी के वरीय वैज्ञानिक व प्रधान डॉ. संजय कुमार राय ने बताया कि इस केंद्र द्वारा वैज्ञानिकों की दो टीमों का गठन किया गया है, जो प्रतिदिन तीन-तीन पंचायतों में जाकर किसानों को कृषि की उन्नत तकनीकों की जानकारी देंगी। इस दौरान कुल 90 पंचायतों को अभियान से जोड़ा जाएगा। डॉ. राय ने बताया कि अभियान के अंतर्गत पॉली हाउस में सब्जियों का उत्पादन, शून्य जुताई विधि से धान की सीधी बुवाई, अरहर की वैज्ञानिक खेती, प्राकृतिक खेती, पोषण वाटिका, ड्रोन तकनीक जैसे विषयों पर जानकारी दी जा रही है। वहीं उद्यान विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र चन्द्र चंदोला ने फलों के नए बागों की वैज्ञानिक विधि, गड्ढे खोदने की विधि एवं पौधों की उत्तम किस्मों की जानकारी दी। पौध संरक्षण विशेषज्ञ डॉ. जीर विनायक ने खरीफ फसलों में कीट व रोग प्रबंधन, मशरूम उत्पादन और मधुमक्खी पालन पर विस्तार से बताया। मृदा विशेषज्ञ डॉ. विजय कुमार ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड व मिट्टी जांच की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डीडीएम नाबार्ड सारण- अंशु माला ने किसान क्रेडिट कार्ड व वित्तीय योजनाओं की जानकारी दी। मत्स्य प्रसार अधिकारी ने मछली पालन से जुड़ी योजनाओं की चर्चा की। प्रशिक्षु अनुमंडल कृषि पदाधिकारी प्रीति बाला ने जलवायु अनुकूल कृषि विषय पर जानकारी दी। उप परियोजना निदेशक आत्मा शमशेर आलम ने आत्मा की योजनाओं व भ्रमण कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी, मांझी चूल्हन राम व प्रशिक्षु प्रखंड कृषि पदाधिकारी जूही पांडेय ने बिहार सरकार की कृषि योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। इस पहले दिन के कार्यक्रम को सफल बनाने में आत्मा मांझी से बीटीएम प्रतिभा कुमारी, एटीएम हितेश सिंह, किसान सलाहकार दीपक कुमार शर्मा, राजेश मांझी, सुनील कुमार, हरेराम साह, एकमा से बीटीएम राजकुमार चौरसिया, एकमा के किसान सलाहकार अरुण कुमार सिंह, एटीएम जमालुद्दीन अंसारी, राजेंद्र मौर्य, जितेंद्र कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र मांझी से राकेश कुमार, रवि रंजन व इफको से संदीप कुमार, आमडाढ़ी पंचायत के पूर्व मुखिया ओमप्रकाश सिंह, बीडीसी प्रतिनिधि सुरेंद्रनाथ पंडित आदि का सहयोग सराहनीय रहा। इस मौके पर क्षेत्रीय किसान व पंचायत प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

CMYK

# बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को रौंदा, दोनों की मौत

## बारात कार्यक्रम से वापस घर लौट रहे थे संदीप और धीरज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पाईप लदे एक ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना बारुन थाना क्षेत्र बरवाडीह पेट्रोल पंप के पास एनएच 19 पर की है। मृतक कि पहचान थाना क्षेत्र के सिरिस गांव निवासी सरयू चौधरी के 29 वर्षीय पुत्र संदीप कुमार एवं स्व. सुनील राम के इकलौते पुत्र 18 वर्षीय धीरज कुमार के रुप में हुई है। जानकारी के अनुसार संदीप और धीरज बाइक से हेतमपुर निवासी सुदर्शन राम के पुत्र रवि कुमार के बारात में गये थे। घर वापस लौटने के दौरान बरवाडीह के पास पीछे से आ रही अनियंत्रित ट्रक ने रौंद दिया जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई जिसके आलोक में पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया, जहां से



सदर अस्पताल में मृतक के परिजन

पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। थानाध्यक्ष राम इकबाल यादव ने बताया के घटना में शामिल ट्रक को जब्त कर लिया गया हैं। जब्त ट्रक के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## चार दिन में बने लगभग 4200 आयुष्मान कार्ड

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।/ नबिटा संवाददाता।** आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 26 मई से 30 में तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत विशेष शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। पंचायतों एवं गांव में तथा नगर पर्षद कार्यालय परिसर में विशेष शिविर लगाया गया है, जहां संबंधित कर्मी द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने का काम किया जा रहा है। अभियान को सफल बनाने में बीडीओ समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी लगे हुए हैं। मौके पर अधिकारियों ने बताया कि पिछले चार दिनों के दौरान लगभग 4200 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है।

# कैदियों की शारीरिक स्वच्छता और भोजन की गुणवत्ता पर दिया जोर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**■ जिला एवं सत्र न्यायाधीश राज कुमार ने मंडल कारा का किया निरीक्षण**

**औरंगाबाद।** मंडल कारा औरंगाबाद का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राज कुमार द्वारा गुरुवार को निरीक्षण किया गया। जेल के निरीक्षण में जिला जज द्वारा जेल में मौजूद बुनियादी व्यवस्था को देखा गया। उन्होंने बंदियों के प्रत्येक वार्ड में घूम कर उनसे मुखातिब हुए और उनकी समस्याओं को सुना और उनके निदान हेतु कारा प्रशासन को निर्देशित किया तथा कैदियों को विधिक सहायता सेवाओं तक पहुंच और जेल में स्थापित कानूनी सहायता क्लिनिक के कामकाज को भी देखा। जिला जज द्वारा कैदियों के कानूनी प्रतिनिधित्व तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश जेल प्रशासन को दिया गया तथा उन्हें प्रदान किये जा रहे आहार भोजन स्वच्छता आदि के संबंध में विशेष निरीक्षण करते हुए जेल प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिया गया। जिला जज द्वारा जेल निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल मौजूद रहें। सचिव द्वारा सभी कैदियों से उनके विधिक प्रतिनिधित्व के लिए अधिवक्ता के संबध में जानकारी प्राप्त किया गया। कारा अधीक्षक डॉ दीपक कुमार के साथ-साथ जेल निरीक्षण के समय कानूनी सहायता रक्षा प्रणाली के अधिवक्ता जिनमें युगेश किशोर पाण्डेय, मुकेश कुमार, अभिनन्दन कुमार, रंधीर कुमार एवं चन्दन कुमार भी मौजूद रहे।

# पुलिस पर पथराव व बंधक बनाने के मामले में सात गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** माली थाना अंतर्गत चरण गांव में अवैध शराब की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर हुए हमले एवं बंधक बनाए जाने के मामले में औरंगाबाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुरूवार को सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के तहत की गई। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार 25 मई को पुलिस उप निरीक्षक सुमित चंद्र निजी कार्य से चरण बाजार गए थे। उसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि गांव के धनंजय सोनी के द्वारा अवैध शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना की पुष्टि व कार्रवाई हेतु वे स्थानीय चौकीदार के साथ गांव पहुंचे। पुलिस को देखते ही एक व्यक्ति शराब का थैला लेकर भागने लगा, जिसे दौड़ाकर पकड़ा गया। उसने अपना नाम धनंजय सोनी, पिता शिव सेठ, ग्राम चरण बताया। इसी दौरान गिरफ्तारी का विरोध करते हुए स्थानीय लोग जुट गए और पुलिस टीम पर ईंट-पत्थर चलाने लगे। हंगामे में आरोपित को छुड़ाकर पुलिस पदाधिकारी और चौकीदार को बंधक बना लिया गया। बाद में माली थाना की टीम और डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को सुरक्षित मुक्त कराया। घटना को लेकर माली थाना में कांड संख्या 114/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद ने सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल का गठन किया और आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश दिया। एसआईटी द्वारा की गई छापेमारी में ग्राम चरण निवासी सात आरोपित जितेन्द्र सोनी, भरत साह, कुंडल सेठ, जामु सेठ, रामप्रवेश सेठ, रविशंकर प्रसाद और मन्ना कुमार को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। सभी ने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अन्य फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। पुलिस ने बताया कि जल्द ही सभी आरोपितों को पकड़ा जाएगा।

### ग्रामीणों ने पुलिस पर लगाया पिटाई का आरोप

घटना के संदर्भ में स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस पर पिटाई का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि घटना के चार दिन बाद पुलिस ने गांव में घुसकर 30 से ज्यादा घरों के दरवाजे तोड़े। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि रात 11:30 बजे से सुबह 3 बजे तक पुलिस ने महिलाओं, बुजुर्गों और युवकों को बेरहमी से पीटा, जिसमें दर्जनों महिलाएं घायल हुईं। इनमें रामजी सोनी, धनंजय सोनी, चांदनी कुमारी, बेबी देवी, रानी कुमारी, सोनी देवी, नैना कुमारी, राधा कुमारी, पारो देवी, शारदा कुमारी और कलावती देवी शामिल हैं। रामजी, धनंजय और सुनीता का इलाज सदर अस्पताल में हुआ बाकी का इलाज स्थानीय अस्पताल में कराया गया। गुरुवार सुबह नबीनगर विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह गांव पहुंचे और पीड़ितों से मिले। उन्होंने कहा कि पुलिस ने आतंकियों जैसा व्यवहार किया। दोषी पुलिसकर्मियों को तुरंत निलंबित करने की मांग की। कहा कि जब तक कार्रवाई नहीं होती, चरण बाजार की सभी दुकानें बंद रहेंगी। ग्रामीण सुबोध गुप्ता, राजू कुमार और विंध्याचल कुमार ने बताया कि शराब हमले के मामले में जिन लोगों को अभियुक्त बनाया गया है, वे शामिल नहीं हैं। बुधवार रात जिन आठ लोगों को पकड़ा गया, उनमें एक भी नामजद अभियुक्त नहीं है।

# तीन शराब तस्कर गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र के कासमा थाना क्षेत्र के बांकेपुर गांव के पास तीन शराब तस्कर को 40 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक मोटरसाइकिल एवं एक साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है, जिनकी पहचान भालवंडी निवासी विरांची दास, खीरहरी निवासी अरविंद कुमार एवं धरहरा निवासी आकाश कुमार के रूप में की गई। थाना अध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि गश्ती के दौरान 40 ली महुआ शराब के साथ तीन तस्करों को एक बाइक और एक साइकिल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# नियोजन मेला में 316 अभ्यर्थियों का चयन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** गुरुवार को जिला स्तरीय नियोजन- सह- व्यवसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 23 प्रतिष्ठित नियोजकों ने भाग लिया। मेले में आरसेटी, डीआरसीसी, आई.टी.आई. अप्रेंटिसशिप, श्रम विभाग समेत अन्य संस्थाओं ने अपने- अपने स्टॉल लगाकर लगभग 900 प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। इस मेले में नियोजकों द्वारा कुल 648 बायोडाटा एकत्र किए गए, जिनमें से 316 अभ्यर्थियों को मौके पर ही शॉर्टलिस्ट कर चयनित किया गया। आयोजन स्थल पर लगभग 1000 अभ्यर्थियों की उपस्थिति रही, जिससे मेले की सफलता स्पष्ट झलकती दिखी। कार्यक्रम का शुभारंभ काराकाट सांसद राजाराम सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष दाउदनगर अंजली कुमारी एवं प्रखंड विकास



पदाधिकारी मो. जफर ईमाम द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर डी.एस.एम. राकेश कुमार, सुधा रंजन तथा सभी प्रमुख केवाईपी को-ऑर्डिनेटर उपस्थित रहे। कुशल युवा कार्यक्रम से जुड़े लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला नियोजन पदाधिकारी दिनेश तिवारी द्वारा किया गया।

# पेड़ से गिरकर मजदूर की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** जामुन के पेड़ से गिरकर एक मजदूर की मौत का मामला सामने आया है। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के सीतारामपुर गांव की है। मृतक की पहचान 47 वर्षीय पांडू भुइयां के रुप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक की पत्नी मुनिया देवी ने बताया कि घोरहट गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा बाइक से उसके पति को ले गए थे, लेकिन करीब दो बजे दोपहर घायल अवस्था में पति को घर पर लाया गया। इसके बाद उनकी मौत हो गई। इस घटना से परिजनों में शोक व्याप्त है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि एक मजदूर के मौत का मामला सामने आया है। घटना की जांच पड़ताल कर मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

# शारीरिक स्वच्छता को लेकर किशोरियों को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार तथा जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देशानुसार गुरुवार को जिले के सभी प्रखंडों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य किशोरियों एवं महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी विनीता कुमारी ने बताया कि मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना एक स्वस्थ एवं सुरक्षित समाज के निर्माण की दिशा में अहम कदम है। उन्होंने बालिकाओं से आह्वान किया कि वे इस विषय में न केवल स्वयं जागरूक रहें, बल्कि अपने आसपास की महिलाओं को भी इसकी जानकारी दें। साथ ही किसी भी प्रकार की समस्या होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से तुरंत संपर्क करने की सलाह दी गई। इसी क्रम में बाल विकास परियोजना, दाउदनगर के अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीडीपीओ. ने कहा कि माहवारी के दौरान लड़कियों को साफ-सफाई, संतुलित एवं पोषणयुक्त आहार पर विशेष ध्यान देना चाहिए ताकि वे स्वस्थ रहें। कार्यक्रम में उपस्थित जिला परियोजना प्रबंधक ब्रजेश सिंह एवं जेंडर स्पेशलिस्ट चंदन कुमार ठाकुर ने जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन की गतिविधियों तथा महिलाओं को सशक्त बनाने वाली विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। यह आयोजन माहवारी जैसे संवेदनशील विषय पर समाज में संवाद स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास रहा, जिससे किशोरियों एवं महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहेंगी।

# पानी की निकासी को लेकर अधिकारियों ने किया स्थल निरीक्षण, निकला समाधान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित गौतम बुद्ध टाउन हॉल से सटे क्षेत्र में नाली से पानी की निकासी को लेकर उत्पन्न विवाद का समाधान अब निकट नजर आ रहा है। शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद यूनिस सलीम, अंचल अधिकारी हरियाणा पाठक और प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी विकास कुमार ने संयुक्त रूप से स्थल का निरीक्षण किया और मौजूद अधिकारियों व पंचायत प्रतिनिधियों के साथ सहमति बनाते हुए पानी निकासी की दिशा में ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि ओबरा पंचायत के वार्ड संख्या 11 में मुखिया सीमा अग्रवाल द्वारा षष्ठम वित्त आयोग के तहत करीब 700 फीट लंबी नाली



का निर्माण कार्य एक माह पूर्व कराया गया था। लेकिन निर्माण के बाद उद्यान विभाग की ओर से नाली से पानी की निकासी पर आपत्ति जताते हुए रोक लगा दी गई थी, जिससे मोहल्लावासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मोहल्ले की महिलाओं ने इस समस्या को लेकर पंचायत मुखिया प्रतिनिधि गोविंद अग्रवाल से शिकायत की थी। उन्होंने स्थिति की जानकारी प्रखंड स्तर के अधिकारियों को दी, जिसके बाद बीडीओ, सीओ और पंचायत पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान गोविंद अग्रवाल ने अधिकारियों को बताया कि मोहल्ले के लोगों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए काफी लागत से यह नाली बनाई गई है। लेकिन पानी की निकासी नहीं हो पाने के कारण इसका लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों ने निर्णय लिया कि पानी की निकासी हर हाल में सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि तत्काल प्रभाव से उस स्थान पर सोखता (सोकपिट) का निर्माण कराया जाए, ताकि फिलहाल पानी के जमाव की समस्या से राहत मिल सके। साथ ही उद्यान विभाग से समन्वय स्थापित कर स्थायी समाधान की दिशा में कार्य करने को कहा गया। बीडीओ मोहम्मद यूनिस सलीम ने कहा कि आम लोगों की सुविधा के लिए बनी नाली से पानी की निकासी रोकना उचित नहीं है। शीघ्र ही उद्यान विभाग से सहमति लेकर रास्ता साफ किया जाएगा। वहीं पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया कि सोख्ता निर्माण कार्य को प्राथमिकता पर पूरा कराएं। इस मौके पर मोहल्ले के कई निवासी भी उपस्थित रहे। सभी ने अधिकारियों के त्वरित हस्तक्षेप और समाधान की दिशा में उठाए गए कदमों के लिए संतोष जताया। मुखिया प्रतिनिधि गोविंद अग्रवाल ने बताया कि पदाधिकारियों के निर्देशानुसार जल्द ही पानी निकासी की व्यवस्था कराई जाएगी, ताकि मोहल्लावासियों को राहत मिल सके।

# दुष्कर्म मामले में अभियुक्त दोषी करार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विद्यालय से लौट रही एक नाबालिग छात्रा के साथ जबरन दुष्कर्म मामले में एक अभियुक्त को दोषी करार दिया गया है। इस संबंध में व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के स्पेशल पॉक्सो जज लक्ष्मीकांत मिश्रा ने नबीनगर थाना के एक कांड में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एक मात्र काराधीन अभियुक्त को पॉक्सो एक्ट में दोषी ठहराया है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि अभियुक्त कुटुंबा थाना क्षेत्र के अनुकुपा निवासी योगेन्द्र पासवान है। इसके खिलाफ सजा के बिंदु पर सुनवाई की तिथि आज शुक्रवार को निर्धारित किया गया है। अभियोजन की ओर से 09 गवाही हुई थी, इस केस के आईओ पिंकी कुमारी एवं कामिनी कुमारी थी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि नाबालिग लड़की अपने विद्यालय के वार्षिकोत्सव में गई थी। कार्यक्रम के बाद अकेले घर लौटने के दौरान अज्ञात व्यक्ति ने जबरदस्ती बाइक पर बैठा कर टंडवा के रास्ते हरिहरगंज ले जाकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया।

# छापेमारी में तीन गिरफ्तार, अपहृत किशोरी रांची से बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** थाना क्षेत्र में चलाए गए विशेष समकालीन अभियान के तहत ओबरा पुलिस ने विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं अपहरण के एक मामले में लापता किशोरी को रांची से सकुशल बरामद कर लिया गया है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि तेजपुरा लख के समीप सड़क किनारे स्थित एक मरई से छापेमारी कर 17 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की गई। मौके से हसपुरा थाना क्षेत्र के डुमरा निवासी विजय नट और मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के राजोई वीजोई निवासी संजय नट को शराब बेचते हुए रंगेहाथ पकड़ा गया। दोनों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय भेजा गया है। वहीं थाना क्षेत्र के नवनेर स्थित सोन दियारा से शराब के एक पुराने मामले में फरार चल रहे नवनेर निवासी बबन चौधरी को भी गिरफ्तार किया गया है। वह लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप है। इसके अलावा अपहरण के एक मामले में ओबरा थाना क्षेत्र निवासी एक किशोरी को रांची से सकुशल बरामद किया गया है। बाल कल्याण विभाग, रांची के सहयोग से हुई इस बरामदगी के बाद किशोरी को बयान हेतु न्यायालय भेजा गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।


बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

BAYC Institute स्थापित 1972

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine | DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th; अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE: MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine | BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science — अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2; अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE: MD (Acu Yoga) | MD (TM) | MD (EH) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट; अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE: MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त, अध्यक्ष



डा. अजय प्रकाश, सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)

सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)

पिन - 824101

मो.-9431223574,9572550076

व्हाटसप नं.-7295863300

ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com

Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय

31, कॉपरेटिव कॉलोनी.

बोकारो स्टील सिटी, बोकारो

मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि

मो.- 09818366269



ग्रामीण कार्य विभाग

बिहार सरकार

कार्य प्रमंडल, समस्तीपुर

की ओर से आप सभी को हिंदी पत्रकारिता दिवस की अनंत बधाई एवं शुभकामनाएं

अपील

आम नागरिकों से अनुरोध है कि ग्रामीण कार्य विभाग की सड़कों के दोनों किनारे पर कूड़ा-कर्कट या मिट्टी डालकर फ्लैंक ऊंचा न करें अन्यथा विभाग को कार्रवाई के लिए बाध्य होना पड़ेगा। सड़कों के रख-रखाव में नागरिकों से सहयोग आवश्यक है। कृप्या यह ध्यान रखें कि नालियों तथा चापाकल का अनावश्यक पानी सड़कों पर नहीं बहे।

ई0 अविनाश कुमार

कार्यपालक अभियंता


# संजय कुमार शर्मा किए गए सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** रफीगंज के भारतीय जीवन बीमा निगम के शाखा कार्यालय में पटना के वरीय मंडल प्रबंधक-1 राजेश आनंद ने सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होने उपस्थित अभिकर्ताओं को कहा कि सरकार का संदेश है हर घर बीमा कराना। पूरे पटना मंडल में 20, 000 अभिकर्ताओ मे बीमा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर 'पाटलिपुत्र विशिष्ट गौरव सम्मान से संजय कुमार शर्मा को परिवार जनों के साथ सम्मानित किया गया। बता दें कि संजय शर्मा बीते 15 वर्षो से लगातार एमडीआरटी हासिल कर रहे है। मौके पर श्री शर्मा ने कहा कि मेहनत करने पर सफलता अवश्य मिलती है।